■ कांग्रेस नेता राहुल बोले-जुबिन गर्ग की तरह कांग्रेस भी लोगों को एकजुट करने का काम करती है - 12

■ मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव - 12

■ ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई, अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार - 13

■ शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से लखनऊ जीता - 14

आज का मौसम
33.0° अधिकतम तापमान
21.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 05.55
सूर्यास्त 06.28

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

अमृत विचार

| कानपुर |

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
■ लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर
■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष चतुर्थी 02:10 उपरांत पंचमी विक्रम संवत 2083

सोमवार, 6 अप्रैल 2026, वर्ष 4, अंक 225, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 5 रुपये

गजनवी काल का माफिया था सालार मसूद महाराज सुहेलदेव ने जहन्नुम भेजा : योगी

साफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना, बोले- आज जो माफिया मिट्टी में मिले इन जैसा था मसूद

- मुख्यमंत्री ने बीएनए में स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह की शुरुआत, राष्ट्र नायकों पर नाटक बनाने का आह्वान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को साफ्ट कार्नर रखने वाले विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि गजनवी काल का सालार मसूद भी मिट्टी में मिले माफिया का रूप था। इसने न सिर्फ सोमनाथ मंदिर, बल्कि राम जन्मभूमि को पहली बार क्षतिग्रस्त किया। महाराजा सुहेलदेव ने उसे वह मौत मारा, जिसे इस्लाम में सबसे खराब मौत मानी जाती है। योगी ने चेतावनी दी कि जब तक अत्याचारी के साथ ऐसा व्यवहार नहीं करेंगे, तब तक वह भारत की संस्कृति पर प्रहार करता रहेगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी (बीएनए) में 12 अप्रैल तक आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह का उद्घाटन करने के बाद बोल रहे थे। उन्होंने एक हजार वर्ष पहले महाराज सुहेलदेव के शौर्य व पराक्रम का जिक्र करते हुए कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जिस निर्ममता से मारा, उस कारण 150 वर्ष तक भारत पर किसी विदेशी आक्रांता ने हमला करने का दुस्साहस नहीं किया, लेकिन भारतीय समाज ने उन्हें भुला दिया। योगी ने गुलामी की दासता पर चिंता जताई और कहा कि जिस स्थान पर महाराज ने मसूद को मारा, वहां सालार मसूद का मेला लगता था। लेकिन महाराज सुहेलदेव का स्मरण कोई नहीं करता था। जब मैं गोरखपुर का सांसद था तो बहराइच में उनके विजयोत्सव कार्यक्रम में आया। प्रशासन ने मुझे रोकने का प्रयास किया, फिर भी मैं गया था। जिस सालार मसूद ने हमें रौंदने का कार्य किया, पहले उसके मेले में बड़ी संख्या में लोग जाते थे। लेकिन अब भीड़ सालार मसूद की तरफ नहीं झांकती, बल्कि मेरी सरकार में बनाए गए महाराज सुहेलदेव के स्मारक पर जाती है। योगी ने कहा कि महाराज सुहेलदेव ने सालार मसूद को जहन्नुम में भेजने की गारंटी दी थी। उन्होंने चिंता जताई कि अवधी-भोजपुरी में थोड़ा-बहुत छोड़ दें तो महाराज सुहेलदेव के नाम पर कोई गीत, संगीत व नाट्य प्रस्तुति नहीं होती।

लखनऊ : भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित स्वर्ण जयंती नाट्य समारोह के उद्घाटन अवसर पर बोलते मुख्यमंत्री योगी।

राष्ट्र नायकों के योगदान पर बनाएं लघु नाट्य

मुख्यमंत्री ने राष्ट्र नायकों के योगदान को रेखांकित करते हुए महाराज सुहेलदेव, रानी लक्ष्मीबाई, चंद्रशेखर आजाद और रामप्रसाद बिस्मिल जैसे वीरों पर लघु नाटक तैयार करने की अपील की। योगी ने कहा कि रंगमंच समाज का दर्पण है और अभिनय जनचेतना बनकर समाज को नई दिशा देता है। नई और पुरानी पीढ़ी को साथ लेकर सांस्कृतिक गतिविधियों को आगे बढ़ाने पर जोर देते हुए उन्होंने अकादमी के लिए छात्रावास निर्माण सहित अन्य प्रस्तावों को आगे बढ़ाने का आश्वासन दिया।

कभी पेशेवर गुंडों को नायक बनाने वालों का था कब्जा

मुख्यमंत्री ने कहा कि एक समय हमारे संस्थानों पर ऐसे लोगों का कब्जा था, जो पेशेवर गुंडों और माफिया को नायक के रूप में प्रस्तुत करते थे, जबकि वास्तविक नायकों को नजरअंदाज किया जाता था। उन्होंने भारतेंदु नाट्य अकादमी से वंदे मातरम के 150 वर्ष पूरे होने पर हर जिले में प्रभावी प्रस्तुति आयोजित करने की अपील की।

24 से दिनकर की कृतियों पर त्रिदिवसीय आयोजन

मुख्यमंत्री ने बताया कि राष्ट्रकवि रामधारी सिंह दिनकर की कृतियों पर आधारित त्रिदिवसीय कार्यक्रम 24 अप्रैल से लखनऊ में आयोजित होगा। उन्होंने अटल बिहारी वाजपेयी की साहित्यिक कृतियों पर भी रंगमंचीय प्रस्तुतियों की आवश्यकता जताई।

ईरानी क्षेत्र में जीवन-मरण मिशन में अमेरिका ने अपने पायलट को बचाया

- होर्मुज खेलने का अल्टीमेट आज होगा समाप्त, ट्रंप बोले- नहीं खोला तो नरक बना देंगे

न्यूयॉर्क, एजेंसी

अमेरिका ने अपने उस पायलट को दो दिन तक चले ''जीवन-मरण'' वाले मिशन में सुरक्षित बचा लिया, जो तेहरान के हमले में अपने लड़ाकू विमान को निशाना बनाये जाने के बाद लापता हो गया था। अमेरिकी सेना ने इस अभियान को ईरान में घुसकर अंजाम दिया। ईरान द्वारा विमान को मार गिराए जाने के बाद अमेरिकी वायुसेना का अधिकारी दुश्मन से बचने के लिए पहाड़ों की एक दरार में छिप गया और 7,000 फुट की ऊंचाई तक चढ़ाई की। दो दिन तक चले इस मिशन में अमेरिकी सेना उसे सुरक्षित ले आई।

ट्रंप ने 'ट्रुथ सोशल' पर अपने पोस्ट में, बचाए गए अधिकारी को एक अत्यंत सम्मानित कर्नल बताया। उन्होंने कहा, हमने ईरान के पहाड़ों के बीच से, गंभीर रूप से घायल और अत्यंत साहसी एफ-15 चालक दल के सदस्य/अधिकारी को बचा लिया है। व्हाइट हाउस ने भी अपने सोशल मीडिया हैंडल पर घोषणा की, हम किसी भी अमेरिकी सैनिक को कभी संकट में नहीं छोड़ेंगे। विमान के चालक दल के दो सदस्य बाहर निकलने में सफल रहे थे। इनमें से एक पायलट को तुरंत बचा लिया गया था, जबकि दूसरे पायलट की तलाश में अमेरिका ने ईरान में उतरकर दिन-रात एक कर दिया।

अमेरिकी राष्ट्रपति ने कहा है कि अगर अवरुद्ध होर्मुज को नहीं खोला गया, तो ईरान के ऊर्जा संयंत्रों और पुलों पर हमले किए जाएंगे। संयुक्त अरब अमीरात के एक पेट्रो-रसायन संयंत्र में रविवार को हुए हमले के बाद आग लग गई।

वहीं, होर्मुज खोलने के लिए ईरान को 48 घंटे का अल्टीमेटम देने के कुछ ही घंटों बाद अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप ने रविवार को फिर दावा किया कि तेहरान में एक भीषण हमले में ईरान के कई शीर्ष सैन्य अधिकारियों को खत्म कर दिया गया है।

यह इतिहास का सबसे साहसिक रेस्क्यू ऑपरेशन : ट्रंप

शनिवार देर रात 'ट्रुथ सोशल' पर ट्रंप ने घोषणा की कि अमेरिकी सेना ने अमेरिकी इतिहास के सर्वाधिक साहसिक खोज और बचाव अभियानों में से एक को सफलतापूर्वक अंजाम दिया है। उन्होंने कहा, यह बहादुर योद्धा ईरान के खतरनाक पहाड़ों में दुश्मन की सीमा में था, जहां हमारे दुश्मन उसकी तलाश कर रहे थे तथा हर गुजरते पल के साथ वे उसके और करीब आते जा रहे थे।

कुवैत में वित्त मंत्रालय व तेल रिफाइनरी पर ड्रोन हमले

दोहा। कुवैत में रविवार को वित्त मंत्रालय पर ड्रोन से हमला किया गया जिससे इमारत को काफी नुकसान पहुंचा है जबकि शुवैख जिले में एक तेल रिफाइनरी में आग लग गई। हमले में मंत्रालय की इमारत को हुए भारी नुकसान के बाद कर्मचारियों को घर से काम करने का निर्देश दिया गया है। इससे पहले, बुधवार को कुवैत अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को निशाना बनाया था।

ब्रीफ न्यूज

एअर इंडिया ने इजराइल के लिए 31 मई तक उड़ानें निलंबित कीं

यरूशलम। पश्चिम एशिया में जारी युद्ध के बीच एअर इंडिया ने इजराइल के लिए अपनी उड़ानें 31 मई तक निलंबित कर दी हैं। एअर इंडिया के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। तेल अवीव मार्ग पर अधिकतर प्रमुख विमानन कंपनियों ने अपनी सेवाएं निलंबित कर दी हैं और केवल इजराइली विमानन कंपनियां जैसे एल अल, इस्रायर, अर्किया और एअर हैफा कड़ी पाबंदियों के बीच परिचालन कर रही हैं। उड़ानों का निलंबित होना वहां रह रहे 40,000 भारतीयों के लिए चिंता का विषय है, जो निजी या पेशेगत कारणों से क्षेत्र में बढ़ते तनाव के कारण निकलना चाहते हैं।

ईंधन संकट के बीच नेपाल ने सप्ताह में दो दिन अवकाश की घोषणा

काठमांडू। ईंधन आपूर्ति संकट के मद्देनजर नेपाल ने सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए सप्ताह में दो दिन अवकाश की रविवार को घोषणा की। मंत्रिपरिषद ने रविवार को सिंहदरबार सचिवालय में हुई बैठक में शनिवार और रविवार को साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया। सरकार के प्रवक्ता सस्मित पोखरेल ने मंत्रिमंडल की बैठक के बाद कहा, मंत्रिमंडल ने सोमवार यानी छह अप्रैल से सभी सरकारी कार्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों के लिए शनिवार और रविवार यानी दो दिन साप्ताहिक अवकाश देने का फैसला किया है।

न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाना तृणमूल का महाजंगलराज

कोलकाता, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मालदा में भीड़ द्वारा न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाए जाने की घटना को लेकर रविवार को तृणमूल कांग्रेस पर तीखा निशाना साधा और इसे सत्ताधारी पार्टी की सरकार के महाजंगलराज का उदाहरण बताया। मोदी ने आरोप लगाया कि राज्य की सत्ताधारी पार्टी तृणमूल कांग्रेस बंगाल में कानून-व्यवस्था का जनाजा निकालने पर तुली हुई है। यहां घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन है।

मोदी ने पिछले महीने चुनाव की घोषणा के बाद कूचबिहार जिले में अपनी पहली चुनावी रैली को संबोधित करते हुए कहा कि पूरे देश ने देखा है कि मालदा में न्यायिक अधिकारियों को कैसे बंधक बनाया गया था और सवाल किया कि यह किस तरह की सरकार है जो न्यायिक अधिकारियों की सुरक्षा और संवैधानिक प्रक्रियाओं को सुनिश्चित नहीं कर सकती। उन्होंने कहा, हम ऐसी सरकार से बंगाल की जनता की सुरक्षा की उम्मीद नहीं कर सकते। मोदी ने कहा, जब न्यायिक अधिकारी ही सुरक्षित नहीं हैं तो आप तृणमूल शासन में आम लोगों की सुरक्षा की उम्मीद कैसे कर सकते हैं? मालदा में जो हुआ वह तृणमूल के महाजंगलराज का एक उदाहरण है। ममता बनर्जी सरकार पर तीखा प्रहार करते हुए मोदी ने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार किसी भी संवैधानिक संस्था को महत्व नहीं देती। प्रधानमंत्री ने कहा, क्रूर तृणमूल कांग्रेस प्रशासन के तहत बंगाल की पवित्र भूमि पर लोकतंत्र प्रतिदिन रक्तपात का शिकार हो रहा है। मोदी ने कहा कि यहां स्थिति इतनी खराब है कि उच्चतम न्यायालय को हस्तक्षेप करना पड़ा। उन्होंने आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली हुई है।

- प्रधानमंत्री मोदी बोले- बंगाल में टीएमसी कानून-व्यवस्था की हत्या करने पर तुली
- कहा- घुसपैठियों को सीधा टीएमसी का समर्थन

बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाला

भाजपा ने मालदा की घटना को लेकर पश्चिम बंगाल में सत्तारूढ़ दल पर अपना हमला तेज किया और आरोप लगाया कि तृणमूल कांग्रेस सरकार ने तुष्टीकरण की राजनीति और घुसपैठ के माध्यम से बंगाल के भविष्य और उसकी अस्मिता को खतरे में डाल दिया है। उन्होंने आरोप लगाया, तृणमूल कांग्रेस शासन के तहत, बंगाल के सीमावर्ती क्षेत्रों में खतरनाक जनसांख्यिकीय परिवर्तन हुआ है। इन घुसपैठियों को तृणमूल कांग्रेस के सिंडिकेट से सीधा संरक्षण मिलता है, जिससे राज्य के लोगों का जीवन खतरे में पड़ जाता है।

मौत की रफ्तार..बेकाबू कार टैंकर में घुसी, 5 की गई जान

कार्यालय संवाददाता, बरेली

अमृत विचार : दिल्ली-बरेली राष्ट्रीय राजमार्ग पर रविवार शाम बाइक को टक्कर मारते हुए बेकाबू कार सड़क किनारे खड़े एक टैंकर से टकरा गई। भीषण हादसे में 5 लोगों की मौत हो गई, जबकि दो बच्चों सहित तीन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। थाना सीबीगंज क्षेत्र में परधौली गांव के पास हुए एक्सीडेंट की वजह ओवरस्पीड और गलत ओवरटेक और हाईवे किनारे खड़ा टैंकर माना जा रहा है। मृतकों में दो बरेली और दो पीलीभीत के रहने वाले थे, जबकि एक की पहचान के प्रयास जारी हैं। घायलों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

पुलिस के अनुसार, गोरखपुर नंबर UP53EN/6693 बोलेरो कार लखनऊ की तरफ से आ रही थी और प्रिंस नामक शख्स चला रहा था। शाम 4 बजे के करीब बड़ा बाईपास पर तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर शनिवार रात से सड़क किनारे खड़े सीरे से लदे टैंकर में पीछे से घुस गई। इस दौरान कार ने एक बाइक को भी चपेट में ले लिया। हादसा होते ही मौके पर चीख-पुकार मच गई। राहगीरों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। कार व बाइक सवारों को स्थानीय लोगों की मदद से बाहर निकाला। हादसा इतना भयानक था कि कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। उसमें फंसे लोगों को बॉडी काटकर बाहर निकाला जा सका। कार सवार ड्राइवर प्रिंस व दो बच्चों को पुलिस ने शहर में मिनी बाईपास स्थित एक प्राइवेट अस्पताल में भर्ती कराया है। तीनों की हालत नाजुक बताई गई है। हादसे का पता होते ही एसपी सिटी मानुष पारिक, एसडीएम प्रमोद मौके पर पहुंचे और हादसे की जानकारी जुटाई। एसपी सिटी ने बताया कि खराबी की वजह से टैंकर रोड किनारे खड़ा था। अचानक उससे टकरा गई।

बरेली में दिल्ली हाईवे पर ओवरटेकिंग के दौरान हादसा

हादसे के बाद क्षतिग्रस्त वाहन।

- बाइक सवार भी हुए हादसे शिकार कार में बैठे 2 बच्चों समेत 3 घायल थाना सीबीगंज क्षेत्र में परधौली गांव के पास हुई अनहोनी
- हाईवे किनारे खड़ा था टैंकर, बाइक को टक्कर मार टैंकर में घुसी थी कार मृतकों में तीन कार यात्री और दो बाइक सवार शामिल, इनमें 4 लोग बरेली के

इन लोगों की गंवाई जान

कार सवार मनमोहन सिंह निवासी नगरिया विक्रम थाना फरीदपुर, बरेली, सिकंदर निवासी कल्याणपुर चकतीर्थ, पीलीभीत और एक अज्ञात की मौके पर ही जान चली गई। बाइक सवार ग्राम अटाकायस्थान थाना सीबीगंज निवासी साहबजाद खान और मुमताज ने भी दम तोड़ दिया।

आतंकी गतिविधियों के शक में कुशीनगर से एक व्यक्ति को दिल्ली पुलिस ने उठाया

कुशीनगर। दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा ने आतंकी गतिविधियों में संलिप्तता के संदेह में उत्तर प्रदेश के कुशीनगर से एक युवक को हिरासत में लिया है और उसे ट्रांजिट रिमांड पर दिल्ली ले जाया गया। उप्र पुलिस के अनुसार, दिल्ली पुलिस की विशेष शाखा में दर्ज एक मामले की जांच के दौरान पडरौना के छावनी क्षेत्र के राइन मोहल्ला निवासी रिजवान अहमद की भूमिका सामने आई। इस आधार पर विशेष शाखा के निरीक्षक निशांत दहिया के नेतृत्व में 10 सदस्यीय टीम शनिवार देर शाम पडरौना पहुंची और स्थानीय कोतवाली पुलिस के सहयोग से रिजवान अहमद को हिरासत में लिया।

इजराइल में यूपी के सुरक्षित हैं 6000 श्रमिक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- योगी सरकार ने लगातार संपर्क बनाए रखने का किया दावा

अमृत विचार: इजराइल में जारी तनावपूर्ण हालात के बीच उत्तर प्रदेश के छह हजार से अधिक श्रमिक पूरी तरह सुरक्षित हैं। योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर राज्य सरकार उनकी स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और भारतीय दूतावास के माध्यम से नियमित अपडेट ले रही है।

प्रमुख सचिव श्रम एवं सेवायोजन डॉ. शन्मुगा सुंदरम इजराइल में भारत के राजदूत जेपी सिंह से लगातार संपर्क में हैं। दूतावास की ओर से स्पष्ट किया गया है कि सभी भारतीय श्रमिक, विशेषकर यूपी के कामगार, पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी बड़े खतरे या आपात स्थिति की सूचना नहीं है। हालात चुनौतीपूर्ण जरूर हैं, लेकिन नियंत्रण में हैं।

राजदूत के साथ हुई बातचीत में यह भी स्पष्ट किया गया है कि किसी भी श्रमिक की ओर से भारत लौटने का कोई विशेष दबाव या मांग सामने नहीं आई है। सभी श्रमिक स्थानीय सुरक्षा दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सामान्य जीवन जी रहे हैं। प्रदेश सरकार और भारतीय दूतावास के समन्वय से इजराइल में कार्यरत यूपी के श्रमिकों की स्थिति सामान्य बनी हुई है और हर संभावित परिस्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी रखी गई है।

मूडीज ने भारत की वृद्धि दर घटाकर 6% की

नई दिल्ली, एजेंसी

- पश्चिम एशिया संकट के बीच 2026-27 के लिए जारी किया नया अनुमान
- कहा- महंगाई का जोखिम बढ़ेगा आने में दिनों में परिवारों के लिए एलपीजी की कमी होगी



मूडीज रेटिंग्स ने चालू वित्त वर्ष 2026-27 के लिए भारत की आर्थिक वृद्धि दर के अनुमान को 6.8 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। रेटिंग एजेंसी ने कहा है कि पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण भारत की वृद्धि की रफ्तार घटेगी और इससे महंगाई का जोखिम भी बढ़ेगा।

भारत पर अपनी साख परिदृश्य रिपोर्ट में मूडीज ने कहा कि लंबे समय तक व्यवधान से आने में दिनों में परिवारों के लिए खासकर रसोई गैस की कमी हो जाएगी। इसके अलावा ईंधन और परिवहन की लागत बढ़ेगी। ऐसे में जबकि भारत उर्वरकों के लिए आयात पर निर्भर है इसका प्रभाव खाद्य मुद्रास्फीति तक फैलेगा। यह क्षेत्र भारत के कच्चे तेल के आयात का लगभग 55 प्रतिशत और एलपीजी का लगभग 90 प्रतिशत से ज्यादा पूरा करता है।

कहा, हालांकि महंगाई अभी नियंत्रण में है, लेकिन भूराजनीतिक जोखिमों ने मुद्रास्फीति के परिदृश्य को ऊपर की ओर कर दिया है। 2026-27 में औसत मुद्रास्फीति 2025-26 के 2.4 प्रतिशत से बढ़कर 4.8 प्रतिशत हो जाएगी। महंगाई का जोखिम फिर से बढ़ने और वृद्धि के मजबूत बने रहने के साथ 2026-27 में नीतिगत दर रेपो को या तो स्थिर रखा जाएगा।

औद्योगिकी गतिविधियों में रहेगी सुस्ती

रिपोर्ट में कहा गया, निजी उपभोग में कमी, औद्योगिकी गतिविधियों में सुस्ती, सकल निश्चित पूंजी सृजन में कमी, दाम बढ़ने तथा लागत बढ़ने से भारत की वृद्धि दर प्रभावित होगी। पिछले महीने आर्थिक सहयोग एवं विकास संगठन (ओईसीडी) ने अनुमान लगाया था कि भारत की जीडीपी वृद्धि दर 2025-26 के 7.6 प्रतिशत से घटकर 2026-27 में 6.1 प्रतिशत रह जाएगी।

सीजेआई बोले | जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है

न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अनिवार्य

हैदराबाद, एजेंसी

सीजेआई सूर्यकांत ने रविवार को कहा कि विभिन्न राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मानती हैं कि न्यायिक बुनियादी ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि एक अनिवार्य है। तेलंगाना उच्च न्यायालय जोन-2 का शिलान्यास करने के बाद सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब न्यायपालिका और कार्यपालिका उद्देश्य में एकजुट होती हैं, तो संविधान वास्तव में जीवंत हो उठता है।

उन्होंने कहा, देश भर में बना यह माहौल मुझे बहुत आत्मविश्वास देता है। पिछले कुछ महीनों में ही मुझे उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश, आंध्र प्रदेश, असम और अब तेलंगाना में न्यायिक परिसर के शिलान्यास का अवसर मिला है। उन्होंने कहा, सभी राजनीतिक दलों की राज्य सरकारें यह मान रही हैं कि न्यायिक ढांचे को मजबूत करना वैकल्पिक नहीं, बल्कि अत्यंत आवश्यक है। प्रस्तावित परियोजना के नक्शों और मॉडल को देखने के बाद प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि 100 एकड़ में बनने वाला नया उच्च न्यायालय परिसर देश के सर्वश्रेष्ठ परिसरों में से एक होगा। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री ए. रेवंत रेड्डी के साथ चर्चा के दौरान उन्हें आश्वासन दिया गया कि पूरे उच्च न्यायालय परिसर का निर्माण दो वर्षों के भीतर पूरा कर लिया जाएगा, जिसमें आवासीय और अन्य बुनियादी ढांचा शामिल है। उन्होंने इस प्रतिबद्धता के लिए राज्य सरकार को बधाई दी।

तेलंगाना में एक समारोह के दौरान प्रदर्शनी का अवलोकन करते सीजेआई सूर्यकांत।

सीजेआई ने फोटो प्रदर्शनी का किया अवलोकन

भारत के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने उच्च न्यायालय भवन के डिजाइन मॉडल को प्रदर्शित करने वाली एक फोटो प्रदर्शनी का अवलोकन किया। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के कई न्यायाधीश, वरिष्ठ अधिकारी और कानून जगत से जुड़ी हस्तियां मौजूद रहीं। इससे पहले स्वागत भाषण में तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अपरेश कुमार सिंह ने कहा कि जोन-II का विकास पूरी परियोजना में महत्वपूर्ण चरण है, जिसे न्यायपालिका की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए चरणों में लागू किया जा रहा है। इस अवसर पर उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश न्यायमूर्ति पी एस नरसिम्हा, न्यायमूर्ति उज्जल भुइयां, न्यायमूर्ति एस वी भट्टी, न्यायमूर्ति आलोक अराधे और तेलंगाना उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश अर्पेश कुमार सिंह ने भी सभा को संबोधित किया।

न्यूज ब्रीफ

इप्सेफ प्रतिनिधिमंडल को कैबिनेट सचिव से मिला आश्वासन

अमृत विचार, लखनऊ : इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र सरकार के कैबिनेट सचिव टीवी सोमनाथन से उनके कार्यालय में रविवार को मुलाकात की। इस दौरान प्रतिनिधिमंडल ने कर्मचारियों की लंबित समस्याओं पर विस्तार से चर्चा की और विभिन्न मांगों का ज्ञापन सौंपा। कैबिनेट सचिव ने कर्मचारियों की समस्याओं के समाधान का आश्वासन दिया। इप्सेफ के उप महासचिव अतुल मिश्र ने बताया कि बैठक में आठवें वेतन आयोग से संबंधित मुद्दों पर चर्चा हुई, जिसमें वेतनमान, भत्ते, पेंशन निर्धारण आदि शामिल हैं। बताया गया कि आयोग की संस्तुतियों के आधार पर सरकार जनवरी 2026 से इसे लागू कर सकती है, जिसका लाभ सेवानिवृत्त कर्मचारियों को भी मिलेगा। इसके अलावा रिक्त पदों पर पदोन्नति, नियमित नियुक्तियां, संविदा व आउटसोर्स कर्मचारियों के लिए नीति निर्माण तथा शिक्षकों के लिए टीईटी संबंधी प्रावधानों में राहत जैसे मुद्दों पर भी सहमति बनी।

सात करोड़ की हेरोइन पकड़ी, चार गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी एएनटीएफ की गोरखपुर और बाराबंकी की टीम ने दो दिन के अंदर लखनऊ और कुशीनगर में छापेमारी की। इस दौरान करीब सात करोड़ की हेरोइन बरामद की। टीम के हत्थे चार आरोपी चढ़े। आरोपियों के खिलाफ लखनऊ व कुशीनगर में रिपोर्ट दर्ज की गई। इसके बाद कोर्ट में पेश किया। जहां से जेल भेज दिया गया है। एएनटीएफ व स्थानीय पुलिस गिरोह के अन्य सदस्यों के बारे में जानकारी जुटा रही है। एएनटीएफ गोरखपुर की टीम द्वारा आलमबाग में पकड़े गए आरोपियों में बाजारखाला के फैसल हसन और फरहान हसन शामिल हैं। उनके पास से 1.230 किलोग्राम हेरोइन (करीब 2.46 करोड़) पकड़ी गई। वहीं बाराबंकी की एएनटीएफ यूनिट ने कुशीनगर में छापेमारी कर बिहार के पश्चिमी चंपारण के मझौलिया स्थित गुदरा निवासी विनोद साहनी और झारखंड के चतरा के गिद्धौर स्थित दांगी निवासी राहुल कुमार को गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से 2.505 किलोग्राम हेरोइन (करीब 5 करोड़) बरामद की गई।

नशीले पदार्थों का इनामी तस्कर गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : यूपी एसटीएफ ने अयोध्या के 50 हजार रुपये के इनामी नशीले पदार्थ के तस्कर को संभल के बबराला से गिरफ्तार किया। एसटीएफ ने यह कार्रवाई शनिवार देर शाम को की। आरोपी के खिलाफ अयोध्या के बीकापुर थाने में रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एसटीएफ के डिप्टी एसपी शैलेष प्रताप सिंह के मुताबिक, गिरफ्तार आरोपी अरुण मेरठ के मेडिकल थाना स्थित जागृति बिहार का रहने वाला है। वर्तमान में उसने संभल के बबराला स्थित अंबेडकर कालोनी में ठिकाना बना रखा था। 2023 में उड़ीसा से गांजे की खेप मंगाने के दौरान उसके दो साथी अयोध्या में पकड़े गए थे। जिसके बाद से वह फरार हो गया था।

मुगैसी के निधन पर मायावती ने जताया शोक

अमृत विचार, लखनऊ : बसपा प्रमुख मायावती ने मेरठ के अजराड़ा निवासी और मिल्ली काउंसिल के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना अब्दुल्ला मुगैसी के निधन पर गहरा दुख व्यक्त किया है। उन्होंने अपने शोक संदेश में कहा कि मुगैसी साहब देश के प्रमुख इस्लामी विद्वानों में से एक थे, जिनका मुस्लिम समाज में विशेष स्थान था। बसपा प्रमुख ने रविवार को सोशल मीडिया एक्स पर अपने शोक संदेश में ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को शांति और परिजनों को इस दुख को सहने की शक्ति प्रदान करें।

‘आनंद मठ’ की प्रस्तुति देख भावुक हुए योगी, कलाविदों को किया सम्मानित

भारतेंदु नाट्य अकादमी में जीर्णोद्धार कार्य का मुख्यमंत्री ने किया लोकार्पण

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में ‘आनंद मठ’ की नाट्य प्रस्तुति देखी और कलाकारों की सराहना की। इस अवसर पर उन्होंने अकादमी के संपूर्ण भवन व दोनों प्रेक्षागृहों के जीर्णोद्धार कार्य का लोकार्पण भी किया।

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने कलाविदों और अकादमी के पूर्व छात्रों को सम्मानित किया। साथ ही ‘रंगवेद’ पत्रिका का विमोचन किया और प्रदर्शनी का अवलोकन भी किया। कार्यक्रम की शुरुआत में अकादमी के अध्यक्ष डॉ. रतिशंकर त्रिपाठी ने मुख्यमंत्री का अंगवस्त्र व स्मृति चिह्न देकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री ने बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय के उपन्यास ‘आनंद मठ’ पर आधारित प्रस्तुति को सराहते हुए कहा कि इस तरह के नाट्य मंचन राष्ट्रभक्ति और सांस्कृतिक चेतना को मजबूत करते हैं। यह आयोजन न केवल कला और संस्कृति के संरक्षण का प्रतीक बना, बल्कि नई पीढ़ी को भारतीय सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का भी माध्यम साबित हुआ। इस दौरान पूर्व उपमुख्यमंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा, पर्यटन-संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, महापौर सुषमा खर्कवाल, विधायक योगेश शुक्ल, भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो. मांडवी सिंह समेत अनेक रंगकर्मी, पूर्व छात्र आदि मौजूद रहे।

इन हस्तियों को मिला सम्मान

किरण बिसारिया–लखीमपुर खीरी, रामगोपाल बजाज–नई दिल्ली, अनिल रस्तोगी–लखनऊ, प्रो. अजय मलकानी–रांची, रविशंकर खरे–गोरखपुर, चित्रा मोहन–प्रयागराज, मंजू ब्रजनंदन शर्मा–सहारनपुर, मुनीश सप्पल–मुंबई, डॉ. देवेंद्र कुमार त्रिपाठी–प्रयागराज, डॉ. अजीत सैगल–वाराणसी, राकेश निगम–लखनऊ, प्रमोद सिंह राणा–आगरा, आलोक पांडेय–शाहजहांपुर, कुशल दुबे–जौनपुर, राकेश पांडेय–भदोही।


लखनऊ : भारतेंदु नाट्य अकादमी में आयोजित कार्यक्रम में कलाविदों को सम्मानित करते मुख्यमंत्री योगी।

इनामी पशु तस्कर को दिल्ली से दबोचा

अमृत विचार, लखनऊः यूपी एसटीएफ ने 50 हजार के इनामी पशु तस्कर संतोष पासवान को उत्तर-पश्चिमी दिल्ली से शनिवार देर शाम को गिरफ्तार किया। आरोपी के खिलाफ चंदौली में पशु तस्करी व क्रूरता की रिपोर्ट दर्ज है। वह पिछले तीन वर्ष से फरार चल रहा था। एएसपी एसटीएफ राजकुमार मिश्रा के मुताबिक, संतोष दिल्ली के शालीमार बाग इलाके का रहने वाला है। शनिवार को संतोष की लोकेशन शालीमार बाग में मिली। इसके बाद टीम ने दिल्ली पुलिस से संपर्क किया गया। संयुक्त टीम ने शनिवार देर रात को आरोपी को दिल्ली पश्चिम से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में आरोपी ने बताया कि पशुओं को वाहन से बिहार के रास्ते पश्चिम बंगाल भेजा जाता था।

गुंडों-माफिया को पनपने नहीं देंगे : मुख्यमंत्री

गोरखपुर में विकास परियोजनाओं का योगी ने किया लोकार्पण-शिलान्यास, कानून व्यवस्था पर सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

- योगी बोले-‘नो दंगा-नो कर्फ्यू’ की स्थिति, अब यूपी बना सुरक्षित और निवेश के लिए अनुकूल

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दो टूक कहा कि प्रदेश में गुंडों और माफिया के लिए कोई जगह नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में दंगे, कर्फ्यू, अराजकता और लूट-खसोट के दिन अब समाप्त हो चुके हैं और आज यूपी सुरक्षित व विकासशील राज्य के रूप में आगे बढ़ रहा है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर में घंटाघर स्थित अमर बलिदानी बंधु सिंह पार्क में मल्टीलेवल पार्किंग कॉम्प्लेक्स और सौंदर्यीकरण कार्य के लोकार्पण तथा पांडेयहाता कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स के शिलान्यास कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि 2017 से पहले हर जिले में माफिया की समानांतर सरकार थी, लेकिन अब प्रदेश माफियामुक्त हो चुका है। आज यूपी उपद्रव नहीं, उत्सव का प्रदेश बन गया है। योगी ने कहा कि सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति जारी रहेगी और पुलिस को निर्देश है कि अपराधियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाए। उन्होंने कहा कि आज महिलाओं, व्यापारियों और आम नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित हुई है, जिससे प्रदेश में विश्वास और निवेश का माहौल बना है। सीएम ने कहा कि नौ वर्षों में प्रदेश की अर्थव्यवस्था तीन गुना बढ़ी है, जबकि कोई नया टैक्स नहीं लगाया गया। उन्होंने नगर निगम को निर्देश दिया कि व्यापारियों पर अतिरिक्त आर्थिक बोझ न डाला जाए। मुख्यमंत्री ने बताया कि सरकार ने चिलुआताल में फ्लोटिंग सोलर पॉवर प्लांट की स्थापना की मंजूरी दी है। यहां 20 मेगावाट बिजली पैदा होगी जिसका इस्तेमाल सोलर लाइट में किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब गोरखपुर सोलर सिटी के रूप में भी विकसित होगा।

नौ साल में नहीं लगाया कोई नया टैक्स : आमजन और व्यापारियों के हित पर सरकार के रूख का ध्यान आकर्षित करते हुए योगी ने कहा कि नौ साल में उनकी सरकार ने कोई भी नया टैक्स नहीं लगाया। इसके बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था को तीन गुना बढ़ाया गया है। उन्होंने नगर निगम को हिदायत दी कि कॉमर्शियल कॉम्प्लेक्स में व्यापारियों से अधिक किराया न लिया जाए।

खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन गाएंगे नहीं

मुख्यमंत्री ने राष्ट्रगीत और राष्ट्रगान का विरोध करने वाले लोगों पर निशाना साधते हुए कहा कि ये ऐसे लोग हैं जो खाएंगे हिंदुस्तान का लेकिन हिंदुस्तान का गाएंगे नहीं। उन्होंने कहा कि नया भारत इसे कतई स्वीकार नहीं करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि बिना भेदभाव सबको शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है तो राष्ट्र के प्रतीकों, राष्ट्रगीत, राष्ट्रगान, राष्ट्रीय ध्वज और बाबा साहब आंबेडकर के बनाए संविधान को सम्मान देना होगा।

गोरखपुर में आयोजित युवा संवाद कार्यक्रम में मंच पर उपस्थित मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में अन्य। अमृत विचार

नकारात्मक नैरेटिव का मुंहतोड़ जवाब दें युवा कार्यकर्ता

- मुख्यमंत्री का आह्वान : विकास और विरासत दोनों को आगे बढ़ाने की जिम्मेदारी युवाओं पर

अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुरः मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के युवा कार्यकर्ताओं से आह्वान किया कि विपक्ष द्वारा सोशल मीडिया पर चलाए जा रहे नकारात्मक नैरेटिव का तथ्यों और शब्दों की मर्यादा में रहकर मुंहतोड़ जवाब दें। उन्होंने कहा कि आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए विपक्ष मनगढ़ंत आरोपों के जरिए माहौल बनाने की कोशिश करेगा, ऐसे में बूथ स्तर तक कार्यकर्ताओं को सतर्क और सक्रिय रहना होगा।

मुख्यमंत्री योगी रविवार को गोरखपुर में आयोजित ‘युवा संवाद’ कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि युवा कार्यकर्ता डबल इंजन सरकार की उपलब्धियों को सोशल मीडिया और जनसंपर्क के माध्यम से लोगों तक पहुंचाएं। साथ ही सकारात्मक कंटेंट तैयार कर विकास कार्यों को प्रचारित करें। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं की जिम्मेदारी है कि वे हर बूथ पर मजबूत उपस्थिति बनाएं और विपक्ष के दुष्प्रचार का तथ्यात्मक जवाब दें।

सीएम योगी ने कहा कि भारत की युवा शक्ति सदैव सत्य और सनातन के साथ खड़ी रही है। उन्होंने श्रीराम, श्रीकृष्ण, महाराणा प्रताप, छत्रपति शिवाजी, स्वामी विवेकानंद और रानी लक्ष्मीबाई जैसे महान व्यक्तित्वों का उदाहरण देते हुए युवाओं को राष्ट्रहित में कार्य करने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में देश की बड़ी युवा आबादी है, जिसे सकारात्मक दिशा में जोड़ा जाए तो राज्य को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया जा सकता है।

मुख्यमंत्री ने 2017 से पहले की स्थिति का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय प्रदेश में दंगे, गुंडागर्दी और भय का माहौल था, जबकि आज कानून-व्यवस्था मजबूत हुई है और विकास का वातावरण बना है।

छह ब्लड बैंकों में मिली अनियमितताएं, लगी रोक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में छापेमारी

अमृत विचारः प्रदेश में संचालित ब्लड बैंकों में मानक की जांच जारी है। उक्त क्रम में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, उप्र. की टीम ने रविवार को कई जिलों में संचालित ब्लड बैंकों पर छापेमारी कर अनियमितताएं पकड़ी हैं। मरीजों को मानक विपरीत खून उपलब्ध कराने वाले 6 ब्लड बैंकों के संचालन पर तत्काल रोक लगा दी गई है।

अलीगढ़, मुरादाबाद, झांसी, बहराइच, कासगंज और शामली जिलों में कुल 18 चेरिटेबल ब्लड बैंकों की जांच की गई। जांच के दौरान कई गंभीर खामियां सामने आईं, जिनमें बिना टेस्ट के रक्त ट्रांसफर, एलाइसा जांच का अभाव, कोल्ड चेन में लापरवाही, तकनीकी स्टाफ की कमी और गंदगी जैसी स्थिति शामिल हैं।

खामियों को देखते हुए अलीगढ़ के तीन, बहराइच के दो और शामली के एक समेत कुल 6 ब्लड बैंकों पर तत्काल प्रभाव से खून की आपूर्ति पर रोक लगा दी गई है।

खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उप्र. आयुक्त डॉ.रोशन जैकब ने बताया कि 30 मार्च से चल रहे विशेष अभियान के तहत प्रदेशभर में 201 ब्लड बैंकों का निरीक्षण किया गया और आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

बिजली दरों पर अंतिम सुनवाई आज, कानपुर में तय होंगी नई दरें

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में बिजली की नई दरों को लेकर सोमवार को कानपुर में अंतिम सुनवाई होगी। उत्तर प्रदेश विद्युत नियामक आयोग द्वारा आयोजित इस सुनवाई के बाद वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए नई बिजली दरों का ऐलान किया जाएगा।

इस अहम सुनवाई में उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा उपभोक्ताओं की ओर से पक्ष रखेंगे। परिषद बिजली दरों में कमी की मांग के साथ-साथ स्मार्ट प्रीपेड मीटरों से हो रही दिक्कतों को प्रमुखता से उठाएगा। परिषद का दावा है कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं का करीब 51 हजार करोड़ रुपये अधिक है, जिसे आधार बनाकर दरों में कटौती की मांग की जाएगी। साथ ही स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को लेकर भी कड़ा विरोध दर्ज कराया जाएगा। परिषद का आरोप है कि बिना उपभोक्ता की सहमति के बड़े पैमाने पर मीटरों को प्रीपेड मोड में बदला गया है, जो उपभोक्ता अधिकारों के खिलाफ है। अवधेश वर्मा ने कहा कि यह कदम विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 47(5) का उल्लंघन है और इस संबंध में आयोग में अवमानना याचिका भी दाखिल की जाएगी।

बारिश-ओलों से गिरा तापमान प्रदेश में दो दिन तूफान का अलर्ट

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दो-तीन डिग्री तापमान लुढ़का कई जिलों में झमाझम बारिश

अमृत विचारः प्रदेश में मौसम ने अचानक करवट ली है। बीते दो दिनों में बारिश और ओलावृष्टि के चलते प्रदेश के तापमान में 2 से 3 डिग्री तक गिरावट दर्ज की गई है। कई जिलों में तेज हवाओं के साथ हुई बारिश ने लोगों को गर्मी से राहत दी, लेकिन अब मौसम विभाग ने अगले दो दिनों के लिए तेज आंधी-तूफान का अलर्ट जारी किया है।

मौसम वैज्ञानिकों के अनुसार, 7 और 8 अप्रैल को प्रदेश के अधिकांश हिस्सों में गरज-चमक के साथ तेज हवाएं और बारिश हो सकती है। पश्चिमी विक्षोभ का नया सक्रिय दौर 7 अप्रैल से पश्चिमी उत्तर प्रदेश में प्रभाव दिखाना शुरू करेगा, जो 8 अप्रैल तक पूरे प्रदेश को प्रभावित करेगा। शनिवार और रविवार को पश्चिमी और मध्य यूपी में बारिश का असर अधिक देखने को मिला। इटावा में सर्वाधिक करीब 30 मिमी वर्षा दर्ज की गई, जबकि कानपुर और आसपास के क्षेत्रों में भी हल्की से मध्यम बारिश हुई। इस दौरान चल रही ठंडी हवाओं ने तापमान में गिरावट को और तेज किया।

हालांकि छह अप्रैल को मौसम में आंशिक सुधार के संकेत हैं और तापमान में हल्की बढ़त हो सकती है, लेकिन यह राहत ज्यादा समय तक नहीं टिकेगी। सात अप्रैल से मौसम फिर बिगड़ने के आसार हैं। मौसम विभाग का अनुमान है कि नौ अप्रैल तक इस सिस्टम का असर बना रहेगा। इसके बाद इसके कमजोर पड़ने के साथ तापमान में 3 से 5 डिग्री तक और गिरावट दर्ज की जा सकती है। वहीं 10 अप्रैल से प्रदेश में मौसम शुष्क होने की संभावना जताई गई है।

भाजपा का स्थापना दिवस आज, चलेगा अभियान

प्रदेशभर में होगा ध्वजारोहण व संगोष्ठियां, गांव-बस्ती में लोगों से संपर्क करेगी पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचारः भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस के अवसर पर सोमवार को पूरे प्रदेश में व्यापक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर तक आयोजन कर भाजपा की विचारधारा, संगठनात्मक विस्तार और राष्ट्रसेवा की यात्रा को जन-जन तक पहुंचाएंगे।

प्रदेश अध्यक्ष एवं केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी तथा प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह लखनऊ स्थित पार्टी मुख्यालय पर प्रातः 10 बजे ध्वजारोहण करेंगे। इस अवसर पर वरिष्ठ पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहेंगे। दिन में विभिन्न स्थानों पर संगोष्ठियां, संवाद कार्यक्रम और बैठकें आयोजित की जाएंगी, जिनमें पार्टी की स्थापना से लेकर वर्तमान तक की संघर्ष, सेवा और सुशासन की यात्रा पर चर्चा होगी। शाम 4:30 बजे राष्ट्रीय प्रेरणा स्थल पर विशेष कार्यक्रम में जनसंघ काल से भाजपा तक योगदान देने वाले वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया जाएगा। इसी प्रकार जिला स्तर पर भी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं के सम्मान कार्यक्रम आयोजित होंगे। पार्टी स्थापना दिवस को केवल उत्सव नहीं, बल्कि राष्ट्र प्रथम, संगठन सर्वोपरि और सेवा ही संकल्प की भावना के साथ मनाते हुए भाजपा संगठन को और मजबूत करने की दिशा में जुटी है।

स्थापना दिवस पर पार्टी कार्यकर्ता बूथ स्तर पर प्राथमिक व सक्रिय सदस्यों के साथ कार्यक्रम आयोजित करेंगे। स्थापना दिवस के बाद 7 से 12 अप्रैल तक ग्राम/बस्ती संपर्क अभियान चलाया जाएगा।

- कल से 12 अप्रैल तक चलेगा संपर्क अभियान, बूथ स्तर तक सक्रिय रहेगा संगठन

स्थापना दिवस के मौके पर सजाया गया लखनऊ स्थित भाजपा मुख्यालय।

पहल

महिला सुरक्षा में यूपी बन रहा मॉडल स्टेट, ‘सेफ मोबिलिटी’ से बदल रही तस्वीर

महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज हो रही तैयार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- अयोध्या समेत पांच जिलों में शुरुआत, लखनऊ समेत आठ जिलों में भी सुविधा जल्द

अमृत विचारः प्रदेश में महिला सुरक्षा और सशक्तीकरण को नई ऊंचाई देने की दिशा में योगी सरकार ने एक और बड़ा कदम उठाया है। ‘सेफ मोबिलिटी प्रोग्राम’ के तहत प्रदेश में महिला ई-रिक्शा पायलटों की फौज तैयार की जा रही है, जिससे बालिकाओं और महिलाओं को विद्यालय, कार्यस्थल और अन्य जरूरी स्थानों तक सुरक्षित, सुलभ और सम्मानजनक परिवहन मिल सकेगा।

इस योजना के तहत शुरुआत में स्वयं सहायता समूहों की महिलाओं को 1000 ई-रिक्शा उपलब्ध कराए जा रहे हैं। अयोध्या, गोरखपुर, वाराणसी, कौशांबी और झांसी में इस सुविधा की शुरुआत कर दी गई है, जबकि लखनऊ, प्रयागराज, मिर्जापुर, भदोही, सोनभद्र, देवरिया, लखीमपुर खीरी और सीतापुर में इसे जल्द शुरू किया जाएगा। सरकार की यह पहल इसलिए भी खास है, क्योंकि इसका सीधा रिश्ता महिला सुरक्षा से जुड़ा है। ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं और बालिकाओं के लिए अब महिला चालकों द्वारा संचालित ई-रिक्शा सेवा बेहतर समाधान बनकर उभर रही है। ‘सेफ मोबिलिटी’ का असर केवल सड़क तक सीमित नहीं है। इससे बेटियों की स्कूल तक पहुंच आसान होगी, कामकाजी महिलाओं का सफर सुरक्षित बनेगा, गांवों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे और स्वयं सहायता समूहों की महिलाएं आत्मनिर्भरता की नई मिसाल बनेंगी।

महिला सुरक्षा, सम्मानजनक परिवहन और स्वरोजगार इन तीनों मोर्चों पर एक साथ असर डालने वाली यह पहल उत्तर प्रदेश को नई पहचान दे रही है। यही वजह है कि महिला सुरक्षा में यूपी अब मॉडल स्टेट के रूप में अपनी अलग छाप छोड़ता दिख रहा है और ई-रिक्शा महिला पायलटों की यह नई फौज गांवों के सामाजिक-आर्थिक परिदृश्य को बदलने की तैयारी में है।

तीन लाख रुपये सालाना कमा रहीं महिलाएं

उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत डेवलपमेंट अल्टरनेटिव्स के तकनीकी सहयोग से चल रहे इस कार्यक्रम ने अब तक प्रभावी परिणाम दिए हैं। पांच जनपदों में 119 महिलाओं को ई-रिक्शा देकर उद्यमी बनाया जा चुका है। वहीं, 629 महिलाओं को संचालन का प्रशिक्षण दिया गया है और 244 महिलाओं को ड्राइविंग लाइसेंस उपलब्ध कराया गया है। इस पहल से जुड़ी महिलाएं अब सिर्फ वाहन ही नहीं चला रहीं, बल्कि अपने परिवार की आर्थिक धुरी भी बन रहीं हैं। योजना से जुड़ी महिलाओं की औसत वार्षिक आय 3 लाख रुपये से अधिक पहुंचने की बात इस मॉडल की सफलता को और मजबूत बनाती है।

विवेकाधीन कोष से 860 करोड़ की मदद

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- 50 हजार से अधिक लाभार्थियों तक पहुंची राहत, बिना भेदभाव हो रहा वितरण
- ‘जहां जरूरत, वहां सहायता’ सिद्धांत पर त्वरित स्वीकृति से मिल रही मदद

अमृत विचारः मुख्यमंत्री विवेकाधीन कोष से प्रदेश के जरूरतमंदों के लिए प्रभावी राहत तंत्र बनकर उभरा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में इस कोष से लगभग 860 करोड़ रुपये की सहायता स्वीकृत की है। इससे 50 हजार से अधिक लाभार्थियों को सीधा लाभ मिला।

इस योजना की खासियत इसका निष्पक्ष और संवेदनशील क्रियान्वयन रहा। सत्तापक्ष और विपक्ष के जनप्रतिनिधियों के अनुरोधों पर समान रूप से कार्रवाई करते हुए शहरी-ग्रामीण हर क्षेत्र और हर वर्ग तक सहायता पहुंचाई गई। सरकार ने बिना किसी कोटा प्रणाली के ‘जहां जरूरत, वहां सहायता’ के सिद्धांत पर काम किया, जिससे छोटी जरूरतों से लेकर बड़े मामलों तक मदद दी जा सकी।

विवेकाधीन कोष के तहत 50 हजार रुपये से लेकर 3 करोड़ रुपये से अधिक तक की सहायता स्वीकृत की गई। खासतौर पर गंभीर बीमारियों, दुर्घटनाओं और आपात स्थितियों में त्वरित मदद से कई मामलों में यह व्यवस्था जीवनरक्षक साबित हुई। सरकार ने आवेदन से स्वीकृति तक की प्रक्रिया को सरल और तेज बनाया, जिससे जरूरतमंदों को समय पर राहत मिल सकी। अयोध्या, अमेठी, बाराबंकी, आजमगढ़, बलिया और फिरोजाबाद जैसे जिलों में बड़े मामलों के चलते अधिक सहायता दी गई।

कैसे मिलती है सहायता

- *जनप्रतिनिधि या सीधे सीएम कार्यालय में आवेदन
- *मेडिकल रिपोर्ट व आय प्रमाण जैसे दस्तावेज जरूरी
- *गंभीर बीमारी, दुर्घटना, संकट में प्राथमिकता
- *जरूरत के अनुसार राशि का निर्धारण
- *त्वरित जांच के बाद शीघ्र स्वीकृति

अनुराग हेल्थ केयर प्रा.लि.
•ICU •NICU DIALYSIS • MODULAR OT
दूरबीन विधि से आपरेशन अब कम खर्च में
सीजीएचएस, मेडीक्लेम व आयुष्मान कार्ड मान्य
117/क्यू/702, शारदा नगर, कानपुर
9889538233, 7880306999

पेट्रोल के दामों में लगी 'आग' से 'शतक' पार

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। जनपद में 82 स्थानों पर पेट्रोल पंप संचालित हैं। पेट्रोल व डीजल की फिलहाल कोई कमी नहीं है। न ही पंपों पर भीड़ लग रही है। वहीं नायरा के पंपों पर प्रति लीटर पेट्रोल की कीमतें 100 रुपये पार हो गई हैं। अब तक 95 रुपये 25 पैसे प्रति लीटर पेट्रोल बिक रहा था।

27 मार्च से नायरा ने पेट्रोल व डीजल की कीमतों में वृद्धि की है। बढ़ोत्तरी वाले दिन इन पंपों पर ईंधन बिक्री नहीं किया गया। ग्राहकों को बताया गया कि स्टॉक नहीं है। कंपनी का एक पेट्रोल पंप कन्नौज-तिर्वा मार्ग पर स्थित बेहरिन के निकट बहादुरपुर गांव में है। दूसरा पंप तिर्वा इलाके में इंदरगढ़ मार्ग पर संचालित है। इन पंपों पर बढ़ी कीमतों में पेट्रोल व डीजल बिक्री हो रहा है। तीसरा पंप नायरा का ही निर्माणाधीन बताया जा रहा है। जिला पूर्ति अधिकारी राजीव मिश्र ने बताया कि नायरा के पेट्रोल पंप जनपद में 02 ही हैं। 02 जियो कंपनी के हैं। जहां नायरा का पंप है वहीं पेट्रोल का 05 रुपये व डीजल का 03 रुपये प्रति लीटर दाम बढ़ा है। जियो का रेट सरकारी पंपों की तरह ही है। बताया जा रहा है कि नायरा एनर्जी के पेट्रोल पंप मुख्य रूप से रूस की प्रमुख तेल कंपनी रोसनेफ्ट और विदेशी निवेश समूह केसानी इंटर प्राइजेस के स्वामित्व में है। यह पहले एस्सार ऑयल के नाम से जाना जाता था जिसे वर्ष 2017 में रोसनेफ्ट ने अधिग्रहीत किया था। यह भारत की दूसरी सबसे बड़ी निजी तेल रिफाइनरी मानी जाती है।

इस तरह होता है नायरा का पेट्रोल पंप। प्रतीकात्मक फोटो

27 मार्च से नायरा ने पेट्रोल व डीजल की कीमतों में वृद्धि की है



मशीन में कीमत 100 .25 रुपये प्रति लीटर लिखी है।

- जिले में कुल 82 पेट्रोल पंप संचालित, नायरा एनर्जी ने बढ़ाई है कीमत
- 100 रुपये 25 पैसे प्रति लीटर मिल रहा पेट्रोल, डीजल में भी 03 रुपये की बढ़ोत्तरी

कोर्ट में मामला, फिर भी कब्जे का प्रयास, लूट के प्रयास की तहरीर

संवाददाता तिर्वा, कन्नौज

- ट्रस्ट के एक सदस्य की ओर से की गई थी दुकान की बिक्री

अमृत विचार। कस्बा में स्थित श्री महादेव कैलाश भवन व श्रीमती इंद्रादेवी ट्रस्ट की भूमि को लेकर चल रहा विवाद अदालत में विचाराधीन है। इसके बावजूद कथित रूप से कब्जा करने का प्रयास किया गया।

ट्रस्ट की जमीन पर एक दुकान का बैनामा ट्रस्ट से जुड़े एक पक्ष द्वारा कस्बा निवासी को कर दिया गया था। इस पर अन्य सदस्यों ने आपत्ति जताते हुए न्यायालय की शरण ली। इसी बीच शनिवार रात दुकान का खरीदार करीब 15 लोगों के साथ फावड़ा, बेलचा व अन्य औजार लेकर पहुंच गया और कब्जा करने की कोशिश करने लगा। इसकी भनक लगते ही ट्रस्ट से जुड़े अन्य लोग भी पहुंच गए, जिससे वहां विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई। स्थिति बिगड़ती देख याचिकाकर्ता इंद्रा नगर निवासी गोविंद गुप्ता ने पुलिस बुला ली। पुलिस दोनों पक्षों को समझाकर कोतवाली ले आई। वहीं गोविंद गुप्ता ने दुकान में रखें सामान को लूटने की नीयत व जबरन कब्जा करने का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी है। कोतवाल संजय कुमार शुक्ला ने बताया कि मामला न्यायालय में विचाराधीन है।

न्यूज ब्रीफ

अपर सत्र न्यायाधीश हरेंद्र नाथ का तबादला चार नए जज आएंगे

कन्नौज। प्रदेश भर में वार्षिक तबादलों के क्रम में कुल 266 सेशन व एडीशनल जजों को इधर से उधर किया गया है। इस क्रम में कन्नौज में तैनात रहे अपर सत्र न्यायाधीश हरेंद्र नाथ का स्थानांतरण अयोध्या के लिए किया गया है। वर्तमान में वे विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की भी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। इसी तरह से चार न्यायाधीश लखनऊ से रविंद्र कुमार द्विवेदी, रजनीश मोहन वर्मा, रामपुर से रामगोपाल सिंह, उन्नाव से ममता सिंह का स्थानांतरण कन्नौज के लिए किया गया है। रजिस्ट्रार जनरल मंजीत सिंह शेरोन की ओर से जारी पत्र में कहा गया है कि यह सभी स्थानांतरण संबंधितों के अनुरोध पर किए गए हैं। सभी न्यायाधीशों को 15 अप्रैल 2026 को दोपहर बाद चार्ज छोड़कर नई तैनाती स्थल को रवाना होने के निर्देश हुए हैं।

मेले में भटका बच्चा पुलिस ने ढूंढकर मां को सकुशल सौंपा

छिबरामऊ। विशुनगढ़ थाना क्षेत्र के माधौनगरा स्थित मां अनंती देवी मंदिर में मेला लगा है। मैनपुरी जनपद के नवीगंज थाना क्षेत्र के बेवर निवासी अलफैज (7) अपनी मां नगमा बेगम के साथ मेला देखने आया था। भीड़ में वह अपनी मां से अलग हो गया। बच्चे के गुम होने की सूचना मिलते ही पुलिस तुरंत सक्रिय हो गई। शंकरपुर चौकी इंचार्ज हरे कृष्णा ने तलाश शुरू की और उसे सकुशल बरामद कर लिया। इसके बाद उसकी मां को सौंप दिया।

'चिन्तन से ही मिलता है समाधान'

कन्नौज। क्षेत्र के ग्राम निवादा में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के प्रथम दिन शंकराचार्य स्वामी ज्ञानानंद तीर्थ अवान्तर भानुपुरा पीठ ने कहा कि चिन्ता मत करो। चिन्ता करने से कभी समाधान नहीं मिलता है। हमेशा चिन्तन करने से ही समाधान मिलता है। रविवार को कथा के पहले दिन शंकराचार्य ने कहा कि सम्पूर्ण भुवनो मे वही व्यक्ति धन्य है जिनके हृदय में भगवान की भक्ति वास करती है। इसलिए अपना मन सदा भगवान की भक्ति में तल्लीन रखो। भगवान भी लोक को छोडकर भक्ति रूपी सूत में बंधकर भक्त के हृदय मे चैतन्य हो जाते हैं। उन्होंने धुंधकारी की कथा का प्रसंग सुनाते हुए कहा कि कुपुत्र से कुल नष्ट होता है। कुपुत्र से धन और यश नष्ट होता है धन दोबारा आ सकता है लेकिन यश दोबारा नही प्राप्त होता है। इसलिए कुपुत्र और कुसंग का परित्याग करना चाहिए। धुंधकारी का उद्धार गोकर्ण के सद् प्रयास से हुआ। कहा कि आज भी सात गांठ के बांस की प्रतिष्ठा पूर्ण पूजा होती है। इस मौके पर कई लोग रहे।

देर रात तक बरसे मेघ, दूसरे दिन भी बिगड़ा मौसम

सौरिख क्षेत्र में तेज बरसात के साथ ओलों की बौछार ने बढ़ाई किसानों की चिंता, इन दिनों गेहूं की कटाई चल रही है

कार्यालय संवाददाता सौरिख/कन्नौज

अमृत विचार। देर रात शुरू हुई बारिश कभी धीमी तो कभी तेज गति से सुबह तक जारी रही। हालांकि सुबह मौसम पूरी तरह से खुल गया और तेज धूप निकल आई। इससे तापमान में भी उछाल पाया गया। दोपहर बाद फिर से घने बादल छा गए। सौरिख क्षेत्र में तो तेज बारिश के साथ ही ओले भी गिरे जिससे किसानों की धड़कनें बढ़ गईं।

बताते चलें कि इन दिनों गेहूं की कटाई चल रही है। कहीं तो खेतों में गेहूं के गट्ठर बंधे पड़े हैं। ऐसे में पिछले लगभग 10 दिन से मौसम में उतार चढ़ाव देखने को मिल रहा है। शनिवार को दोपहर बाद मौसम में बदलाव आया और तेज आंधी के साथ बारिश के साथ कहीं-कहीं ओले भी गिरे। इसके बाद देर शाम से रात तक और फिर तड़के तक रिमझिम बारिश तो कभी तेज बरसात होती रही। रविवार को पूरे दिन खुला रहने के बाद शाम घने बादल छाए जिससे से दिन में अंधेरा सा हो गया और फिर बारिश शुरू हो गई। समाचार लिखे जाने तक भी रिमझिम बारिश हो रही है। सौरिख क्षेत्र में साढ़े तीन बजे के करीब तेज बारिश शुरू हो गई और इसके साथ ही मटर के आकार के ओले भी दो से तीन मिनट तक गिरे। इससे किसानों की कटी पड़ी फसल को नुकसान पहुंचा है तो वहीं जिन खेतों में कटाई होनी है उस फसल पर भी असर पड़ा है। चपुन्ना क्षेत्र में भी तेज बारिश के कारण फसलों में नुकसान होने की आशंका बढ़ गई है। फिलहाल बारिश जारी है और जल्दी थमने के आसार भी नजर नहीं आ रहे हैं। कृषि जानकारों की मानें कि इस बारिश से गेहूं की पैदावार पर असर पड़ सकता है। उधर बरसात के चलते अधिकतम तापमान लुढ़ककर 30 तो न्यूनतम 18 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। ठंडक ने घरों में चल रहे पंखों की रफ्तार भी कम करा दी।

रविवार की शाम पांच बजे बादलों से छाया अंधेरा, होती रिमझिम बारिश। अमृत विचार

बेमौसम बरसात से फसल डूबी, गेहूं की बालियां टूटीं

छिबरामऊ। रविवार शाम 4 बजे हुई बेमौसम बारिश ने किसानों की पकी खड़ी गेहूं की फसल को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। किसानों के अनुसार बारिश के साथ तेज हवा चलने से गेहूं की बालियां गिर गईं और कई जगहों पर फसल पानी में डूब गई। जिन खेतों में गेहूं कटाई के लिए तैयार था, वहां फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई। कई किसान रोते हुए बताते हैं कि इस फसल पर उन्होंने महीनों मेहनत और पैसा खर्च किया था। अब कटाई के समय इस प्रकार का नुकसान कमर तोड़ देने वाला है। प्रशासन से किसान मदद की मांग कर रहे हैं ताकि उन्हें कुछ राहत मिल सके।

ग्राम हरदेवपुर्वा में निरीक्षण के दौरान वार्ता करतीं एसडीएम सदर वैशाली सिंह।

आंधी, पानी से कच्चा मकान गिरा, एक भैंस की मौत, दो दबीं

जलालाबाद, कन्नौज। तेज आंधी, पानी से कच्चा मकान गिर गया। जिसके मलबे में दब कर एक भैंस की मौके पर मौत हो गयी जबकि दो घायल हो गई। निरीक्षण करने पहुंची सदर एसडीएम ने जांच कर हर संभव मदद का भरोसा दिलाया।शनिवार रात 09.45 बजे क्षेत्र के हरदेवपुरवा गांव निवासी रामप्रकाश वर्मा का कच्चा मकान आंधी-पानी में ढह गया। अंदर बंधी तीन भैंसें चपेट में आ गईं। ग्रामीणों ने तत्परता दिखाते हुए राहत कार्य शुरू किया और दो भैंसों को सुरक्षित निकाल लिया। एक भैंस की मौत हो गई। पीड़ित राम प्रकाश वर्मा ने प्रशासन से आर्थिक सहायता की मांग की है। रविवार दोपहर पहुंची सदर एसडीएम वैशाली ने पहुंच कर निरीक्षण किया। इस दौरान कानूनगो मदन मोहन, आरआई रक्षपाल सिंह, लेखपाल आदि रहे।

टेंट गोदाम में लगी आग, जलकर नष्ट हुआ लाखों का सामान

गुरसहायगंज। क्षेत्र के ग्राम मुरादगंज में शनिवार की देर रात्रि गोदाम में आग लग जाने से वहां रखा टेंट का लाखों रुपये कीमत का सामान जल कर राख हो गया। मौके पर जुटे लोगों ने पानी डालकर किसी प्रकार आग पर काबू पाया। पीड़ित ने रंजिशन आग लगाए जाने की बात कही है।

कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मुरादगंज निवासी खुर्शीद खां की टेंट की दुकान है। मुरादगंज में उसके घर के पास ही अमन के मकान में टेंट का सामान रखा रहता है। शनिवार की रात करीब 11:00 बजे गोदाम से आग की लपटें निकलते देख आसपास के लोगों ने खुर्शीद को जानकारी दी जिस पर वह वहां पहुंचा और यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। इस दौरान लोगों की भीड़ लग गई और उन्होंने पानी आदि डालकर किसी प्रकार आग पर काबू पाया लेकिन तब तक वहां रखा टेंट का करीब दो लाख रुपये से अधिक कीमत का सामान जल कर राख हो गया। खुर्शीद ने बताया कि शनिवार को ही उसने 50 बंडल मैट धुलवाकर गोदाम में रखी थी। इसके अलावा पर्दा , प्लास्टिक की कुर्सी, मेज सहित अन्य तमाम टेंट का सामान जल कर राख हो गया।

आयुष्मान आरोग्य मंदिर में रहता ताला

संवाददाता सौरिख, कन्नौज

- हसेरन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करसा रामपुर में आरोग्य मंदिर

अमृत विचार। जनपद के विकासखंड हसेरन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत करसा रामपुर में स्थित आयुष्मान आरोग्य मंदिर में ज्यादातर ताला लटका रहता है। इससे ग्रामीणों में भारी नाराजगी है।

ग्रामीणों के अनुसार, यह स्वास्थ्य केंद्र अधिकांश समय बंद रहता है, जिसके कारण उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सुविधाओं से वंचित होना पड़ रहा है। यहां तैनात स्वास्थ्य कर्मी नियमित रूप से उपस्थित नहीं रहते। आरोप है कि वे कभी-कभार ही आते हैं और महज एक-दो घंटे रुककर लौट जाते हैं स्थानीय निवासियों का कहना है कि इस प्रकार की लापरवाही से योजना का लाभ आम जनता तक नहीं पहुंच पा रहा है।

ग्रामीणों ने मांग की है कि केंद्र को नियमित रूप से संचालित किया जाए और डॉक्टर व स्टाफ की उपस्थिति सुनिश्चित की जाए। इससे उन्हें इलाज के लिए दूर-दराज के अस्पतालों का सहारा न लेना पड़े। लोगों ने प्रशासन से इस पूरे मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग भी की है।

हसेरन के करसा रामपुर में आयुष्मान आरोग्य मंदिर में लटका ताला।

भव्य कलश यात्रा के साथ शुरू हुई भागवत कथा

गुरसहायगंज। कस्बा के मोहल्ला विजयनगर में भव्य कलश यात्रा के साथ श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ हुआ।

रविवार से मोहल्ला विजय नगर चकोर रोड पर श्रीमद् भागवत कथा का शुभारंभ किया गया। इससे पहले महिलाओं ने पीले वस्त्र धारण कर सिर पर कलश रखकर भक्ति गीतों के साथ कलश यात्रा निकाली। यात्रा में सबसे आगे परीक्षित देवेंद्र गुप्ता पत्नी पूजा गुप्ता के साथ धार्मिक ग्रंथ को सिर पर रखकर चल रहे थे। इस मौके पर कई लोग मौजूद रहे।

दुकानों के सामने भरा पानी, आक्रोश

संवाददाता गुरसहायगंज

अमृत विचार। नगर पालिका की लापरवाही के चलते दुकानों के सामने गंदा पानी भरा हुआ है जिससे ग्राहक नहीं आ रहे हैं। दुकानदारों को काफी नुकसान हो रहा है। दुकानदारों ने कई बार इस संबंध में शिकायत की लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई है।

कस्बा के तिर्वा रोड पर सफाई करने की व्यवस्था एक निजी संस्था को दी गई है। पिछले कई दिनों से तिर्वा रोड सीएचसी के निकट नाला जाम हो जाने से गन्दा पानी दुकानों के सामने भरा है। दुकानदार विनय बाथम, राज कटियार, विनय शर्मा, योगेंद्र पाल ने बताया कि नगर पालिका की लापरवाही के चलते उन लोगों का व्यापार चौपट है। कई महीने से नाले की सफाई नहीं हुई जिसकी वजह से वह जाम पड़ा है। उसका गंदा पानी फुटपाथ पर दुकानों के सामने भरा है जिससे ग्राहक नहीं आ रहे हैं। बरसात के मौसम में और भी समस्या हो जाती है। मामूली सी बरसात में कई दिनों तक पानी भरा रहता है । नगर पालिका में कई बार इस संबंध में शिकायत की लेकिन किसी ने इस पर ध्यान नहीं दिया। दुकानदारों ने बताया कि इस मामले की शिकायत जिलाधिकारी से की जाएगी। मामले में नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी अनिल कुमार ने बताया कि संबंधित संस्था को इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

दुकानों के सामने भरा गंदा पानी।

आयोजन — जिले भर में महर्षि कश्यप की जयंती आस्था के साथ मनाई गई , कहीं शोभायात्रा तो कहीं कार्यक्रमों का आयोजन

कश्यप जयंती पर हुए कार्यक्रम, तिर्वा में निकाली शोभायात्रा

पार्टी कार्यालय में महर्षि कश्यप की जयंती मनाते सपाई। अमृत विचार

महर्षि कश्यप की जयंती पर निकली शोभायात्रा में शामिल लोग। अमृत विचार

महर्ष कश्यप के चित्र पर फूल माला चढ़ाते लोग। अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता कन्नौज/तिर्वा

अमृत विचार। जिले भर में महर्षि कश्यप की जयंती आस्था के साथ मनाई गई। इस दौरान कहीं शोभायात्रा तो कहीं कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। तिर्वा में शोभायात्रा का आयोजन किया गया।

राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देशानुसार नासिरपुर स्थित जिला समाजवादी पार्टी कार्यालय में रविवार को सृष्टि के रचनाकार महर्षि कश्यप ऋषि की जयंती जिलाध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व एवं दिनेश बाथम की अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम में महिर्षि कश्यप के जीवन पर प्रकाश डालते हुए उनके द्वारा सृष्टि में दिए योगदान को याद किया गया। जिलाध्यक्ष के अलावा पूर्व विधायक कल्याण सिंह दोहरे, वरिष्ठ सपा नेता अनिल पाल ने संबोधित किया।

विधानसभा अध्यक्ष पी पी सिंह वघेल एवं सयुस प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, सपा नेता यश कुमार दोहरे, जिला पंचायत सदस्य श्याम सिंह यादव, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, अवधेश राठौर, सुधीर कश्यप आदि लोग रहे।

तिर्वा संवाददाता के अनुसार रविवार को सुबह 11 बजे डी एन कॉलेज सामने से शोभा यात्रा का शुभारंभ कश्यप समाज के सैकड़ों लोगों ने ऋषि कश्यप की चित्र पर पूजा अर्चना कर किया। ठठिया तिराहा पर सभासद सतेंद्र कुशवाहा, पोस्ट ऑफिस वाली गली के सामने प्रभात वर्मा ने समर्थकों के साथ यात्रा का स्वागत किया। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता कुक्कू चौहान ने अपने प्रतिष्ठान के सामने शोभा यात्रा में शामिल कश्यप समाज के लोगों को फूल माला तथा शाल ओढ़ाकर सम्मान किया। रोडवेज बस स्टॉप के सामने नगर पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि सौरभ गुप्ता, सभासद शिशु पाल सिंह चौहान ने निषाद समाज के लोगों को सम्मानित किया। गांधी चौक पर पूर्व चेयरमैन विनोद गुप्ता ने स्वागत किया। विधायक कैलाश राजपूत, जिलाध्यक्ष वीर सिंह भदौरिया भी शामिल हुए। कार्यक्रम के आयोजक ध्रुव बाथम, पियूष बाथम, मिथलेश बाथम, घनश्याम बाथम, शनि बाथम, शिवा बाथम,राजीव बाथम का शाल ओढ़ाकर सम्मान किया गया। शोभा यात्रा का पूर्व प्रधान रामासरे बाथम दिनेश बाथम,सर्वेश बाथम, सपा नेता अंशु पाल,शरद यादव शिवम यादव ,सुधीर यादव ने भी स्वागत किया है। यात्रा इंदर गढ़ तिराहे पर स्थित श्री बाला जी मंदिर पर समाप्त हुई।

गुरसहायगंज में भी मनाई गई जयंती

गुरसहायगंज। तिर्वा रोड पर महर्षि कश्यप महाराज की जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में शिक्षक नेता बजरंग सिंह चौहान ने कहा कि महर्षि कश्यप हम सब के मार्गदर्शक हैं। सपा पिछड़ा वर्ग के जिलाध्यक्ष रामसेवक बाथम ने कहा कि वे ब्रह्मा के पुत्र और सप्त ऋषि में से एक हैं। इस दौरान राज सिंह चौहान उर्फ छोटे ठाकुर, रणधीर सिंह, अरुण शर्मा, मोहित पाठक, विजय गुप्ता, जगदीश सिंह शर्मा, बड़े ठाकुर, आकाश कश्यप, अभिषेक दुबे, मानसिंह कश्यप आदि ने उनके चित्र पर फूल माला चढ़ाई। लोगों को प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। इसके बाद शरबत वितरण किया गया।

एक सप्ताह में 33 हजार केवी लाइन तीन बार ब्रेकडाउन

संवाददाता सौरिख

- सौरिख, सकरावा बिजली घर से जुड़े लगभग 500 गांव प्रभावित

अमृत विचार। सौरिख, सकरावा बिजली घर को जोड़ने वाली 33 हजार की लाइन एक सप्ताह में तीन बार ब्रेकडाउन होने से सैकड़ों गांव के उपभोक्ताओ को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

33 हजार केवी की लाइन छिबरामऊ से सौरिख के लिये 1958 में तैयार कराई गई थी। तब सौरिख बिजली घर की क्षमता डेढ़ एमवीए की थी। आज 10-10 केवी के दो ट्रांसफार्मर लगाए गए तथा सकरावा बिजली घर पर 5 एमवीए का एक ट्रांसफार्मर संचालित है। हालांकि अब तक हाईटेंशन लाइन को विभाग ने बदलना उचित नहीं समझा जिसका निकसान उपभोक्ताओं को उठाना पड़ रहा है। जरा सी भी तेज हवा चलती है लाइन ब्रेकडाउन हो जाती है। ओवरलोड हो जाता है तब भी लाइन में फाल्ट आ जाता है। एक बार फाल्ट पर 8 से 10 घंटे में ही सप्लाई बहाल हो पाती है। कई बार इस मुद्दे को जनप्रतिनिधियों के सामने भी रखा जा चुका है लेकिन इस और कोई ध्यान नहीं दे रहा है। इस संबंध में एसडीओ अनिल राम से बात की गई तो उन्होंने बताया तीन-चार दिन में लाइन को पूरी तरह दुरुस्त कर दिया जाएगा।

स्मार्ट मीटर में रिचार्ज व्यवस्था ने बढ़ाई परेशानी

सौरिख। विद्युत विभाग ने क्षेत्र में ज्यादातर घरों में स्मार्ट मीटर लगा दिए हैं। बिना किसी प्रचार प्रसार के मार्च 2026 में इन पर प्रीपेड व्यवस्था लागू कर दी गई जिससे उपभोक्ता असमंजस की स्थिति में हैं। कनेक्शन पर माइनस में बैलेंस होने पर ऑटोमेटिक बिजली कट जाती है जिससे उपभोक्ता बिजली घर के चक्कर काटने को मजबूर है। एसडीओ ने बताया यह व्यवस्था मार्च से लागू कर दी गई है। अगर उपभोक्ता समय रहते अपने कनेक्शन को रिचार्ज नहीं करेगा तो उसकी सप्लाई बंद हो जाएगी। साथ ही एडवांस पैसा जमा करना पड़ेगा तब सप्लाई बहाल होगी।

न्यूज ब्रीफ

आंगनबाड़ी संघ के जिलाध्यक्ष की मथुरा जंक्शन पर मौत

फर्रुखाबाद। आंगनबाड़ी जिलाध्यक्ष 58 वर्षीय प्रीति गुप्ता की रविवार तड़के मथुरा जंक्शन पर संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। थाना कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला पुराना कोठा पारचा निवासी प्रीति गुप्ता पत्नी जितेंद्र कुमार गुप्ता आंगनबाड़ी जिला अध्यक्ष के पद पर कार्यरत थीं। परिजनों के अनुसार वह चार दिन पूर्व अपने बड़े पुत्र मयंक गुप्ता, जो बांदा जनपद में पुलिस विभाग में तैनात हैं तथा छोटे पुत्र देवेश गुप्ता के साथ शिरडी दर्शन के लिए गई थीं। रविवार सुबह जब वह मथुरा जंक्शन पर ट्रेन से उतरीं, तभी अचानक गिर पड़ीं। मौके पर मौजूद लोगों ने उन्हें संभालने का प्रयास किया, लेकिन तब तक उनकी मृत्यु हो चुकी थी।

असेसमेंट एंड प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन 7 अप्रैल को

फर्रुखाबाद। मेजर एसडी सिंह विश्वविद्यालय के फार्मेसी संकाय में 7 अप्रैल मंगलवार को असेसमेंट एंड प्लेसमेंट ड्राइव का आयोजन किया जाएगा। इस ड्राइव में देश की प्रतिष्ठित फार्मा कंपनियां और अस्पताल भाग लेंगे। यह जानकारी देते हुए फार्मेसी की डीन डॉ बिंदु राठौर ने बताया कि ड्राइव में टोरेंट फार्मा, सन फार्मा, मैगब्रो, प्रेसूड लाइफसाइंसेज, मैग्नस, आब्रो, काश्मिक फॉर्मुलेशन, एएमजीआईएस लाइफ साइंस लिमिटेड, अपोलो हॉस्पिटल्स और मेदांता जैसे प्रमुख संस्थान शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि यह प्लेसमेंट ड्राइव फार्मेसी छात्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है, जिसमें बी.फार्मा, डी.फार्मा और एम.फार्मा के सभी विद्यार्थी भाग ले सकते हैं। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम का आयोजन विश्वविद्यालय के फार्मेसी ब्लॉक में प्रातः 10 बजे से किया जाएगा।

जहानगंज थानाध्यक्ष लाइन हाजिर

फर्रुखाबाद। पुलिस अधीक्षक आरती सिंह ने जहानगंज थाना अध्यक्ष राजेश राय को लाइन हाजिर कर दिया है। उनकी जगह पूनम अवस्थी को जहानगंज का नया थाना अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। सूत्रों के अनुसार, थाना स्तर पर कार्यप्रणाली में सुधार और जनता से बेहतर तालमेल स्थापित करने के लिए यह निर्णय लिया गया है। पुलिस विभाग में इसे एक बड़े बदलाव के रूप में देखा जा रहा है।

मुकदमे को लेकर पत्नी को पीटा

गुरसहायगंज। न्यायालय में चल रहे तलाक के मुकदमे को लेकर पति ने अपने कुछ साथियों के साथ पत्नी के घर पहुंच कर उसके साथ मारपीट और जान से मारने की धमकी दी। मामले में 10 दिन बाद मुकदमा दर्ज किया गया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डंबर पुरवा निवासी हरिराम यादव ने पुत्री उपासना यादव का विवाह पड़ोसी जनपद फर्रुखाबाद के थाना मोहम्मदाबाद के गांव जाजपुर गोवा निवासी सुनील यादव के साथ किया था। कोतवाली में उपासना ने दर्ज कराए मामले में कहा है कि पति से अनबन के बाद उसने तलाक के लिए एक मुकदमा फतेहगढ़ न्यायालय में दायर किया है। इसको लेकर पति सुनील, नरेंद्र यादव और दो अज्ञात लोग 25 मार्च की रात करीब 12 बजे उसके घर आए और गालीगलौज करने लगे। विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गए।

आज आएंगे सपा मुखिया अखिलेश

कन्नौज। पूर्व मुख्यमंत्री, सपा मुखिया कन्नौज सांसद अखिलेश यादव सोमवार को कन्नौज आएंगे। वे दोपहर बाद करीब साढ़े तीन बजे सपा के राष्ट्रीय सचिव रहे स्व. श्रीकृष्ण यादव के इंदरगढ़ स्थित घर जाएंगे। उनके निधन पर शोक संवेदना जताएंगे। बता दें कि उनका पिछले माह कानपुर में हुई सड़क दुर्घटना में निधन हो गया था। वे पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के क्षेत्रीय अध्यक्ष भी थे।

व्यापार मंडल अध्यक्ष का हार्ट अटैक से निधन

तिर्वा। इंदरगढ़ कस्बे में व्यापार मंडल के नगर अध्यक्ष शनि गुप्ता (30) का रविवार सुबह दिल का दौरा पड़ने से निधन हो गया। बताया गया कि वह रविवार सुबह अपनी मिठाई की दुकान पर काम कर रहे थे। इसी दौरान सीने में तेज दर्द हुआ। कर्मचारियों की सूचना पर पहुंचे परिजन उन्हें मेडिकल कॉलेज ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

जिला अस्पताल परिसर की उखड़ी सीसी रोड दे रही दर्द

पांच वर्ष से अधिक समय बीता, नहीं हुआ निर्माण, आवासीय परिसर के रोड का भी बुरा हाल

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

जिला अस्पताल के ट्रामा सेंटर के निकट उखड़ी सीसी रोड।

जिला अस्पताल के आवासीय परिसर की उखड़ी सड़क।

अमृत विचार। जिला अस्पताल परिसर व आवासीय परिसर का रोड पूरी तरह से उखड़ चुका है। बरसात में रोड पर पानी जमा हो रहा है। इससे स्टाफ को निकलने में दिक्कत हो रही है। यही नहीं मरीजों को भी आने - जाने में धक्के खाने पड रहे हैं। कई वर्षों से इस समस्या का निदान नहीं कराया गया है।

जिला अस्पताल निर्माण के बाद एक बार परिसर में सीसी सड़क व आवासीय परिसर की सड़क का निर्माण कराया गया था। कई वर्ष बीत जाने के बाद रोड पूरी तरह से उखड़ गया है। मार्ग से सीमेंट व कहीं पर सीसी रोड पूरी तरह से गायब हो गया है। इससे अस्पताल उपचार लेने के लिये पहुंचने वाले मरीजों व जिला अस्पताल के पैरामेडिकल स्टाफ को दिक्कत हो रही है। जगह जगह उखड़े रोड से निकलना मुश्किल हो रहा है। इमरजेंसी के निकट पडा सीसी पूरी तरह से उखड चुकी है।

- **बरसात में पानी जमा हो रहा है, स्टाफ को निकलने में दिक्कत**

यहां मरीजों को लेकर आने वाले एंबुलेंस के स्टेचर मरीजों को लेकर नहीं निकल पा रहे हैं। इसकी मुख्य वजह स्ट्रेचर के छोटे पहिये इन उखड़ी सड़क में फंस रहे हैं। इससे एंबुलेंस के एमटी अस्पताल के स्ट्रेचर को निकाल कर मरीजों को लिटा कर अस्पताल में भर्ती करा रहे है। इस अहम समस्या को जिले से आला अधिकारी देख तो रहे पर इसके निदान को कोई नहीं प्रयास कर रहा है। सबसे अधिक समस्या तो आवासीय परिसर में रह रहे स्टाफ के सामने आ रही है। जिसे रात हो या दिन अपने आवास तक आने व जाने में कीचड व बारिश के पानी से होकर गुजरना पड़ता है।

लोगों ने मांग की है कि जिला अस्पताल परिसर की सीसी रोड व आवासीय परिसर की रोड का निर्माण कराया जाये जिससे मरीजों व स्टाफ को निकलने में किसी तरह की दिक्कत न हो। इस संबंधमें सीएमएस डा. शक्ति बसु का कहना है कि जिला अस्पताल के परिसर रोडों के निर्माण को पांच वर्ष से अधिक समय हो चुका है। इससे यह पूरी तरह से उखड़ा है। इस संबंध में पत्राचार किया गया है।

अब नहीं मिलेंगे 48 हजार, सिर्फ 30 हजार रुपये में चलाना पड़ेगा काम

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

अमृत विचार। भारत सरकार की ओर से चल रही बेसहारा बच्चों के लिए स्पॉन्सरशिप योजना के तहत नए आवेदन महीनों से नहीं लिए जा रहे हैं। विभाग में जो पिछले साल के फार्म जमा हैं उनकी भी अधिकारियों ने सुधि नहीं ली है। इससे जरूरतमंद बच्चों का हक मारा जा रहा है। इस योजना के तहत चयनितों को 48 हजार रुपये वार्षिक लाभ मिलता है जो वर्तमान में नहीं दिया जा रहा है। पीड़ितों को अब मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना (सामान्य) का ही सहारा रह गया है जिसमें 18,000 रुपये कम यानि 30,000 रुपये ही वर्षभर के हिसाब से दिया जाया करेगा।

महिला कल्याण विभाग की ओर से अब दोनों ही योजनाओं की प्रक्रिया ऑनलाइन कर दी गई है। पहले आवेदन ऑफलाइन होते रहे हैं। स्पॉन्सरशिप योजना के तहत बच्चों को 04 हजार रुपये मासिक के हिसाब से दिया जाता है जबकि मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना में 2500 रुपये ही मिलते हैं। विकास भवन स्थित महिला कल्याण विभाग यानि जिला संरक्षण बाल इकाई कार्यालय में कई महीनों से नए आवेदन नहीं लिए जा रहे हैं। इससे जरूरतमंद बच्चे भटक रहे हैं। कार्यालय के मुताबिक 770 बच्चों को लाभ दिया जाना है लेकिन 175 का ही अनुमोदन हो सका। इसका कारण बजट पूरा न होना बताया जा रहा है। बताया गया है कि दिसंबर 2025 तक बाल सेवा योजना के तहत 1799 बच्चों को लाभ दिया जा रहा है। चर्चा है कि करीब एक हजार आवेदन स्पॉन्सरशिप योजना के तहत आए होंगे लेकिन कइयों की जांच नहीं हुई तो कुछ सत्यापन के बाद लाभ के लिए भटक रहे हैं। संरक्षण अधिकारी विजय राठौर ने बताया कि स्पॉन्सरशिप योजना का लक्ष्य पूरा हो गया है। बजट न आने की वजह से सभी को लाभ नहीं मिल पा रहा है।

यह है पात्रता के लिए जरूरी

- जिन बच्चों के माता-पिता या कोई एक जीवित नहीं हैं ऐसे बच्चे जिनको सहायता एवं पुनर्वास की जरूरत है। ग्रामीण क्षेत्रों के अभिभावकों की आय 72 हजार रुपये व शहरी इलाके के निवासियों की 96 हजार रुपये वार्षिक से कम होनी चाहिए। मां तलाकशुदा या परिवार से अलग रहती हो उसके बच्चों को भी लाभ दिया जाता है। माता या पिता में कोई एक या दोनों जानलेवा बीमारी से ग्रसित हों। ऐसे बच्चे जो बेघर हैं। जिनके माता-पिता या उनमें से कोई एक कारागार में निरुद्ध हैं या एचआईवी से पीड़ित बच्चे हों।

इन कागजों की पड़ती जरूरत

- योजना का लाभ लेने के लिए माता-पिता या अभिभावक व उनके बच्चे का आधार कार्ड, आय प्रमाण पत्र, आयु प्रमाण पत्र, अभिभावक की मृत्यु का प्रमाण पत्र, शिक्षण संस्थान में पढ़ाई का प्रमाण। इसके लिए जिला बाल संरक्षण इकाई या जिला प्रोबेशन अधिकारी कार्यालय में संपर्क किया जा सकता है।

'स्वाभिमान पर्व' मनेगा, जिले से सोमनाथ जाएंगे यात्री

कार्यालय संवाददाता कन्नौज

अमृत विचार। सोमनाथ मंदिर की हजार वर्षों की अविचलित यात्रा तथा मंदिर के पुनरुद्धार के 75 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में देश भर में सोमनाथ स्वाभिमान पर्व का आयोजन किया जा रहा है। इसक्रम में जिले के सभी शिवालयों में भजन, रुद्राभिषेक, महाआरती के अलावा दीपोत्सव का भी आयोजन होगा। इस विशेष अवसर पर जिले से 10 लोगों को सोमनाथ यात्रा के लिए भेजा जाएगा।

पर्व को लेकर जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री की अध्यक्षता में रविवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय कक्ष में बैठक हुई। इस मौके पर जिलाधिकारी ने कहा कि "सोमनाथ स्वाभिमान पर्व" भारत की आस्था, संस्कृति, परंपरा और आत्मगौरव का प्रतीक है। उन्होंने समस्त उप जिलाधिकारियों निर्देशित किया कि 19 अप्रैल को जनपद के समस्त शिवालयों में भजन संध्या, रुद्राभिषेक, महाआरती, प्रवचन, दीपोत्सव, सामूहिक मंत्रोच्चार, ओंकार जाप तथा "सोमनाथ संकल्प संवाद" जैसे कार्यक्रम आयोजित कराए जाएं। सोमनाथ स्वाभिमान यात्रा के अंतर्गत 18 अप्रैल को चयनित तीर्थयात्रियों को लखनऊ भेजा जाएगा। 19 अप्रैल को लखनऊ में कार्यक्रम के उपरांत यात्रा सोमनाथ के लिए प्रस्थान करेगी। 21 अप्रैल को यात्रा का सोमनाथ पहुंचेगी। 22 एवं 23 अप्रैल को तीर्थयात्री वहां सोमनाथ संकल्प संवाद, मंदिर एवं परिसर दर्शन, लाइट एंड साउंड शो, प्रवचन, दीपोत्सव एवं स्थानीय दर्शनीय स्थलों का भ्रमण होगा।

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर के जन आरोग्य मेले में 129 मरीजों का उपचार

संवाददाता अमृतपुर

अमृत विचार। प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अमृतपुर में रविवार को जन आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। इस मेले में क्षेत्र के विभिन्न गांवों से बड़ी संख्या में मरीज पहुंचे। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने सभी मरीजों की जांच कर निःशुल्क उपचार और दवाइयां वितरित कीं।

मेले के दौरान कुल 129 मरीजों का उपचार किया गया। इनमें 14 मरीज मलेरिया से पीडित्त पाए गए। मलेरिया मच्छरों के काटने से फैलने वाला एक संक्रामक रोग है, जिसके लक्षणों में तेज बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द और कमजोरी शामिल हैं।

इसके अतिरिक्त, दूषित पानी और भोजन से फैलने वाले टाइफाइड के 12 मामले सामने आए। टाइफाइड में लंबे समय तक बुखार, पेट दर्द और कमजोरी रहती है। खुजली (त्वचा संक्रमण) के 16 मरीजों का भी इलाज किया गया, जो अक्सर गंदगी या संक्रमण के कारण होती है। मौसम परिवर्तन के कारण होने वाले सर्दी-जुकाम के 9 मरीज पाए गए। हीमोग्लोबिन की कमी (एनीमिया) से पीडित्त 3 मरीजों की पहचान की गई, जिसमें थकान, कमजोरी और चक्कर आने की समस्या होती है। डिहाइड्रेशन और सामान्य बुखार के 2-2 मरीजों का भी उपचार किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने मरीजों को साफ-सफाई बनाए रखने, शुद्ध पानी पीने, पौष्टिक आहार को जागरूक किया।

प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र अमृतपुर में मरीजों को देखते चिकित्सक।

798 बेटियों के खातों में 60-60 हजार रुपये भेजे

कार्यालय संवाददाता, कन्नौज

वरमाला पहनाते वर-वधू (फाइल फोटो)

अमृत विचार। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना के तहत शादी व निकाह करने वाली 798 बेटियों के खातों में 60-60 हजार रुपये भेज दिए गए हैं। जिले में 07 बार अलग- अलग आयोजन हुए जिसमें सभी वर्गों के चयनित शामिल हुए। कुल 04 करोड़ 78 लाख 80 हजार रुपये वधू के खातों में पहुंच गए हैं।

समाज कल्याण विभाग की ओर से मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना चल रही है। वर्तमान में इस योजना के तहत शादी या निकाह करने वाली बेटियों को 60 हजार रुपये खाते में दिए जाते हैं। आयोजन स्थल पर कार्यक्रम के दौरान 25 हजार रुपये की गृहस्थी आदि की सामग्री दी जाती है। इसमें आभूषण भी शामिल हैं। 15 हजार रुपये आयोजन खर्च हो जाता है। मार्च में शहर के पीएसएम पीजी कॉलेज में दो बार व तिर्वा में एक बार सामूहिक विवाह कराए गए। इसके अलावा तालग्राम समेत अन्य ब्लॉक व निकाय क्षेत्र में भी आयोजन हुए। जिला समाज कल्याण अधिकारी वेद प्रकाश मिश्र ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में पहले 623 व मार्च में 798 कुल 1421 जोड़ों की शादियां व निकाह कराए गए।

ईस्टर पर गिरजाघरों में की गई प्रार्थनाएं, प्रभात फेरियां निकालीं

संवाददाता फर्रुखाबाद

बढ़पुर स्थित चर्च परिसर में मौजूद मसीही समाज के लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। ईस्टर के पावन अवसर पर नगर के गिरजाघरों में श्रद्धा, उल्लास और आध्यात्मिक वातावरण का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रभु यीशु मसीह के पुनर्जीवित होने की स्मृति में मसीही समाज के लोगों ने विशेष प्रार्थना सभाओं का आयोजन कर उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया तथा विश्व शांति का संदेश दिया।

बढ़पुर स्थित सीएनआई चर्च बढ़पुर में ईस्टर संडे के अवसर पर भव्य प्रार्थना सभा आयोजित की गई। प्रातःकाल प्रभात फेरी निकाली गई, जिसमें मसीही समाज के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने भजन-कीर्तन के माध्यम से प्रभु की महिमा का गुणगान किया और उनके पुनर्जीवन की खुशी मनाई।

चर्च में आयोजित विशेष आराधना सभा के दौरान पादरी मनोज कुमार ने पवित्र बाइबिल के सात वचनों का पाठ किया।

इस अवसर पर चर्च में बच्चों का 32वां (धार्मिक संस्कार) भी संपन्न कराया गया, जिसमें चार बच्चों ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान श्रद्धालुओं में विशेष उत्साह देखने को मिला और पूरे परिसर में भक्ति एवं अनुशासन का वातावरण बना रहा।कार्यक्रम में राजीव के लाल, भावना लाल, विनीता, अमन मनीला, अजय जी लाल, आदित्य सहाय, विजय दयाल, रितेश ऑलिव, वीना साइमन, निशा लाल, प्रशांत एडसन सहित बड़ी संख्या में मसीही समाज के लोग उपस्थित रहे।

बाइकों की भिड़ंत में युवक घायल

फर्रुखाबाद। कमालगंज क्षेत्र के श्रृंगीरामपुर के पास रविवार को दो बाइकों की आमने-सामने की टक्कर हो गई। इस हादसे में सिंघीरामपुर निवासी विमल कुमार गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टक्कर इतनी भीषण थी कि विमल कुमार का पैर टूट गया और वे सडक़ पर गिर गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायल विमल को उपचार के लिए नजदीकी अस्पताल पहुंचाया। बताया जा रहा है कि दूसरी बाइक का सवार युवक हादसे के बाद मौके से फरार हो गया। पुलिस को घटना की सूचना दे दी गई है और फरार युवक की तलाश की जा रही है। ग्रामीणों ने प्रशासन से क्षेत्र में तेज रफ्तार वाहनों पर नियंत्रण लगाने और सडक़ सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की है।

जिले में आंधी से टूटे विद्युत पोल गंगापार के चारों फीडर रहे बंद

संवाददाता फर्रुखाबाद/ अमृतपुर

अमृतपुर मेंआंधी के बाद गिरे विद्युत पोल ठीक करते विद्युतकर्मी। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में शनिवार रात आई तेज आंधी और बारिश ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया। तेज हवाओं, गरज-चमक और बारिश के चलते जहां विद्युत व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई, वहीं किसानों की तैयार खड़ी फसल को भी भारी नुकसान पहुंचा है। हालात यह रहे कि करीब 120 गांवों में पूरी रात अंधेरा पसरा रहा और रविवार सुबह तक भी हालात पूरी तरह सामान्य नहीं हो सके।

बताया गया कि नीबकरोरी से नवाबगंज विद्युत उपकेंद्र को जोडऩे वाली 33,000 वोल्ट की मुख्य लाइन शनिवार रात करीब 8 बजे तेज हवाओं के दबाव में ब्रेकडाउन हो गई। इससे पूरे उपकेंद्र की आपूर्ति ठप हो गई और क्षेत्र के सैकड़ों गांवों में अचानक बिजली गुल हो गई। बिजली जाते ही ग्रामीणों को अंधेरे, पेयजल संकट और संचार व्यवस्था में बाधा जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ा। ग्राम नगला हूषा के पास 33 केवी लाइन का विद्युत पोल छतिग्रस्त हो गया और कई जगह पर 11 हजार लाइन भी खराब हुई। जिससे इस क्षेत्र के चार विद्युत उपकेंद्र जिसमें सलेमपुर राजपुर अमृतपुर प्रथम एवं अमृतपुर द्वितीय उपकेंद्र सारी रात विद्युत सप्लाई से महरूम रहे। व्यवस्था लडख़ड़ाने के बाद पांच सैकड़ा से अधिक गांव अंधेरे में डूबे रहे। सुबह विद्युत विभाग के जेई शिवम तिवारी एवं उनकी टीम ने मोर्चा संभाला और खराब विद्युत व्यवस्था को दुरुस्त करने में लग गए।

आयोजन | निषाद पार्टी के जिला कार्यालय पर गोष्ठी और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया

महर्षि कश्यप व निषाद राज जयंती पर निकली भव्य शोभायात्रा

संवाददाता फर्रुखाबाद/ कायमगंज

महर्षि कश्यप व निषाद राज की शोभायात्रा में झांकी व कश्यप समाज के लोग।

अमृत विचार। कश्यप निषाद समाज एवं निर्बल इंडियन शोषित हमारा अपना दल के संयुक्त तत्वावधान में धर्म पुरुष महर्षि कश्यप एवं निषाद राज जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस अवसर पर भव्य शोभायात्रा निकाली गई तथा निषाद पार्टी के जिला कार्यालय पर गोष्ठी और प्रसाद वितरण का आयोजन किया गया।

शोभायात्रा का शुभारंभ नगर के पटेल पार्क से हुआ, जहां समाज के लोग बड़ी संख्या में एकत्रित हुए। यहां महर्षि कश्यप एवं निषाद राज की आकर्षक झांकियां सजाई गईं। जयकारों के बीच यात्रा पटेल पार्क से प्रारंभ होकर रेलवे रोड, चौक, घूमना, लालसराय, लाल दरवाजा होते हुए बढ़पुर मंदिर पहुंची, जहां इसका समापन हुआ।

यात्रा के समापन के बाद पार्टी के जिला कार्यालय पर आयोजित गोष्ठी में समाज के लोगों ने दोनों महापुरुषों को नमन करते हुए उनके बताए आदर्शों पर चलने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान समाज के बुजुर्गों को सम्मानित किया गया तथा भंडारे का भी आयोजन किया गया।

शोभायात्रा में बड़ी संख्या में लोगों की भागीदारी रही और विभिन्न स्थानों पर पुष्पवर्षा कर स्वागत किया गया। जिला अध्यक्ष अनिल कुमार कश्यप ने बताया कि यह आयोजन प्रतिवर्ष उनके संयोजन में किया जाता है। उन्होंने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी समाजजनों के प्रति आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी इसी तरह सहयोग बनाए रखने की अपेक्षा की।कायमगंज प्रतिनिधि के अनुसार नगर में रविवार को महर्षि निषादराज जयंती पर कश्यप सेवा समिति द्वारा नगर में एक विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

यह शोभायात्रा बड़ी देवी मंदिर से प्रारंभ होकर गल्ला मंडी चौराहा, मुख्य चौराहा, लोहाई बाजार, बजरिया, पटवन गली, जटवारा रोड होती हुई पुनः बड़ी देवी मंदिर पर जाकर संपन्न हुई। इस शोभा यात्रा में महर्षि निषाद राज व ऋषि कश्यप का रथ चल रहा था। शोभा यात्रा का नगर में कई जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया। वहीं डीजे की धुन पर शोभायात्रा में मौजूद युवक व महिलाएं थिरकते हुए नजर आए। इस शोभा यात्रा में नरेश बाथम, उमेश मौजूद रहे।

दुकान में चोरी का खुलासा तीन आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता कायमगंज

अमृत विचार। कायमगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पितौरा निवासी अनीस मोहम्मद की दुकान में हुई चोरी की घटना का पुलिस ने रविवार को सफल खुलासा कर दिया है। पुलिस ने इस मामले में तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से भारी मात्रा में पान मसाला, सिगरेट और अन्य चोरी का सामान बरामद किया ।

दुकानदार अनीस मोहम्मद ने 1 अप्रैल 2026 को अचरा रोड पर बिरियन तिराहे के पास स्थित अपनी दुकान से पान मसाला, सिगरेट आदि सामान चोरी होने की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इस संबंध में थाना कायमगंज में मुकदमा पंजीकृत किया गया था।

पुलिस को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर रविवार को झब्बूपुर क्रॉसिंग के पास से तीन आरोपियों आशु (22 वर्ष) निवासी मोहल्ला जटवारा, आकाश (21 वर्ष) निवासी जटवारा और दानिश उर्फ अरबाज (19 वर्ष) निवासी प्रेमनगर को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ के दौरान, आरोपियों ने स्वीकार किया कि उन्होंने 1 अप्रैल की रात अचरा रोड स्थित पान मसाला की दुकान के पीछे से ईंट निकालकर अंदर घुसकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया था। पुलिस ने आरोपियों के पास से विभिन्न ब्रांडों के पान मसाला के पैकेट, सिगरेट की डिब्बियां और अन्य सामान बरामद किया है।

न्यूज ब्रीफ

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

भरथना। थाना क्षेत्र के गांव मोढ़ी में ईंटों से लदे ओवरलोड ट्रैक्टर ने बाइक को टक्कर मार दी। इसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रैक्टर चालक घटना के बाद गाड़ी लेकर भाग गया। घायल को सीएचसी में भर्ती कराया गया। क्षेत्र के गांव विरौंधी निवासी ललित (33) बाइक पर सवार होकर मोढ़ी स्थित अपनी फोटो स्टूडियो की दुकान से घर खाना खाने जा रहा था। फौजी ढाबा के समीप सामने से आ रहे तेज रफ्तार ओवरलोड ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी जिससे ललित की बाइक ट्रैक्टर के दोनों टायरों के बीच में फंस गई और ललित गंभीर रूप से घायल हो गया। मौके पर ग्रामीणों की भीड़ इकट्ठा होती देख ट्रैक्टर चालक मौके से भाग गया। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को तुरंत ही सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भरथना में भर्ती कराया गया। यहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। थानाध्यक्ष विक्रम सिंह ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे की मदद से ट्रैक्टर चालक की तलाश कर उसे पकड़ा जाएगा।

ग्यारहवीं पुण्यतिथि पर कार्यक्रम आज

बकेवर। विराट व्यक्तित्व के धनी इटावा जनपद के शैक्षिक परिवेश के मालवीय कहे जाने वाले जनता विद्यालय इंटर कॉलेज बकेवर के पूर्व प्रबंधक स्व. आनन्द स्वरूप मिश्र की एकादश पुण्यतिथि पर कल 6 अप्रैल को प्रातः बेला में 9 बजे उनके समाधि स्थल पर श्रद्धा सुमन अर्पित कर प्रार्थना सभा का आयोजन किया जायेगा। उक्त जानकारी कॉलेज के प्राचार्य प्रो. डॉ. राजेश किशोर त्रिपाठी व प्रधानाचार्य अनिमेष वर्मा ने संयुक्त रूप से दी है।

ताला तोड़कर मकान पर अवैध कब्जा

बकेवर। चकरनगर तहसील क्षेत्र के ग्राम बसैयाहार (मौजा अहमदपुर) में एक व्यक्ति ने अपने मकान पर दबंगों द्वारा ताला तोड़कर अवैध कब्जा करने का आरोप लगाया है। पीड़ित ने उपजिलाधिकारी को प्रार्थना पत्र देकर कार्रवाई की मांग की है। बसैयाहार निवासी सत्यनारायण पुत्र स्व. राजेंद्र प्रसाद ने बताया कि उसकी निजी भूमि गाटा संख्या 76 रकबा 0.032 हेक्टेयर पर बना मकान वर्षों से उसके कब्जे में था। वह परिवार के भरण-पोषण के लिए बाहर रहता है। इसी का फायदा उठाकर गांव के ही नामजद आरोपितों ने मकान का ताला तोड़कर जबरन कब्जा कर लिया। विरोध करने पर आरोपियों ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी।

परशुराम जयंती पर निकलेगी शोभायात्रा

कालपी जालौन। अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा व परशुराम सेना नगर ईकाई की एक बैठक मोहन महाराज की अध्यक्षता में राधे गार्डन में सम्पन्न हुई। जिसमें 19 अप्रैल को भगवान परशुरामजी की भव्य शोभायात्रा निकालने को लेकर योजना तैयार की गई। इस दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। गत वर्षों की भांति इस वर्ष भी भगवान विष्णु के छठे अवतार भगवान परशुराम जी की भव्य शोभायात्रा 19 अप्रैल दिन रविवार को ठक्कर बापा इंटर कालेज से निकाले जाने को लेकर बैठक सम्पन्न हुई। इस दौरान प्रमुख रूप से राम कुमार तिवारी, आशुतोष मिश्रा, हरिश्चन्द्र दीक्षित, बृजगोपाल द्विवेदी, ज्ञानेन्द्र मिश्रा, अवधेश बाजपेई, आनन्द शर्मा, प्रदीप तिवारी, सतीश द्विवेदी, अरुण शुक्ला, शिवदत्त मोनस, लक्ष्मी द्विवेदी, नरेन्द्र द्विवेदी, विवेक दीक्षित भीलू महाराज, कपिल शुक्ला, भरत पाण्डेय, अशोक पाण्डेय, अशोक व्यास, सोम नारायण तिवारी, कृष्ण कुमार दीक्षित आदि मौजूद रहे।

बेमौसम झमाझम बारिश व ओलों से किसान बर्बाद

खेतों में पककर तैयार हुई गेहूं की फसल बारिश से बिछ गई, नुकसान देख किसानों ने पकड़ा माथा

संवाददाता इटावा/भरथना/ताखा

खेत में बिछी पड़ी गेहूं की फसल। अमृत विचार

ताखा क्षेत्र में बरसात के साथ गिरे ओले। अमृत विचार

अमृत विचार। शनिवार की देर शाम बारिश और ओले गिरने के बाद रविवार की दोपहर बाद हुई झमाझम बारिश व ओलों ने किसानों की मेहनत पर पानी फेर दिया।

रविवार को बारिश काफी तेज थी। इसके चलते खेतों में खड़ी किसानों की फसल खेतों में ही बिछ गई। इस समय गेहूं की फसल पककर तैयार है और कटाई शुरू हो रही है। ऐसे में बारिश ने गेहूं की फसल का काफी नुकसान किया है। अब जो फसल खेत में बिछ गई है उसके खड़े होने की संभावना नहीं के बराबर है और यह किसानों का बड़ा नुकसान है। रबी की फसल में जिले में करीब 80 हजार हेक्टेयर में गेहूं की खेती की जा रही है। रविवार को सुबह धूप निकल आई जिससे लगा कि मौसम ठीक है लेकिन दोपहर बाद अचानक बादल छा गए और 3 बजे से बारिश शुरू हुई देर शाम तक होती रही। बारिश ने फसलों को चौपट कर दिया। करीब आधे घंटे के ब्रेक के बाद फिर बारिश होने लगी। कुछ स्थानों पर ओले भी पड़े लेकिन वह काफी छोटे थे।

अचानक बदले मौसम के मिजाज ने किसानों और बागवानों की चिंता बढ़ा दी है। बारिश और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि ने खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को नुकसान पहुंचाया है। आम की फसल पर भी खतरे के बादल मंडराने लगे हैं। किसानों का कहना है कि वे लंबे समय से गेहूं की कटाई की तैयारी में जुटे थे और कई जगहों पर कटाई शुरू भी हो चुकी थी। ऐसे में अचानक हुई बारिश ने उनकी मेहनत पर पानी फेर दिया। खेतों में खड़ी फसल भीगने से बालियों में दाना काला पड़ने का खतरा बढ़ गया है, जिससे बाजार में उचित मूल्य मिलने की संभावना कम हो गई है। खेतों में पानी भरने और अधिक नमी के कारण फसल सड़ने की आशंका भी हो गई है। इस समय आम की फसल को गर्म और शुष्क मौसम की आवश्यकता होती है, लेकिन बारिश के कारण वातावरण में ठंडक और नमी बढ़ गई है। इससे आम के टिकोलों में कालापन आने और आम गिरने की संभावना बढ़ गई है, इससे उत्पादन पर विपरीत असर पड़ सकता है। ताखा प्रतिनिधि के अनुसार बीस मिनट तक जमकर ओले पड़े। ओले गिरने से ताखा नगला कोरी नगला टांकन जुगराज पुर, कटैला, रठूरी, सुखैया आदि के किसान प्रभावित हुए है। खेतों में खड़ी फसलें बर्बाद हो गई। किसान बुरी तरह से परेशान है।

ट्रेन में चढ़ते-उतरते समय दो महिलाएं ट्रैक पर गिरीं

संवाददाता भरथना इटावा

- **जीआरपी ने बचाई दोनों की जान, दोनों का इलाज जारी**

अमृत विचार। रेलवे स्टेशन पर रविवार सुबह डाउन लाइन के प्लेटफॉर्म नंबर दो पर खड़ी मेमो पैसेंजर ट्रेन में चढ़ते-उतरते समय दो महिलाएं असंतुलित होकर ट्रेन और प्लेटफॉर्म के बीच ट्रैक पर गिरकर घायल हो गई।

उन्नाव जनपद के टिकरा थाना माखी निवासी जसोदा देवी 70 वर्ष ने जानकारी देते हुए बताया कि मै अपने भतीजे राजकुमार के साथ बकेवर थाना क्षेत्र के नंदपुरा गांव में अपने मायके में धार्मिक कार्यक्रम में शामिल होने आई थी कार्यक्रम के बाद सुबह करीब सवा नौ बजे टूंडला - कानपुर पैसेंजर ट्रेन में सवार होकर कानपुर जा रही थी जहां से दूसरी ट्रेन के जरिये मुझे उन्नाव जाना था जैसे ही ट्रेन भरथना स्टेशन पर रुकी हम भतीजे के साथ ट्रेन में चढ़ने लगे भीड़ ज्यादा होने के कारण मेरा हाथ फिसल गया और मैं सीधे प्लेटफॉर्म तथा ट्रेन के बीच में रेलवे ट्रैक पर जा गिरी। जिससे मुझे चोटें आई। उक्त मेमू ट्रेन से नीचे उतर रही आशा देवी पत्नी राजकुमार निवासी सिंधी मोहल्ला लेबर कॉलोनी फिरोजाबाद ने बताया कि हम फिरोजाबाद से भरथना अपने एक रिश्तेदारी में जा रही थी तभी भरथना रेलवे स्टेशन के प्लेटफार्म नम्बर दो पर पैसेंजर ट्रेन से उतरने के दौरान असंतुलित होकर ट्रेन तथा प्लेटफॉर्म के बीच में जा गिरी जिससे हम घायल हो गए। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, दोनों महिलाओं के गिरते ही ट्रेन चल पड़ी, जिससे मौके पर हड़कंप मच गया। हालांकि, स्टेशन पर मौजूद जीआरपी के जवानों ने तत्परता दिखाते हुए तुरंत ट्रेन रुकवाई और दोनों महिलाओं को सुरक्षित बाहर निकाला। घायल महिलाओं का इलाज जारी है।

कांग्रेसियों ने बाबू जगजीवन राम को याद कर मनाई जयंती

कार्यालय संवाददाता इटावा



बाबू जगजीवन राम के चित्र पर माल्यार्पण करते कांग्रेसी नेता। अमृत विचार

अमृत विचार। जनपद के कांग्रेस कार्यालय पर पूर्व उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवन राम की जयंती पर एक विचार गोष्ठी का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर जिला अध्यक्ष आशुतोष दीक्षित ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि बाबू जगजीवन राम की गिनती आधुनिक भारतीय राजनीति के शिखर पुरुषों में अग्रणी पंक्ति में होती रही। संसदीय जीवन में देश के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण अभूतपूर्व रहा उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ रहा। विचार गोष्ठी की श्रृंखला को आगे बढ़ते हुए शहर अध्यक्ष मोहम्मद राशिद ने अपने संबोधन में कहा कि सदियों से शोषित और उत्पीड़ित दलितों, मजदूरों के मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए बाबू जगजीवन राम द्वारा किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं। जगजीवन राम जी का ऐसा व्यक्तित्व था जिसने कभी भी अन्याय से समझौता नहीं किया और दलितों के सम्मान के लिए, हमेशा संघर्षरत रहे। बाबू जी का भारत में संसदीय लोकतंत्र के विकास में महत्वपूर्ण योगदान रहा। इसके साथ ही कोमल सिंह कुशवाहा पीसीसी मेंबर, करण सिंह राजपूत मैनपुरी कोऑर्डिनेटर, झब्बू लाल कुशवाहा आदि ने भी बाबूजी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व पर अपने-अपने विचार प्रकट किए। विचार गोष्ठी में रणवीर सिंह यादव, बलवीर सिंह कठेरिया, कुशल पाल सिंह यादव, सचिन शंखवार, सरवर अली, प्रदीप द्विवेदी, तुलसीदास शुक्ला, महेंद्र सिंह, सिद्धनाथ, एवं अमन तिवारी, आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

दुकान से अंगूठी चोरी करने वाला गिरफ्तार

भरथना। कस्बा भरथना के तिलक रोड स्थित बजाजा लाइन में सर्राफा व्यापारी की दुकान से हुई अंगूठी चोरी की घटना का पुलिस ने खुलासा करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के कब्जे से चोरी की गई सोने की अंगूठियां व असलहा मिला है।

महावीर नगर निवासी सचिन कुमार वर्मा की सर्राफे की दुकान तिलक रोड स्थित बजाजा लाइन में है। 2 अप्रैल 2026 को शाम सवा छह बजे एक युवक दुकान पर आया और अंगूठियां देखने लगा। कुछ देर बाद वह चला गया, लेकिन करीब 6:45 बजे पुनः दुकान पर पहुंचकर अंगूठियां देखने के बहाने मौका पाकर करीब 23 ग्राम वजन की 10 सोने की अंगूठियां चोरी कर फरार हो गया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी। पुलिस ने शनिवार को नगला डरू तिराहे से आरोपी मदन मोहन 19 पुत्र जीवन सिंह निवासी ग्राम नगला आशाराम, मौजा बेटियापुर थाना भरथना को गिरफ्तार कर लिया।

नाट्य कला का मिलेगा प्रशिक्षण

कार्यालय संवाददाता इटावा

कार्यक्रम की जानकारी देते डॉ. कैलाश यादव साथ में रवीन्द्र चौहान पवन राजपूत।

अमृत विचार। थिएटर और रंगमंच पर काम करने की इच्छा रखने वालों के लिए इटावा में पहली बार नाट्य कला सिखाए जाने की शुरुआत की जा रही है। इसके लिए प्रशिक्षण दिया जाएगा और यह प्रशिक्षण भी नाट्य विद्यालय से आए हुए प्रशिक्षक देंगे। रंग अलख, रंग कल्प व पानकुंवर इंटरनेशनल स्कूल की ओर से नाट्य कार्यशाला 20 अप्रैल से विद्यालय परिसर में लगेगी। यह जानकारी निदेशक प्रधानाचार्य डा. कैलाश यादव ने दी है।

उन्होंने बताया है कि मध्य प्रदेश नाट्य विद्यालय से प्रशिक्षित पवन राजपूत व फिल्म निर्माता निर्देशक रवीन्द्र चौहान रविवार 10 दिनों तक प्रशिक्षण देंगे। डॉ कैलाश यादव ने बताया है कि थियेटर वर्कशॉप केवल भविष्य के अभिनेताओं के लिए ही नहीं, बल्कि शिक्षकों, छात्रों और कॉर्पोरेट पेशेवरों के लिए भी उतनी ही उपयोगी है क्योंकि यह नेतृत्व और अनुकूलनशीलता जैसे गुण सिखाती है। फिल्म निर्माता निर्देशक रवीन्द्र चौहान रविदा ने बताया कि थियेटर वर्कशॉप एक ऐसा मंच है जो न केवल अभिनय कौशल को निखारता है, बल्कि व्यक्ति के व्यक्तित्व विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। थियेटर के जरिए व्यक्ति अपनी दबी हुई भावनाओं को बाहर निकाल सकता है, जो तनाव कम करने में सहायक होता है। प्रशिक्षक पवन राजपूत ने कहा कि वर्कशॉप के जरिए अभिनय की बारीकियों, जैसे कि वॉयस मॉड्यूलेशन आवाज का उतार-चढ़ाव, बॉडी लैंग्वेज और इमोशनल एक्सप्रेशन भावों की अभिव्यक्ति आत्मविश्वास में वृद्धि, अनुशासन, बेहतर संचार, एकाग्रता को गहराई से सीखा जा सकता है। इस कार्यशाला में छात्र पर्यावरण संसद एवं भूमिजा फाउंडेशन की सहभागिता रहेगी।

- **पांन कुंअर स्कूल में लगेगी दस दिवसीय कार्यशाला**
- **थिएटर के जरिये दबी भावनाओं को बाहर निकाल सकते हैं**

महर्षि कश्यप व निषादराज गुहा की जयंती मनाई गई

कार्यालय संवाददाता इटावा

- **सपा कार्यालय में सपाइयों ने किया याद**
- **उनके चित्रों पर माल्यार्पण कर उनका जीवन परिचय बताया**

अमृत विचार। सपा कार्यालय पर सपा जिला अध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू की अध्यक्षता में ऋषि मुनियों में श्रेष्ठ महर्षि कश्यप एवं श्रृंगवेरपुर के राजा निषादराज गुहा की जयंती मनाई गई।

इस अवसर पर सपा जिलाध्यक्ष प्रदीप शाक्य बबलू ने दोनों महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण कर उनके जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं एवं कार्यक्रम में उपस्थित सभी पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं को दोनों महान विभूतियों के पद चिन्हों चलने के लिए प्रेरित किया। इस मौके पर समाजवादी पार्टी के जिला महासचिव वीरभान सिंह भदौरिया, सपा प्रदेश सचिव के पी शाक्य, वरिष्ठ नेता लाखन सिंह जाटव, पूर्व प्रत्याशी सर्वेश शाक्य, सपा जिला उपाध्यक्ष अनवार हुसैन, रवींद्र शुक्ला, आशीष राजपूत, जिला सचिव प्रवीण कुशवाहा, राजकुमार यादव, विधानसभा अध्यक्ष उमेश राजपूत दुल्ले, छात्रसभा जिलाध्यक्ष रवी यादव विधायक, लालू यादव, कमलेश यादव जिला अध्यक्ष सैनिक प्रकोष्ठ, राकेश यादव प्रदेश सचिव पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ, प्रदेश सचिव सैनिक प्रकोष्ठ विश्राम सिंह यादव, सैनिक प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव रवींद्र यादव, इंजीनियर सुघर सिंह दोहरे आदि उपस्थित रहे।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

सभी को मिल रहा सरकार की योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता इटावा

प्रशिक्षण कार्यक्रम को सम्बोधित करते पूर्व सांसद डॉ. रामशंकर कठेरिया।

- **नारायणा कॉलेज में भाजपा के प्रशिक्षण अभियान का समापन**

अमृत विचार। नारायणा कॉलेज ऑफ़ साइंस एंड आर्ट्स में भर्थना विधानसभा के समस्त छह मंडलो का जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता के नेतृत्व में दो दिवसीय पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान का समापन हुआ।

पूर्व सांसद डॉ रामशंकर कठेरिया ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार व सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व वाली प्रदेश की भाजपा सरकार द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाए संचालित की जा रही हैं। सरकार की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ प्रदेश के प्रत्येक जरूरतमंद को बिना किसी भेदभाव के मिल रहा हैं। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष शिवमहेश दुबे ने कहा भाजपा का बूथ प्रबंधन उसकी चुनावी जीत का मुख्य स्तंभ है। पूर्व सांसद रघुराज शाक्य ने कहा कि भाजपा सरकार द्वारा अनेकों जनकल्याणकारी योजनाओं का संचालन किया जा रहा हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष अन्नू गुप्ता ने कहा भाजपा सरकार में अनेकों मूलभूत योजनाएं संचालित हो रही हैं। प्रशिक्षण अभियान में वर्ग प्रभारी डॉ रमाकांत शर्मा, वर्ग प्रमुख कृपा नारायण तिवारी, सतेन्द्र राजपूत, हरनाथ कुशवाहा, वर्ग नियंत्रक संजीव भदौरिया, कार्यक्रम प्रमुख अभिषेक मिश्रा, अशोक चौबे, अनूप जाटव, अमित तिवारी, संजू बाबू शाक्य, मधु तोमर, जितेंद्र पाल, सुरेश राजपूत आदि मौजूद रहे।

महिला मरीज का अस्पताल में गिरा पर्स, सफाई कर्मी ने लौटाया

कार्यालय संवाददाता इटावा

- **अधिकारियों ने सफाईकर्मी को किया सम्मानित**

अमृत विचार। डॉक्टर भीमराव अंबेडकर संयुक्त जिला अस्पताल के इमरजेंसी वार्ड में तैनात कर्मचारी केदार को एक महिला मरीज का गिरा हुआ पर्स मिला, जिसमें कीमती जेवर और जरूरी दस्तावेज थे। उसने बिना किसी लालच के पर्स को सुरक्षित अधिकारियों को सौंप दिया, बाद में उन्हें सम्मानित किया गया।

जिला अस्पताल की इमरजेंसी में इलाज कराने आई कुसमा देवी का पर्स वेटिंग एरिया में गिर गया और वह अपने परिवार के साथ वापस चली गईं। ड्यूटी पर मौजूद सफाई कर्मचारी केदार की नजर जब पर्स पर पड़ी तो उसने तुरंत सतर्कता दिखाते हुए उसे उठाया और मामले की जानकारी सुरक्षा गार्ड रामपाल यादव और डाइटिशियन अर्चना सिंह को दी। अधिकारियों की मौजूदगी में जब पर्स खोला गया तो उसमें सोने और चांदी के जेवर आधार कार्ड, आरबीएल बैंक का एटीएम कार्ड और अन्य जरूरी कागजात मिले। पर्स के अंदर एक पर्ची भी रखी थी जिसमें निर्भय सिंह का मोबाइल नंबर लिखा हुआ था। इसी नंबर के जरिए उनसे संपर्क कर पूरी जानकारी दी गई। निर्भय सिंह के कहने पर उनका एक रिश्तेदार, जो अस्पताल में कार्यरत है, मौके पर पहुंचा। सीएमएस डॉ. परितोष शुक्ला ने सभी सामान की जांच करवाई और जरूरी लिखित प्रक्रिया पूरी कराने के बाद पर्स उसे सौंप दिया। इसके बाद सफाई कर्मचारी केदार की ईमानदारी की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानित किया गया।

मौसम की मार

प्रशासन ने खराब हुई फसलों का मौका मुआयना कर किसानों को दिया आश्वासन

ओला, बारिश से फसलें तबाह, किसान हलकान

संवाददाता, कालपी जालौन

बारिश से खराब हुई फसलों का आकलन करते अधिकारी। अमृत विचार

अमृत विचार। आंधी, बारिश और ओलों से किसानों की फसलों को नुकसान हुआ है। इससे किसान परेशान है। इधर प्रशासन सतर्क है। रविवार को प्रशासन ने डेढ़ दर्जन से अधिक गांवों का निरीक्षण कर क्षति का आकलन किया है।

शनिवार शाम अचानक हुई बरसात ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है हालांकि क्षेत्र के अधिकार गांवों में ओलावृष्टि नहीं हुई थी पर बरसात से खरीफ की फसलों को काफी क्षति होने की आशंका है। इसी को परखने के लिए रविवार को एसडीएम मनोज कुमार सिंह ने प्रशासनिक अधिकारियों एवं राजस्व कर्मियों को क्षति का आकलन करने के निर्देश दिए है। एसडीएम के मुताबिक रविवार को बाकी, उकरूवा, बबीना, कुरहना, आटा, गोरा, मगरौल, खल्ला, दमरास, सहित डेढ़ दर्जन गांवों में बेमौसम हुई बरसात से फसलों को हुई क्षति का आंकलन किया गया है जिसमें फसलों को क्षति तो हुई पर ओलावृष्टि न होने से ज्यादा नुकसान नहीं है फिर भी लेखपालों को क्षतिग्रस्त फसलों की रिपोर्ट देने के निर्देश दिए गए है साथ ही फसल बीमा करने वाली एसबीआई क्रॉप कारपोरेशन को भी सर्वे कर किसानों को क्षतिपूर्ति करने के लिए कहा गया है। तहसीलदार अभिनव तिवारी के मुताबिक सभी राजस्व कर्मचारियों को क्षेत्र में मौजूद रहकर किसानों से मिलकर फसलों की स्थिति जानने के लिये कहा गया है जैसी क्षति होगी उसकी रिपोर्ट शासन को भेजी जाएगी।

मौसम का मिजाज देख किसान सदमे में : वैसे तो गत कई दिनों से मौसम का मिजाज खराब है जिसके चलते किसान जल्दी से जल्दी खेतों में खड़ी फसलों की कटाई में लगा है लेकिन रह रहकर हो रही बरसात से फसलों की सही ढंग से कटाई भी नहीं हो रही है लेकिन शनिवार शाम से बिगड़े मौसम के मिजाज ने किसानों को परेशान कर दिया है आलम यह है कि रविवार को भी मौसम के मिजाज में कोई परिवर्तन नहीं हुआ है जिससे किसानों को फसलें पूरी तरह से तबाह होने की आशंका से सदमे में हैं।

कालपी में भी भारी बारिश ने मचाई तबाही

कालपी। कालपी क्षेत्र में अचानक हुई भारी वर्षा एवं ओलावृष्टि से किसानों की खेतों में पकी फसलें बुरी तरह से नष्ट हो गई हैं, जिससे किसान के सामने भीषण संकट खड़ा हो गया है। जिसको देखते हुए कालपी विधायक विनोद चतुर्वेदी ने शासन स्तर पर पहल शुरू कर दी है। किसानों को उनकी नष्ट हुई फसलों का मुआवजा दिलाए जाने की सरकार से मांग की है। शनिवार को जनपद जालौन के ज्यादातर हिस्सों में तेज बारिश के साथ-साथ भारी मात्रा में ओलावृष्टि होने से किस बुरी तरह से परेशान हो गया है। खेतों में किसानों की फसलें पकी खड़ी है या कुछ किसानों ने अपनी फसल काट कर रखी हुई व ओलावृष्टि से पूरी फसल नष्ट हो गई। भारी बारिश के साथ-साथ तेज हवाओं के साथ आंधी एवं ओले गिरने से फसलें बर्बाद हो गईं।

चौथे दिन फुल पावर चौराहे के पास गरजा एनएचएआई का बुलडोजर

संवाददाता कालपी जालौन

अमृत विचार। एनएचएआई का अतिक्रमण के खिलाफ अभियान चौथे दिन भी जारी रहा। टीम ने मुन्ना फुलपावर चौराहे के पास कब्जे हटाए।

मालूम हो कि राष्ट्रीय राजमार्ग विकास प्राधिकरण ने नगर सीमा में वर्ष 2019 में अधूरी पड़ी फोरलेन परियोजना पर काम शुरू किया था और मामला फिर से न फंसे इसके लिए निर्माण इकाई ने जहां जैसी जगह मिली निर्माण पूरा कर लिया था लेकिन अब प्राधिकरण ने इस रोड को सिक्सलेन बनाने की योजना तैयार की है जिसके चलते अब एनएचएआई ने हाईवे की जमीन से अतिक्रमण हटाने की कवायद शुरू की है। गुरुवार को एनएचएआई ने राजस्व अधिकारी और पुलिस बल के साथ अभियान शुरू किया था जो अभी भी जारी है रविवार को टीम ने मुन्ना फुलपावर चौराहे के पास स्थित देशी शराब ठेके से अभियान शुरू किया था जो डॉ. अयूब के अस्पताल से चौराहे तक जारी रहा था। लेकिन इस दौरान टीम को अतिक्रमणकारियों के विरोध का भी सामना करना पड़ा। जिसके चलते टीम ने शराब ठेके संचालक को अतिक्रमण खुद हटा लेने का समय दे दिया था।

कार्यालय नगर पंचायत इकदिल, इटावा

पत्रांक :- 1382/ई0नि0सू0 / न0प0 इकदिल/ 2025-206 दिनांक :- 25-03-2026

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों / पंजीकृत फर्मो को सूचित किया जाता है कि मुख्यमंत्री नगर सृजन योजना के अन्तर्गत प्राप्त धनराशि से स्वीकृत निर्माण कार्यो हेतु ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है जिसके डाक्यूमेंट/ विवरण वेबसाइड www.etender.up.nic.in पर दिनांक 27.03.2026 से दिनांक 16.04.2026 सांय 02:00 बजे तक उपलब्ध है जो कि डाउनलोड किये जा सकते है एवं निविदा 16.04.2026 को सांय 04:00 बजे खोली जायेगी। उक्त दिवस को अवकाश घोषित होने या अन्य कारण होने पर अगले कार्य दिवस को निविदायें खोली जायेगी। कार्य की संख्या, विवरण एवं निविदा सम्बन्धी शर्तो को शासन की उक्त वेबसाइट पर देखा जा सकता है।

लिपिक नगर पंचायत इकदिल इटावा | अवर अभियन्ता नगर पंचायत इकदिल इटावा | अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत इकदिल इटावा | अध्यक्ष नगर पंचायत इकदिल इटावा

न्यूज ब्रीफ

कीड़े के काटने से 12 वर्षीय किशोर की मौत

अछल्दा (औरैया)। थाना क्षेत्र के मकरंदपुर गांव में कीड़े के काटने से 12 वर्षीय किशोर की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार गांव निवासी प्रिंस को अचानक किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया, जिसके बाद उसकी हालत तेजी से बिगड़ने लगी। परिजनों ने आनन-फानन में उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) अछल्दा लेकर पहुंचे, लेकिन रास्ते में ही किशोर ने दम तोड़ दिया। अस्पताल पहुंचने से पहले ही उसकी मृत्यु हो चुकी थी, जिससे डॉक्टरों को उपचार का मौका भी नहीं मिल सका। घटना के बाद परिजन बिना किसी औपचारिक कार्रवाई के शव को वापस गांव ले गए। किशोर की असमय मौत से परिवार में कोहराम मच गया है। मां का रो-रोकर बुरा हाल है, वहीं पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई है।

धूमधाम से मनाई महर्षि कश्यप जयंती

अछल्दा (औरैया)। कस्बे के हरीगंज बाजार में महर्षि कश्यप जयंती बड़े ही धूमधाम और उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम में क्षेत्र के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और महर्षि कश्यप के जीवन व उनके आदर्शों को याद किया। कार्यक्रम में कांग्रेस के ब्लॉक अध्यक्ष संजीव कुमार ने कहा कि महर्षि कश्यप का जीवन समाज के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने कहा कि हमें उनके विचारों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में सद्भाव और नैतिकता को बढ़ावा देना चाहिए। इस अवसर पर रोहित कश्यप, राजीव कश्यप, वाहिद खान, आशीष यादव, देवांश कश्यप, वंशु कश्यप, ओम कृष्ण कश्यप, अनिकेत कश्यप, अनिल आदि मौजूद रहे।

महिलाओं-बालिकाओं को बताए अधिकार किया जागरूक

कानपुर देहात। मिशन शक्ति फेज-5 के द्वितीय चरण में रविवार को पुलिस द्वारा महिलाओं एवं बालिकाओं को बाजारों, सार्वजनिक स्थानों, ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में जागरूक किया गया। इस अभियान के माध्यम से सैकड़ों महिलाओं एवं बालिकाओं को महिला सुरक्षा, सशक्तिकरण, कानूनी अधिकारों तथा अपराधों से बचाव के उपायों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। अभियान के दौरान महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबर 181 महिला हेल्पलाइन, 1090 महिला शक्ति लाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 112 इमरजेंसी हेल्पलाइन, 1076 पुलिस कंट्रोल रूम आदि की जानकारी दी गई। इसके अतिरिक्त, यूपी कॉप ऐप के माध्यम से पुलिस सेवाओं का त्वरित लाभ उठाने तथा सोशल मीडिया पर व्याप्त साइबर अपराधों (फिशिंग, साइबर स्टॉकिंग, फर्जी प्रोफाइल/खातों से संबंधित धोखाधड़ी आदि) से बचाव के व्यावहारिक जानकारी दी गई। महिलाओं को उनके कानूनी अधिकार पाक्सो एक्ट (बाल यौन शोषण से संरक्षण), दहेज निषेध अधिनियम, घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, साइबर अपराधों से संबंधित सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम की जानकारी प्रदान की गई।

पेड़ से लटकता मिला किशोर का शव

बिधूना, औरैया। रविवार की सुबह एक 17 वर्षीय किशोर का शव गोपाल मिश्रा इटर कालेज के पीछे एक पेड़ की डाल से लटकता मिला। कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के स्वजनों ने गांव के ही कुछ लोगों पर हत्या का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कीरतपुर निवासी सुमित पुत्र जगदीश का शव रविवार की सुबह गोपाल मिश्रा इटर कालेज कीरतपुर के पीछे एक पेड़ की डाल से लटकता मिला। जैसे ही यह सूचना कोतवाली पुलिस को मिली तो पुलिस ने मौके पर पहुंच कर मृतक के शव को नीचे उतरवा कर कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक के पिता जगदीश मूल रुप से कालेपुरवा ठठिया जनपद कन्नौज के रहने वाले हैं जो बीते कुछ वर्षों से कीरतपुर में आकर बस गए थे। सुमित अपने पांच भाइयों में चौथे नंबर का था। उसकी दो बहिनें भी है।

सड़क हादसे में युवक की मौत पर रिपोर्ट दर्ज

रसूलाबाद। नौहा नौगांव निवासी एक व्यक्ति ने 20 मार्च को बाइक से जा रहे उसके भाई के तिश्ती मुर्री रोड पर ट्रैक्टर चालक द्वारा टक्कर मार देने जिससे घायल हुए उसके भाई के इलाज के दौरान मृत्यु हो जाने की रिपोर्ट ट्रैक्टर चालक के विरुद्ध दर्ज कराई है।

बिजली गिरने से फुंके उपकरण व बोर्ड। अमृत विचार

तेज बारिश के चलते सड़क पर भरा पानी। अमृत विचार

आंधी-बारिश से फसलें तबाह, लोग परेशान

थाना क्षेत्र के पट्टी तोड़ना गांव में गिरी बिजली, बाल-बाल बचे लोग, घर के उपकरण फुंके

संवाददाता, ऐरवा कटरा/ बिधूना/ औरैया

अमृत विचार। रविवार को क्षेत्र में हुई बेमौसम बरसात ने जनजीवन को बुरी तरह प्रभावित कर दिया है। तेज बारिश के चलते कई बीघा खेतों में खड़ी फसल गिरकर बर्बाद हो गई, जिससे किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि नालियों की समय पर सफाई न होने के कारण गंदा पानी सड़कों से होते हुए घरों में घुस रहा है।

हालात इतने खराब हो गए हैं कि लोगों का अपने ही घरों में रहना मुश्किल हो गया है। किसान इंद्रपाल शाक्य, बीरु राजपूत, अनिल सक्सेना, अंश, मिजाजी लाल राजपूत आदि लोगों ने बताया कि उन्हें भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। उनके खेत पूरी तरह पानी में डूब गए हैं और घरों में गंदा पानी भरने से दैनिक जीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। पशुओं के

बेला में सड़क पर पड़े ओले। अमृत विचार

- जलभराव से जनजीवन अस्त व्यस्त, ग्रामीणों में रोष

रहने की जगह भी पानी से भर गई है, जिससे पशुपालकों को भी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। इसके साथ ही गंदे पानी के कारण बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया है। ग्रामीणों ने प्रशासन से जल्द से जल्द नालियों की सफाई कराने और जल निकासी की उचित व्यवस्था करने की मांग की है। कहा यदि शीघ्र समस्या का समाधान न हुआ तो स्थिति और भी गंभीर हो सकती है।

बेला संवाददाता के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव पट्टी तोड़ना में शनिवार रात आकाशीय बिजली गिरने से एक घर में विद्युत वायरिंग और उपकरण जल गए। गनीमत रही कि इस घटना में कोई जनहानि नहीं हुई। गांव निवासी लालाराम पाल पुत्र भीखा लाल पाल ने बताया कि शनिवार रात वे अपने घर पर थे।

अचानक मौसम खराब हुआ और तेज बारिश के साथ आकाशीय बिजली कड़कने लगी। इसी दौरान उनके घर की छत पर लगी डीटीएच पर बिजली गिरी। इसके प्रभाव से घर में लगी विद्युत वायरिंग और सभी विद्युत उपकरण पूरी तरह से जल गए। लालाराम पाल ने प्रशासन से मांग की है कि आकाशीय बिजली से हुए नुकसान का आकलन कर उन्हें उचित मुआवजा दिया जाए। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है की इस संबंध में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

आंधी-बारिश के साथ हुई ओलावृष्टि

बेला, औरैया। कस्बे और आसपास के ग्रामीण इलाकों में अचानक हुई तेज बारिश और ओलावृष्टि ने जनजीवन को प्रभावित किया है। इस मौसमी बदलाव से किसानों और व्यापारियों को भारी नुकसान की आशंका है। ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी गेहूं की फसल को सबसे अधिक नुकसान होने की संभावना है। इससे फसल उत्पादन पर सीधा असर पड़ सकता है, जिससे किसानों की चिंता बढ़ गई है। नुनारी गांव के निवासी ताज मोहम्मद ने बताया कि बारिश के साथ अचानक ओले गिरने लगे, जिससे पूरे क्षेत्र में अफरा-तफरी मच गई। लोगों को सुरक्षित स्थानों की ओर भागना पड़ा। बेला कस्बे के निवासी जीतू पोरवाल और विनय कुशवाहा के अनुसार, लगातार बारिश और ओलावृष्टि से दुकानदारी पर भी प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। बाजार में ग्राहकों की आवाजाही कम होने से व्यापार प्रभावित हो रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से राहत कार्य शुरू करने और नुकसान का सर्वे कराने की मांग की है। उनका कहना है कि इससे प्रभावितों को उचित सहायता प्रदान की जा सकेगी।

हवाओं और बारिश से गेहूं की फसल को भारी नुकसान

अछल्दा (औरैया)। विकास खण्ड क्षेत्र में शनिवार रात आई तेज हवाओं और झमाझम बारिश ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है। अचानक बदले मौसम ने क्षेत्र के कई गांवों में फसलों को भारी नुकसान पहुंचाया है। खेतों में कटी पड़ी गेहूं की फसल बारिश में भीग गई, जिससे उसके सड़ने का खतरा बढ़ गया है। छछूंद, गपकापुर, गौतला, चिंमकुनी, मुहम्मदाबाद, घसारा, रूपपुरा, लिधौरा और विक्रमपुर समेत कई गांवों में तेज आंधी और बारिश का असर साफ देखा गया। कई स्थानों पर तैयार खड़ी फसल खेतों में ही गिर गई, जिससे नुकसान और बढ़ गया। गांव छछुंद श्री कृष्ण किसान ने बताया कि उनके पास करीब 40 बीघा गेहूं की फसल कटाई के लिए तैयार थी, लेकिन तेज हवाओं के चलते फसल खेतों में ही गिर गई। इससे दानों के खराब होने और फफूंदी लगने का खतरा बढ़ गया है। वहीं, किसान महावीर सिंह ने कहा कि फसल पूरी तरह तैयार थी, लेकिन अचानक आई आंधी ने सारी मेहनत पर पानी फेर दिया। अब उत्पादन में भारी गिरावट की आशंका है। खेतों में पानी भर जाने से कटाई का काम भी रुक गया है, जिससे मजदूरों के सामने रोज़गार का संकट खड़ा हो गया है। अछल्दा क्षेत्र के कई गांवों में जलभराव की स्थिति बनी हुई है।

किसानों ने की मुआवजा की मांग

बिधूना। रविवार को हुई बेमौसम बरसात ने किसानों के चेहरों का रंग फीका कर दिया है। इस दौरान ओलों की बरसात ने किसानों की फसलों को जहां भारी नुकशान पहुंचाया हैं वहीं मड़ाई कटाई का कार्य प्रभावित किया है। किसानों ने बेमौसम बरसात और ओलावृष्टि से हुए फसलों के नुकसान का मुआवजा दिलाये जाने की शासन से मांग की है। एसडीएम गरिमा सोनकिया ने कहा कि अतिशीघ्र क्षेत्रीय लेखपालों से किसानों की क्षतिग्रस्त हुई फसलों के नुकसान की जानकारी कर नियमानुसार पीड़ित किसानों को आर्थिक सहायता दिलाने का प्रयास किया जायेगा।

बर्बाद हुई गेहूं की फसल। अमृत विचार

बेमौसम बारिश से हुआ भारी नुकसान, किसान चिंतित

संवाददाता, रुरुगंज

अमृत विचार। गेहूं की फसल पककर तैयार होने के बाद से अब तक तीन दिन से बार बेमौसम बारिश से हो चुकी है। इससे फसलों को भारी नुकसान होने लगा है। काटने के बाद खेतों में पड़ी व बोझ बनी फसलों के भीग जाने पर उन्हें समेटने व सुखाते वक्त किसान फफक कर रो पड़ते हैं।

हालात ऐसे हो गए हैं कि फसलों को प्रकृति के प्रकोप से बचाने के लिए अन्नदाताओं को कोई राह नहीं सूझ रही है। रुरुगंज क्षेत्र में इस बार रबी की खेती के लिए मौसम का मिजाज अभिशाप साबित हो रहा है। खेतों में रबी की सभी फसलें जैसे ही पककर कटाई के लिए तैयार हुईं कि बेमौसम बारिश व तूफान ने नुकसान करना शुरू कर दिया। रविवार दोपहर से दी जिले भर में तीसरी बार बारिश हुई। तेज हवाओं के चलने से जहां कटे पड़े गेहूं व उनके बोझ इधर-उधर उड़ जा रहे हैं, वहीं भीग भी जाते हैं। ऐसे में बोझ को सुखाने व इधर-उधर बिखरे गेहूं को समेटते समय किसानों की आंखों में आंसू आ रहे हैं। इतना ही नहीं कई बार भीगने से अब गेहूं की बालियों से छूते ही दाने निकलकर बिखर रहे हैं। ऐसे में अब अन्नदाताओं के घर उनकी गाढ़ी-कमाई समूचे ढंग से पहुंचना मुश्किल हो गई है। यह हाल जिले भर के किसानों का है।

मवेशियों के लिए हो सकता है भूसे का संकट

औरैया। जिले में एक-दो दिन के अंतराल में रह-रहकर हो रही बेमौसम बारिश को देख अधिकतर किसान खेतों में खड़ी गेहूं की फसलों को मशीनों से कटवा रहे हैं। उनका मानना है कि मशीनों से कटाई कराने पर कम से कम दाना तो उनके घर पहुंच जाए। मशीनों से कटाई कराने के बाद खेतों में पड़े गेहूं के डंठल का भूसा भी मशीन बनाती है। लेकिन बारिश हो जाने से भूसा नहीं बन पा रहा है। ऐसे में आने वाले समय में मवेशियों के लिए भूसे का संकट खड़ा हो सकता है।

टूटा पड़ा खंभा।

डंपर की टक्कर से टूटा बिजली पोल

अछल्दा (औरैया)। कस्बे के नेविलगंज इलाके में रविवार शाम करीब 4:40 बजे एक व्यापारी मोरंग उतार रहा था। इसी दौरान वाहन को पीछे करते समय डंपर ने बिजली के एलटी लाइन पोल में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि विद्युत पोल टूटकर गिर गया, जिससे पूरे कस्बे की बिजली आपूर्ति ठप हो गई। अचानक बिजली गुल होने से लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा।

मुनागंज में पूर्व आईएएस देवी दयाल को दी गई श्रद्धांजलि

संवाददाता, अछल्दा

अमृत विचार। विकास खंड क्षेत्र के ग्राम मुनागंज में पूर्व सचिव भारत सरकार के आईएएस अधिकारी स्व. देवी दयाल की स्मृति में श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किया गया।

आईएएस अलखनंदा ने अपने पिता स्व. देवी दयाल के जीवन पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि उनका जन्म वर्ष 1941 में एक किसान परिवार में हुआ था। कठिन परिस्थितियों के बावजूद उन्होंने जीआईसी इटावा से प्रारंभिक शिक्षा प्राप्त की और इलाहाबाद विश्वविद्यालय से उच्च शिक्षा पूरी की। उन्होंने आईएएस बनकर गाजीपुर में जिलाधिकारी सहित कई महत्वपूर्ण पदों पर सेवाएं दीं। वर्ष 2021 में उनका निधन हो गया था। अलखनंदा ने बताया कि परिवार आज भी संयुक्त रूप से रहकर हर वर्ष उनकी स्मृति में ऐसे कार्यक्रम आयोजित करता है। इसका उद्देश्य नई पीढ़ी को उनके संघर्षपूर्ण जीवन से प्रेरणा देना है। इस अवसर पर रामेश्वर दयाल (आईएएस) ने भी स्व. देवी दयाल को अपना प्रेरणा स्रोत बताया। कार्यक्रम में थाना प्रभारी सुरेश चंद्र, एलआईयू के दीपक शर्मा, सिपाही मनोज चौधरी, प्रियंका भारती आईएएस, सुकृति अंनत, नेहा दयाल, शम्भू दयाल पीसीएस, सुरेश चन्द्र सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

श्रद्धांजलि सभा के दौरान मौजूद लोग। अमृत विचार

महर्षि कश्यप के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करें

संवाददाता, बिधूना, औरैया

अमृत विचार। रविवार को महर्षि कश्यप जयंती के अवसर पर कुदरकोट में आयोजित एक समारोह में जहां मुख्य अतिथि अमित बाथम उर्फ ललतू पूर्व चेयरमैन ने उनके जीवन चरित्र पर विस्तार से प्रकाश डाला। वहीं कहा महर्षि कश्यप के आदर्शों को जीवन में आत्मसात करने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा हमारे देश के ऋषि मुनि सिर्फ तप और साधना ही नहीं करते थे बल्कि वह समाज को सुधारने का प्रयास करते थे। उन्होंने समाज को शिक्षित और संस्कारित बनाने के साथ जागरूक बनाने को कहा। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अमित कुमार बाथम पूर्व चेयरमैन का वहां पर मौजूद कश्यप समाज के लोगों ने जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर डॉक्टर राजपाल कश्यप, नीरज कश्यप, विजय कश्यप, अवनीश कश्यप, योगेंद्र कश्यप, शरद कश्यप, चंद्रशेखर फौजी, संजय प्रधान वेचे लाल पूर्व प्रधान, राजेंद्र प्रसाद प्रधान आदि के अलावा निषाद पार्टी के जिला अध्यक्ष फूलन सिंह निषाद, अनिल कश्यप लोकेंद्र सहि कश्यप समाज के लोग रहे।

कार्यक्रम में मौजूद लोग। अमृत विचार

पिता-पुत्रों और एक पुत्री के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

रसूलाबाद। भीखदेव कहिंजरी निवासी एक व्यक्ति को गांव के ही कुछ लोगों ने अपशब्द कहे। विरोध करने पर लाठी डंडों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। उसने इसकी रिपोर्ट थाने में चार लोगों के विरुद्ध दर्ज कराई है। धर्मवीर सिंह ने पुलिस को बताया की तीन अप्रैल शाम तीन बजे गांव के ही रमजान उर्फ लाला, उनके पुत्र शमशाद व अरमान और पुत्री अफसाना ने उसे अपशब्द कहे। जब उसने इसका विरोध किया तो उसे लाठी डंडों से मारा पीटा और जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए। थाना प्रभारी शिव नारायण सिंह ने बताया के मामले की रिपोर्ट संबंधित धाराओं में दर्ज कर ली गई है।

गायब किशोरी घर लौटी

बेला, औरैया। थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी पिता ने दो अप्रैल को थाना पुलिस को दिये शिकायती पत्र में बताया था कि सुबह करीब तीन बजे उसकी 16 वर्षीय बेटी बिना कुछ बताये घर से कही चली गई है।

वो अपने साथ मोबाइल व एक सोने की चैन भी ले गई है। शक के तौर पर गांव सिरयावा निवासी उपेंद्र उर्फ़ राजा पुत्र रामवीर सिंह व संध्या पुत्री रघुवीर सिंह पर बेटी को बहला फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाया था। जिसपर पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी थी। लेकिन 4 अप्रैल को किशोरी स्वयं थाने पहुंची और अपने बयान में बताया की वो पिता की पिटाई से नाराज होकर खुद कही चली गई थी। पुलिस ने पिता को पिटाई न करने की हिदायत देते हुए किशोरी के कोर्ट में बयान कराकर पिता को सुपुर्द कर दिया। अब पुलिस ने मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगाने की कवायद तेज कर दी है। थानाध्यक्ष गंगादास गौतम ने बताया है की किशोरी को पिता के सुपुर्द कर दिया गया है। मुकदमे में फाइनल रिपोर्ट लगायी जा रही है।

- पिता ने दर्ज कराई थी अपहरण की रिपोर्ट

महाशिव पुराण कथा में नारायण की कथा का किया गया बखान

संवाददाता, फफूंद

अमृत विचार। कस्बे के मुहल्ला तिवारियान स्थित दया लक्ष्मी मन्दिर परिसर में श्री मद् महाशिव पुराण कथा का आयोजन चल रहा है। जिसमें भगवान शिव की महिमा का बखान किया जा रहा है।

रविवार को श्री मद् महाशिव पुराण कथा की कथा सुनाते हुए सरस कथा वाचक पं. सुशील कुमार दीक्षित निवासी डुबकी जिला कानपुर देहात ने कहा कि श्रीमद् महाशिव पुराण कथा भगवान शिव की ऐसी कथा है जिससे सुनने मात्र से प्राणी सारे दुखों से मुक्त हो जाता है। उन्होने नारायण की स्ट्रष्टि की कथा सुनाते हुए कहाकि कैलाश पर माता पार्वती ने शिव जी से पूछा कि प्रभू ब्रह्मा विष्णु में सबसे बड़ा कौन है तो भगवान शंकर ने कहाकि मंगल भवन मंगलहारी सबसे बड़ा है। एक वार भगवान विष्णु क्षीर सागर में विश्राम कर रहे थे तो माता लक्ष्मी ने यही प्रश्न नारायण से पूछा कि प्रभू सबसे बड़ा कौन है। उन्होंने कहा कि समय आने पर आपको इसकी जानकारी हो जायेगी। इधर माता पार्वती ने भगवान शंकर जी के पैर पकड़ लिए और कहाकि हम जानना चाहते है प्रभू सबसे बड़ा कौन है। भगवान शंकर ने कहाकि ब्रह्मा और नारायण के बीच इसी बात को लेकर युद्ध होने लगा और अस्त्र शस्त्र चलने लगे और युद्ध होते होते कई साल बीत गये दोनों के बीच युद्ध चलता रहा है उसी बीच दोनों के बीच एक स्तभ खड़ा हो गया दोनों देवता इस स्तभ के अन्त को खोजने लगे मगर इसका अन्त नहीं मिला। इसी बीच नारायण को एक गाय मिल गई तो उन्होंने गाय को लालच दिया और कहा कि कि आप ब्रह्मा से कह देना कि स्तभ का अन्त मिल गया। उसे भी लालच दिया और कहा कि ब्रह्मा से कहना कि स्तभ का अन्त मिल गया है।

कथा सुनाते पं. सुशील कुमार दीक्षित।

दिबियापुर प्रीमियर लीग-3 | 47 रन से जीता फाइनल का रोमांचक मुकाबला

लक्ष्य स्ट्राइकर को हराकर फफूंद पैंथर बना विजेता

संवाददाता, दिबियापुर (औरैया)

अमृत विचार। बेला रोड स्थित मण्डी समिति स्थित क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित दिबियापुर प्रीमियर लीग संस्करण- 3 का फाइनल मुकाबला आज बड़े ही उत्साह और रोमांच के साथ खेला गया। मैच का शुभारंभ जी.एन. अग्रवाल द्वारा टॉस एवं राष्ट्रगान के साथ किया गया।

फाइनल मुकाबला फफूंद पैंथर और लक्ष्य स्ट्राइकर के बीच खेला गया, जिसमें दर्शकों को बेहद रोमांचक खेल देखने को मिला। आखिरी ओवरों तक चले इस मुकाबले में फफूंद पैंथर ने शानदार प्रदर्शन करते हुए 47 रनों से जीत हासिल कर इस वर्ष की विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर ली। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगर पंचायत अध्यक्ष राघव मिश्रा सहित कई गणमान्य लोग मौजूद रहे। आयोजकों ने बताया कि दिबियापुर क्रिकेट क्लब द्वारा हर वर्ष इस तरह के टूर्नामेंट आयोजित किए जाते रहेंगे, जिससे युवाओं को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता रहेगा। विजेता टीम को 51,000 तथा उपविजेता टीम को 21,000 की नकद राशि दी गई।

कप के साथ विजेता टीम व अतिथि। अमृत विचार

न्यूज ब्रीफ

आगजनी के आरोपी को पुलिस ने पकड़ा भेजा गया जेल

मौदहा। बीते एक महीने पहले घर में आग लगाने के आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है ।वहीं दूसरे पक्ष ने उन्हें साजिशन फंसाने का आरोप लगाया है। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम मंकरांव निवासी कामता प्रसाद पुत्र राम सजीवन ने कोतवाली में शिकायती पत्र देकर बताया था कि गांव के प्रमोद पुत्र प्रभु दयाल ने उसे बीते तीन मार्च को धमकी दी थी कि वह अपना मकान उसके नाम कर दे नहीं तो मकान में आग लगा देगा और उसे देर शाम प्रमोद ने उसके दूसरे घर में आग लगा दी। इसके पहले भी आरोपी उसके छोटे भाई पर ट्रक चढाने की कोशिश कर चुका है और महिलाओं से अभद्रता भी कर चुका है। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को जेल भेज दिया है जबकि आरोपी के पिता प्रभु दयाल द्वारा भी कई बार कामता सहित अन्य के विरुद्ध शिकायत दर्ज कराई गई है जिस पर अभी तक कार्यवाही नहीं हुई है।

लूट नहीं, कार की टक्कर लगने पर हुआ था विवाद

सुमेरपुर। शुक्रवार को देर रात हाईवे में कस्बे के समीप गायत्री तपोभूमि के निकट मौदहा के कार सवार व्यापारी से हुई लूट को पुलिस सिरे से नकार रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने स्पष्ट किया की लूट का आरोप निराधार है। कार में कार की टक्कर लगने से विवाद हुआ है। दूसरा परिवार चित्रकूट और मैहर भ्रमण करने पर निकला हुआ है वापस लौटकर दूसरा पक्ष भी तहरीर देगा। मौदहा कस्बे के एक व्यापारी का आरोप है कि वह देर रात कार द्वारा कानपुर से वापस घर लौट रहा था। कस्बे के समीप कार सवार बदमाशों ने उसे तपोभूमि के निकट रोक लिया और गाली गलौज करते हुए मारपीट करके दो लाख 80 हजार रुपये की नगदी लूटकर फरार हो गए। पीड़ित व्यापारी ने घटना की तहरीर शनिवार दोपहर बाद पुलिस को दी थी। लूट की वारदात सुनकर पुलिस सन्न रह गई। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद स्पष्ट किया कि लूट का आरोप पूरी तरह से निराधार है कार में कार की टक्कर लगने का विवाद हुआ था। दूसरा पक्ष कानपुर का है। चित्रकूट एवं मैहर भ्रमण करने के लिए गया है वापस लौटकर तहरीर देने की बात उन्होंने भी कही है।

आरोग्य मेले में 39 मरीजों का इलाज

बिवांर (हमीरपुर)। कस्बे की पीएचसी में सुबह दस से दो बजे तक आरोग्य मेला का आयोजन किया गया। जिसमें उपचार के लिए बुखार, जुकाम, खांसी से पीड़ित 39 मरीजों का इलाज किया गया। मरीज को उपचार करने के बाद दवा दी। यहां तैनात डा .एसके सिंह ने बताया कि बुखार, जुकाम, खांसी के अधिक मरीज आए। मौसम के मिजाज के बदलने पर इस तरह की बीमारी से पीड़ित मरीज आ रहे है। मरीजों का उपचार कर दवा दी जा रही है। लैब टेक्नीशियन सर्वेश मिश्रा ने बताया कि मेला में एक महिला डिलीवरी कराने के लिए आई। डिलीवरी कराने का कार्य एएनएम ने कराया।

शराबी पति ने पत्नी के साथ मारपीट की

बिवांर (हमीरपुर)। थाना क्षेत्र के बिगहना गांव निवासी फरजद अली पुत्र अहमद अली अपने रिश्तेदार युवक के साथ दिल्ली में मजदूरी करता था। जहां बिहार की युवती से प्रेम प्रसंग हो गया है। चार महीने पहले युवक शादी कर युवती आयशा को घर ले आया। युवक शराब पीने का आदी है। युवती को खर्च के लिए रुपयों को न देकर शराब पी लेता है। साथ ही युवती के साथ मारपीट करता है। रविवार को युवती के साथ फरजद ने शराब के नशे में मारपीट की। जिस पर युवती ने यूपी 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर आई पुलिस उसे पकड़कर थाने ले गई।

ट्रैक्टर की टक्कर से बाइक सवार घायल

राठ। मझगवां थाने के खिरिया गांव के पास ट्रैक्टर ने बाइक सवार को जोरदार टक्कर मार दी। घायल बाइक सवार युवक को सीएचसी ले जाया गया। कोतवाली के कस्बा खेड़ा गांव निवासी बाबू पुत्र हरचरन अपनी बाइक से सरगांव से अपने घर कस्बा खेड़ा लौटा रहा था। रविवार की सुबह खिरिया गांव के पास एक तेज रफ्तार ट्रैक्टर ने जोरदार टक्कर मार दी। बाबू की नाजुक हालत होने पर चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया।

कुदरत की मार से किसान बेजार

आंधी-पानी के साथ ओलावृष्टि ने मचाई तबाही, खेतों पर बिछ गई गेहूं की फसल

खेतों पर कटी पड़ी गेहूं की फसल बारिश से भीग गई। अमृत विचार

बारिश के बाद हुए नुकसान का जायजा लेते एसडीएम। अमृत विचार

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। शनिवार शाम अचानक बदले मौसम ने किसानों पर कहर बरपा दिया। तेज आंधी, बारिश और ओलावृष्टि ने क्षेत्र में भारी तबाही मचा दी। खेतों में खड़ी तथा कटी-पकी गेहूं की फसल पूरी तरह जमीन पर बिछ गई। जिससे किसानों को भारी नुकसान हुआ है। जिसमें बारिश से हुए नुकसान का आकलन करने के लिए उपजिलाधिकारी ने आधा दर्जन गांवों में खेतों जाकर पानी से भीगी फ़सलो को देखा।

तहसील क्षेत्र में शनिवार शाम तेज हवाओं के साथ जोरदार बारिश व ओलावृष्टि से किसानों की फसलों के नुकसान का जमीनी हकीकत जानने के लिए उपजिलाधिकारी करनवीर सिंह आधा दर्जन गांवों में मौके पर गेहूं, चना की कटी हुई फसलों को देखा और किसानों को हर सम्भव मदद दिलाने का आश्वासन दिया।

किसानों के अनुसार अभी भी करीब 30 प्रतिशत गेहूं की फसल खेतों में खड़ी थी, लेकिन शनिवार की ओलावृष्टि ने उसे भी बर्बाद कर दिया। इससे पहले मंगलवार और गुरुवार को हुई बारिश व ओलावृष्टि से आंशिक नुकसान हुआ था, लेकिन इस बार की मार ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

> कुछ क्षेत्रों में ओलावृष्टि की रिपोर्ट मिली है। मौके पर जाकर नुकसान का जायजा लिया गया है। राजस्व टीमों को मौके पर भेजकर नुकसान का सर्वे कराया जा रहा है। सर्वे रिपोर्ट के आधार पर किसानों को शासन स्तर से हर संभव मदद दिलाई जाएगी।
>
> -करनवीर सिंह, उपजिलाधिकारी

किसानों का कहना है कि इस समय लगभग 60 प्रतिशत गेहूं की कटाई ही हो सकी थी। पिछले कुछ दिनों से मौसम में लगातार हो रहे बदलाव के कारण किसानों में चिंता बनी हुई थी कि कहीं फसल घर पहुंचने से पहले ही नष्ट न हो जाए। शनिवार शाम उनकी यह आशंका हकीकत में बदल गई। दिन में मौसम सामान्य रहा, लेकिन शाम करीब चार बजे के बाद अचानक बादल छा गए और तेज आंधी के साथ बारिश व ओले गिरने लगे। तेज हवा के कारण खेतों में खड़ी फसल गिरकर बिछ गई, इससे गेहूं की फसल खराब होने की आशंका है।

ओले गिरने से किसानों की नींद उड़ी, परेशान

सुमेरपुर। शनिवार की शाम बिगड़े मौसम ने रात होते ही पूरे क्षेत्र में जमकर कहर बरपाया। तेज हवाओं के साथ गरज-चमक के मध्य हुई बारिश के साथ छिटपुट ओले गिरने से किसानों की नींद उड़ गई। किसान रात भर जागकर प्रकृति के प्रकोप पर नजर गड़ाए रखे। रविवार की सुबह होते ही किसानों ने खेतों पर पहुंचकर बारिश और ओलावृष्टि से हुए नुकसान का जायजा लिया। बारिश अधिक होने से खेतों पर कटी पड़ी गेहूं की फसल पूरी तरह से भीग गई है। वहीं तेज हवाओं के साथ हुई बारिश से खेतों पर खड़ी गेहूं की फसल बिछ गई है। फसल की हालत देखकर किसान माथा पीटते रहे। किसानों के अनुसार बारिश से गेहूं की फसल सड़ने और तेज धूप निकलने पर खराब हो सकती है। किसानों का कहना है कि दो दिन धूप निकलने के बाद ही फसलों की कतराई-कटाई का कार्य शुरू होने की उम्मीद है। अगर इस बीच बारिश हुई तो सारी मेहनत मिट्टी में मिल जाएगी।

आंधी से गिरे पेड़ के साथ बिजली का खंभा और तार टूट गए। अमृत विचार

छिमौली रोड पर खंभे गिरे रात भर बिजली गुल रही

संवाददाता, मौदहा

अमृत विचार। शनिवार शाम क्षेत्र में आए तेज आंधी-तूफान और बारिश ने जनजीवन बुरी तरह प्रभावित कर दिया। इस प्राकृतिक आपदा के चलते छिमौली रोड पर एक बड़ा पेड़ अचानक उखड़कर 11,000 वोल्ट की विद्युत लाइन पर जा गिरा।

पेड़ के भारी वजन के कारण बिजली का खंभा बीच से झुक गया और पूरी विद्युत आपूर्ति लाइन जमीन पर आ गई। तेज आंधी और पानी के कारण छिमौली, खांडेह , कराहिया इचौली, नायक पुरवा और रीवन की बिजली व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई, जिससे गांवों में रात भर अंधेरा छाया रहा। स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा और विद्युत उपकरणों के साथ-साथ आवागमन में भी दिक्कतें आईं। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्र के लोगों ने तत्काल बिजली विभाग को सूचित किया। हालांकि, रात के समय मरम्मत कार्य में आ रही तकनीकी दिक्कतों के चलते बिजली आपूर्ति बहाल करने में समय लग रहा है। विभाग के कर्मचारी स्थिति का जायजा लेने और जल्द से जल्द विद्युत व्यवस्था सुचारू करने के प्रयासों में जुटे हैं।

चौरा देवी परिसर में बैठक करते ब्राह्मण महासभा के पदाधिकारी। अमृत विचार

शोभायात्रा को लेकर बैठक में चर्चा

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। 19 अप्रैल को भगवान परशुराम जन्मोत्सव पर निकलने वाली शोभायात्रा को लेकर चौरा देवी प्रांगण में अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) की बैठक संपन्न हुई। बैठक में शोभायात्रा के मार्ग, सांस्कृतिक झांकियां व सुरक्षा व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई।

बैठक में महासभा के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा ने जनसंपर्क अभियान, शोभायात्रा में निकलने वाली झांकियां, भगवान परशुराम की प्रतिमा की आरती और प्रसाद वितरण को लेकर पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी। कहा कि शोभायात्रा नगर पालिका से शुरू होकर शहर के विभिन्न स्थानों से होते हुए रैन बसेरा में संपन्न होगी। शोभायात्रा में प्रत्येक वर्ग के लोगों को आमंत्रित किया जाएगा। बैठक में भगवान परशुराम के प्रकटोत्सव को भव्य एवं ऐतिहासिक बनाने का संकल्प लिया गया। बैठक में रजोल मिश्रा, नीरज द्विवेदी, राजन द्विवेदी, मोहित द्विवेदी, अभिषेक मिश्रा, गगन मिश्रा, अलका द्विवेदी, नीलम बाजपेई, अन्नपूर्णा द्विवेदी, किरण तिवारी, अजीत त्रिपाठी, गिरीश तिवारी, अरविंद द्विवेदी, सुभाष पांडेय आदि मौजूद रहे।

गेट में करंट दौड़ने से महिला की मौत

राठ (हमीरपुर)। कस्बे के फरसौलियाना महबूब नगर मोहल्ले में करंट की चपेट में आने से एक महिला की मौत हो गईं। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया है। बताया जाता है कि महिला लोहे से बने दरवाजे में उतरे करंट की चपेट में आ गई थी।

जानकारी के अनुसार रविवार की सुबह कस्बे के फरसौलियाना मोहल्ला के रहने वाले भानुप्रताप की 36 वर्षीया पत्नी अनीता रविवार की सुबह करीब 7 बजे सोकर उठने के बाद घरेलू काम निपटाने के लिए घर का लोहे का गेट खोल रही थीं। इसी दौरान गेट में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गई। करंट लगने की वजह से अनीता बेहोश होकर वहीं गिर गईं। परिवार के फौरन अनीता को लेकर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने अनीता को मृत घोषित कर दिया। परिजनों ने बताया कि अनीता का पति भानु प्रताप मेहनत-मजदूरी कर परिवार का भरण-पोषण करता है। अनीता अपने पीछे शिल्पी, निशा और शिवानी तथा बेटा आर्यांस को छोड़ गई है। महिला की मौत पर बच्चों का रो रोकर बुरा हाल था।

ट्रक की टक्कर से बेटे की मौत, मां घायल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। सदर कोतवाली क्षेत्र में हाईवे पर रानी लक्ष्मीबाई तिराहे के पास बाइक सवार मां-बेटे को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने के बाद सड़क में गिरे बेटे को ट्रक रौंदता हुआ निकल गया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई, जबकि पीछे बैठी मां को हल्की-फुल्की चोटें आई है। हादसे के बाद भाग रहे ट्रक व चालक को कुछेछा चौकी पुलिस ने पकड़ लिया है।

विपिन यादव।

कानपुर नगर जनपद के सजेती थाना क्षेत्र के बगरिया गांव निवासी विपिन सिंह यादव (18) पुत्र महेन्द्र कुमार रविवार को सुबह अपनी मां अंजना यादव (45) को बाइक में बैठाकर अपने दादा के पास ग्राम बड़ी सिमनौड़ी थाना सुमेरपुर जा रहा था। तभी सदर कोतवाली क्षेत्र में नेशनल हाईवे में रानी लक्ष्मीबाई तिराहे में आरके एंड सन्स फिलिंग स्टेशन के पास समय करीब 11:30 बजे पीछे से तेज गति से आ रहे ट्रक चालक श्याम बाबू उर्फ दुल्लर पुत्र सोनीलाल निवासी ग्राम बहरी सवाई थाना शिवली जनपद कानपुर देहात ने टक्कर मार दी। बाइक सवार मां बेटे सड़क में गिर गए। ट्रक विपिन को रौंदता हुआ निकल गया, जिससे उसकी मौत हो गई। शव के चीथड़े उड़ गए। वहीं रंजना को हल्की-फुल्की चोटें आई। आंखों के सामने पुत्र की मौत देखकर वह दहाड़े मारकर रोने लगी। वहीं घटना के बाद चालक ट्रक लेकर फरार हो गया। सूचना पर मौके पर पुलिस पहुंच गई और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं चालक कुछेछा के पास ट्रक को छोड़कर फरार हो गया। सूचना पर कुछेछा चौकी पुलिस ने ट्रक को थाने में खड़ा कर लिया है। घटना के बाद हाईवे में कुछ देर के लिए जाम की स्थिति हो गई। पुलिस ने जाम खुलवाकर वाहनों का आवागमन शुरू करा दिया।

हादसे के बाद पुलिस ने आवश्यक लिखा-पढ़ी की। अमृत विचार

- **आंखों के सामने बेटे की मौत देख बिलख पड़ी मां, हाईवे पर जाम**

सड़क हादसों में महिला सहित तीन लोग घायल

मौदहा। क्षेत्र में अलग-अलग सड़क हादसों में एक महिला सहित तीन लोग घायल हो गए। सभी घायलों को कस्बे के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां महिला की तबीयत में सुधार नहीं होने पर चिकित्सकों ने प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इमलिया की रहने वाली रुकमिन (70) पत्नी सुखलाल गांव के रिश्तेदार के साथ बाइक में बैठकर आ रही थी। रास्ते में राठ तिराहे के पास बने ब्रेकर में उछाल कर गिर गई। लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद हालत में सुधार न होने पर सदर अस्पताल के लिए रेफर कर दिया। इसी प्रकार सूरज (28) पुत्र सुंदर टेढ़ा सुमेरपुर निवासी एवं विनोद (20) पुत्र रज्जन एक साथ बाइक में सवार होकर कस्बे के नगर के मंडी रोड में ई- रिक्शा की टक्कर से घायल हो गए। लहूलुहान हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया। जहां दोनों घायलों के तबीयत में सुधार बताया गया है।

नवोदय की प्रवेश परीक्षा में क्रती को 52वीं रैंक

संवाददाता, कुरारा (हमीरपुर)

अमृत विचार। दिसंबर माह में हुई नवोदय प्रवेश परीक्षा में कस्बे के वार्ड निवासी प्रतिभा तिवारी की पुत्री क्रती ने 52वीं रैंक हासिल की है। होनहार छात्रा ने 88.75 अंकों के साथ कक्षा छह में दाखिला पाया है। 2024 में प्रतिभा के पुत्र कार्तिक का चयन नवोदय विद्यालय में हुआ था।

अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा) के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, शिवनारायण तिवारी, रजोल मिश्रा, अभिनव तिवारी, लल्ला तिवारी, अखिलेश पांडे, शिव किशोर द्विवेदी, सहित अन्य लोगों ने क्रती को फूल माला पहना कर मुंह मीठा करा के ढेर सारी बधाई दी और उज्ज्वल भविष्य की कामना की। क्रती की उपलब्धि पर अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा (रा.) के जिलाध्यक्ष दीपक मिश्रा, शिवनारायण तिवारी, रजोल मिश्रा, डॉ.अमित दीक्षित, अभिनव तिवारी, नीरज द्विवेदी, लल्ला तिवारी, सुभाष पांडेय सहित कई लोगों ने फूल-माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर बधाई दी।

क्रती को माला पहनाकर मुंह मीठा कराते लोग। अमृत विचार

शातिर कबाड़ी को बचा रही पुलिस

फॉलोअप

संवाददाता, सुमेरपुर (हमीरपुर)

अमृत विचार। धोखाधड़ी करके बांदा से लाकर कस्बे में कबाड़ी को रोड रोलर बेचने के प्रकरण में पुलिस कार्यवाही करने की बजाय रोड रोलर मालिकानों से कागजात लेकर रोड रोलर सौंपने की तैयारी करके कबाड़ी को बचाने में लगी हैं।

अंबाला हरियाणा के निवासी मोहन मिश्रा नाम के व्यक्ति ने बीते 30 मार्च को बांदा निवासी उमेश गुप्ता को अपने आपको रेलवे का अधिकारी बताकर रेलवे कार्य के लिए 20 हजार एडवांस देकर रोड रोलर लेकर 31 मार्च को कबाड़ी को निष्प्रयोज बताकर बेच दिया। इसी तरह उसने बांदा निवासी रामबली विश्वकर्मा को पीडब्ल्यूडी का ठेकेदार बताया और 10 हजार एडवांस देकर रोड रोलर किराया पर लिया और एक अप्रैल को बेचकर रफूचक्कर हो गया। इस व्यक्ति ने 48 घंटे में 30 हजार का निवेश किया और चार लाख 29 हजार में बेचकर गायब हो गया। रोड रोलर मालिकों की शिकायत पर पुलिस ने 4 अप्रैल को दोनों रोड रोलर कस्बे की एक बंद पड़ी फैक्ट्री से बरामद करके फैक्ट्री एरिया पुलिस चौकी में खड़े करें। पुलिस कबाड़ी के साथ धोखाधड़ी करने वाले मोहन मिश्रा के खिलाफ कार्यवाही करने की बजाय कागजात लेकर रोड रोलर देने की पटकथा तैयार की है। दोनों से पुलिस ने कागजात मांगे हैं ताकि उन्हें रोड रोलर सौंपकर कबाड़ी राजेश सिंह मामा को बचा कर मामले का पटाक्षेप कर दिया जाए।

एसपी ने छह इंस्पेक्टर, एक दरोगा का किया फेरबदल

कार्यालय संवाददाता, हमीरपुर

अमृत विचार। एसपी मृगांक शेखर पाठक ने रविवार की दोपहर पुलिस व्यवस्था में बड़ा फेरबदल किया है। उन्होंने कई थानेदारों का तबादला कर इधर उधर कर दिया है। कई महत्वपूर्ण थानों के प्रभारी भी बदल दिए हैं।

पुलिस अधीक्षक मृगांक शेखर पाठक ने जनपदीय स्थापना बोर्ड में लिए गए निर्णय के अनुसार समायोजन एवं जनहित के दृष्टिगत छह निरीक्षक एक उप निरीक्षक को यहां से वहां कर दिया है। उन्होंने सुमेरपुर थाना प्रभारी निरीक्षक अनूप सिंह को थाना राठ का प्रभार सौंपा है। थाना प्रभारी मुस्करा निरीक्षक योगेश तिवारी को थाना सुमेरपुर का प्रभारी बनाया है। इसी प्रकार निरीक्षक योगेंद्र प्रताप सिंह को पुलिस लाइन से थाना मुस्करा का प्रभारी बनाया है। निरीक्षक जयशंकर सिंह को थाना साइबर क्राइम से पैरवी सेल का प्रभार सौंपा है। वहीं निरीक्षक भरत कुमार थाना साइबर क्राइम से थाना साइबर क्राइम का प्रभारी निरीक्षक बनाया है। निरीक्षक अमित कुमार को प्रभारी निरीक्षक एएचटी से अपराध शाखा भेज दिया है। इसी प्रकार उन्होंने उपनिरीक्षक राकेश कुमार को थाना कुरारा से एएचटी का थानाध्यक्ष बनाया है।

बड़े भाई का लाठी से फोड़ दिया सिर

बिवांर। रास्ते के विवाद में छोटे भाई ने बड़े भाई के सिर में लाठी से हमला कर लहूलुहान कर दिया। बड़े भाई के पुत्र ने चाचा के खिलाफ थाना में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

बांधुर खुर्द के सत्य कुमार ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि चाचा भगवान दास से रास्ते को लेकर विवाद हुई था, जिस पर चाचा रंजिश मानने लगा। पिता राम आसरे शनिवार रात खेत से घर आ रहे थे, तभी चाचा ने रास्ते में पिता को रोक कर अभद्रता शुरू कर दी। विरोध करने पर सिर में लाठी से वार कर घायल कर दिया। खून से लथपथ देखकर पड़ोसी सुरेश के ललकारने पर चाचा भाग गया। पुलिस ने उसे छानी सीएचसी पहुंचाया, जहां हालत नाजुक होने पर सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया।

गूंजती रहीं तालियां | बज्म-ए-करीम के बैनर तले माहाना तरही मुशायरे का हुआ आयोजन

सुकून मिल जाएगा दर्द-ए-जिगर को...

संवाददाता, मौदहा (हमीरपुर)

अमृत विचार। बज्म-ए-करीम के बैनर तले मोहल्ला हुसैनगंज निजामीपुरा मास्टर फखरुद्दीन यावर मौधवी के मकान में माहाना तरही मुशायरा संपन्न हुआ। जिसकी सदारत मास्टर फिरोज़ कमाल और संचालन शायर इनायत मोईन चिश्ती ने किया। मुशायरे के मुख्य अतिथि अशरार अहमद खान प्रधान गुसियारी रहे।

मुशायरे का आगाज फहीम रज़ा राठ ने नात पढ़कर किया। बदरुद्दीन तायब ने शेर सुनाया कभी भी मोती उन्हें मिलता नहीं है, जो तह की समंदर को खंगाला नहीं करते। मसीह निज़ामी ने शेर सुनाया मसीह फिर आग बरसे या के पानी, बुलाया उसने तो जाना पड़ेगा। फखरुद्दीन यावर मौध्वी मोहब्बत है अभी कुछ चंद पल की, अभी थोड़ा सा शर्माना पड़ेगा। इनायत मोईन चिश्ती ने पढ़ा हम जाते हैं मस्जिद तो इबादत की ग़रज़ से, लेकिन मुनाफिकों सा दिखावा नहीं करते। रमज़ान खां साहिल ने पढ़ा अगर साहिल तुम्हे पाना है साहिल, तो फ़िर मौजों से टकराना पड़ेगा।

मुशायरे में अपना शेर सुनाते शायर।

मूलचंद्र वारसी ने पढ़ा रूदादे ग़मे ज़ीस्त सुनाया नहीं करते, ख़ामोश ही रहते हैं तमाशा नहीं करते।

क़मर निज़ामी ने पढ़ा सुकून मिल जायेगा दर्दे जिगर को, खयालों में उन्हें लाना पड़ेगा। फ़हीम रज़ा राठ ने पढ़ा दाग़ औरों के दामन में नज़र आते हैं उनको, और अपने गिरेबान में झांका नहीं करते। इसके अलावा इस्लाम मौध्वी, हास्य शायर बॉर्डर, निज़ाम मौधवी, नसीम आलम, आकिल बिजनौर, तकी मास्टर, महक, फ़रीद परछवी, वीरेन्द्र कुमार शजर, कलंदर निजामी, शोएब मौधवी, नजम मास्टर, कुदरत उल्लाह आदि ने भी अपने अपने शायर पेश किए। अंत में यावर मौधवी ने सभी श्रोताओं व शायरों का शुक्रिया अदा किया।

न्यूज ब्रीफ

गांजा के साथ एक अभियुक्त गिरफ्तार

कुलपहाड़। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह के निर्देश पर अपराध और अवैध मादक पदार्थों के रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना कुलपहाड़ पुलिस ने अवैध गांजा के साथ एक अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए अभियुक्त के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीसी एक्ट के तहत अभियोग पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई की है। प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह की पुलिस टीम के उपनिरीक्षक हरीशंकर यादव, उपनिरीक्षक मोहम्मद शोएब, कांस्टेबिल विक्की चौधरीव प्रभात कुमार ने चेकिंग अभियान के तहत संदिग्ध व्यक्तियों, वांछितों की तलाश के दौरान रेलवे स्टेशन के पास फायर ब्रिगेड को जाने वाले तिगैला के पास से अवैध गांजा सहित जितेन्द्र सोनी (40) पुत्र स्व. राजेन्द्र कुमार सोनी निवासी गोंदी चौराहा कुलपहाड़ पकड़ा है। अभियुक्त के पास से एक किलो 21 ग्राम अवैध सूखा गांजा बरामद किया गया।

वांछित पति-पत्नी और पुत्र को पकड़ा गया

महोबा। एसपी के निर्देश पर जिले में चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना खरेला पुलिस ने वांछित अभियुक्त पति पत्नी और पुत्र को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। प्रभारी निरीक्षक थाना खरेला नन्हेलाल यादव द्वारा गठित उपनिरीक्षक राजेन्द्र प्रकाश मय हमराह उपनिरीक्षक तबरेज आलम, हेड कांटेबिल प्रदीप कुमार व महिला कांस्टेबिल तेजस्वनी गौर के नेतृत्व में थाना में पंजीकृत धारा 85/80(2) बीएनएस व 3/4 डीपी एक्ट से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त जगभान पुत्र रामभरोसी, रामभरोसी पुत्र मूलचन्द व सुनीता पत्नी रामभरोसी निवासी ग्राम सलुहा को कमलखेड़ा सलुहा गांव के तिराहा से गिरफ्तार किया। अभियुक्तों के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई करते हुए न्यायालय के समक्ष पेशी के लिए भेजा गया है।

आंबेडकर जयंती को लेकर हुई बैठक

कुलपहाड़। 14 अप्रैल को बाबा सहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती को लेकर रविवार को कोतवाली परिसर में प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जयंती दौरान क्षेत्र में होने वाले कार्यक्रमों के चिन्हित स्थानों को पूर्व में जानकारी दिए जाने के निर्देश दिए गए साथ ही आपसी भाईचारे और सौहार्द माहौल में जयंती बनाने जाने पर जोर दिया गया। अंबेडकर जयंती को लेकर हुई बैठक में सुगिरा, मुढ़ारी, पनारा, सतारी, बीरा, अंडवारा, विजयपुर, लाइपुर, जैतपुर, सहित दो दर्जन से अधिक गांव के ग्राम प्रधान, ग्रामीण, समाजसेवियों ने भाग लिया। बैठक में यह निर्णय लिया गया है कि आंबेडकर जयंती के दौरान होने वाले कार्यक्रमों को गांव व स्थान पहले से चिन्हित किए जाएं। जहां कार्यक्रम होना है, उसकी सूचना पूर्व में पुलिस को जरूर दी जाए, ताकि कार्यक्रम स्थल में सुरक्षा व्यवस्था उपलब्ध कराई जा सके। प्रभारी निरीक्षक विनोद कुमार सिंह ने कहा कि प्रशासन और ग्रामीण मिलकर एक दूसरे का सहयोग करें, जिससे कार्यक्रम बेहतर ढंग से आयोजित हो सके। कहा कि कोई भी एक से अधिक डीजे का इस्तेमाल नहीं करेगा और डीजे साउंड की ध्वनि भी मानक के अनुरूप होनी चाहिए। बैठक में पूरनलाल रैकवार मुढारी, अमित दीक्षित सुगिरा, मौला बख्श जैतपुर, महेंद्र कुमार वर्मा कुलपहाड़, राजेंद्र कुमार, रवि सोनी लाइपुर सहित नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लोग मौजूद रहे।

आंधी-तूफान ने मचाई तबाही, बत्ती गुल

सड़कों पर पेड़ टूटकर गिरने से घंटों आवागमन रहा प्रभावित, पानी-बिजली की समस्या से जूझे लोग

कार्यालय संवाददाता, महोबा

सड़क पर भारी भरकर पेड़ गिरने से आवागमन बाधित रहा। अमृत विचार

पेड़ की डालें टूटकर सड़क पर लटक गईं। अमृत विचार

अमृत विचार। जिले में शनिवार की रात को आई तेज आंधी तूफान ने तबाही मचा दी। आंधी की चपेट में आने से बिजली के तार खंभे टूट जाने से पूरी रात बत्ती गुल रही। सड़कों पर पेड़ टूटकर गिर जाने से घंटो आवागमन बाधित रहा। ग्रामीण क्षेत्रों के मार्गों पर एक एक फिट पानी भर जाने से लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। बिजली न आने से रविवार को पेयजल आपूर्ति ठप हो गई। खेतों में कटी पड़ी फसल आंधी पानी और ओलों की भेंट चढ़ गई। फसल उड़ जाने और पानी में भीग जाने के कारण किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ा।

शनिवार की रात आठ बजे से आए तेज आंधी तूफान ने किसानों की तबाही की इबारत लिख दी। थ्रेशर के लिए खेतों में रखी फसल उड़ जाने और फसल के ढेरों में पानी भरने व ओले गिरने से किसानों के सामने नई समस्या खड़ी हो गई है। अब किसानों के सामने आर्थिक संकट पैदा हो गया है। फसल की जुताई बुवाई के लिए साहूकारों से लिए गए कर्ज को लेकर किसानों की चिंताएं बढ़ गई हैं। मूसलाधार बारिश होने से किसानों की फसले सड़ने की उम्मीद बढ़ गई हैं। अजनर मार्ग में तेज आंधी के चलते कई स्थानों पर पेड़ गिर जाने से कई घंटे आवागमन बाधित रहा। पानी बरसने के बीच पहुंच वन विभाग की टीम ने पेड़ों को काटकर यातायात बहाल कराया।

बेमौसम बारिश से किसानों के सामने बढ़ा संकट: बेमौसम बारिश से किसानों के सामने रोजी रोजी का संकट बढ़ गया है। कृषि पर निर्भर किसानों की खेतो में रखी कटी फसल में पानी भर जाने से गेहूं की कीमत घट गई है। बारिश से फसल के सड़ने की उम्मीद भी बढ़ गई है। फसल से साल भरका खानपान शादी विवाह और बच्चों की पढ़ाई का इंतजाम करना किसानों को मुश्किल दिखाई दे रहा है। वहीं फीगी फसल से किसानो को अब अच्छी कीमत मिलना भी मुश्किल हो गया है। इससे किसान के सामने आर्थिक तंगी पैदा हो गई है।

तेज आंधी से खेतों में बिखर गई फसल, दिन समेटने में जुटे रहे किसान

बेलाताल। आज कल खेतों में दिन रात चल रही फसल कटाई के बाद खेतों में रखी फसल तेज आंधी आने से खेतो में बिखर गई है और बीस फीसदी फसल उड़कर बर्बाद हो गई है। इससे किसान खासा परेशान है। रविवार को सुबह आसमान साफ होने के साथ तेज धूप निकलने पर किसान परिवार के साथ खेतों और आसपास आंधी से उड़कर बिखरी फसल को समेटने में जुटा रहा, लेकिन शाम को फिर मौसम के बदले मिजाज को देखकर किसानों की चिंताएं बढ़ गई है।

एल्डर्स कमेटी ने बार चुनाव की घोषणा की

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

- 5 मई को निर्वाचन अधिकारियों की मौजूदगी में होगा मतदान

अमृत विचार। एल्डर्स कमेटी जिला अधिवक्ता समिति महोबा के अध्यक्ष रामऔतार सिंह एडवोकेट ने बार एसोसिएशन महोबा के चुनाव की घोषणा कर दी। चुनाव निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए निर्वाचन अधिकारियों का गठन किया गया है, जिनकी देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न कराई जाएगी। वर्ष 2026-27 के बार एसोसिएशन महोबा के चुनाव के कार्यक्रम की तिथियां घोषित कर दी गई है। 5 मई को अधिवक्ता संघ का चुनाव कराया जाएगा।

एल्डर्स कमेटी के अध्यक्ष ने बताया कि चुनाव संपन्न कराने के लिए केशवचंद्र शुक्ला, कामताशरण श्रीवास्तव, अवधेश कुमार गुप्ता, प्रमोद कुमार सक्सेना और कृष्णगोपाल द्विवेदी को निर्वाचन अधिकारी बनाया गया और उनकी देखरेख में चुनाव कराया जाएगा। चुनाव की निगरानी एल्डर्स कमेटी के सदस्य प्रेम सिंह, रामदत्त तिवारी, लोचन सिंह और कृष्णबिहारी दीक्षित करेंगे। 3 अप्रैल से 10 अप्रैल तक अधिवक्ताओं की सदस्यता एवं नवीनीकरण का कार्य किया जाएगा।

14 अप्रैल को शाम चार बजे तक मतदाता सूची का प्रकाशन किया जाएगा। 15 व 16 अप्रैल तक मतदाता सूची पर आपत्तियां मांगी जाएगी एवं 18 अप्रैल को आपत्तियों का निस्तारण, 21 अप्रैल को मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन होगा। 22 व 23 अप्रैल को प्रत्याशियो का नामांकन पत्र भरा जाएगा। 24 अप्रैल को नामांकन पत्रों पर आपत्तियां मांगी जाएगी। 25 अप्रैल को आपत्तियों का निस्तारण। 28 अप्रैल को नाम वापस एवं 30 अप्रैल को प्रत्याशियों की सूची का प्रकाशन और 5 मई 2026 को सुबह दस बजे से शाम मतणना कराई जाएगी, इसके बाद चुनाव की घोषणा कर नवनिर्वाचित अधिकारियों को शपथ दिलाई जाएगी।

www.amritvichar.com
पर भी खबरें पढ़ें

एसपी कार्यालय में शिकायत करने पहुंचे पीड़ित। अमृत विचार

करोड़ों रुपये की ठगी कर शातिर एजेंट फरार

कार्यालय संवाददाता, महोबा

- दुकानदारों ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचकर लगाई न्याय की गुहार, मिला आश्वासन

अमृत विचार। पनवाड़ी क्षेत्र में एक एजेंट ने डाकघर और एलआईसी के नाम पर दुकानदारों सहित दो सैकड़ा महिला पुरुषों के साथ करोड़ों की ठगी फरार हो गया। पीड़ितों ने इस मामले की शिकायत थाना पुलिस से की, लेकिन लोगों का आरोप है कि पुलिस ने कार्रवाई करने के बजाय उनके साथ अभद्रता की गई, जिस पर सभी लोगों ने पुलिस अधीक्षक से शिकायत कर एजेंट के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

पनवाड़ी कस्बा के तिवारीपुरा निवासी अरविंद गुप्ता नामक एजेंट डाकखाना आरडी और एलआईसी बीमा पॉलिसियों के नाम पर रोजाना करीब 200 छोटे दुकानदारों के साथ साथ अन्य लोगों से किस्तें वसूलता था। वह छोटे-मोटे दुकानदारों और ग्रामीणों से उनकी मेहनत की कमाई जमा करवाता था। पीड़ितों ने बताया कि जब पॉलिसियों के परिपक्वता का समय आया, तो आरोपी लाखों रुपये समेटकर फरार हो गया। चाय बेचने वाले विकलांग हरिशंकर जैसे कई गरीब लोग अपनी गाढ़ी कमाई के 300 रुपये प्रतिदिन एजेंट को देते थे, जिससे उनका भविष्य सुरक्षित रहे, लेकिन अब वे ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं। पीड़ित अशोक कुमार अग्रवाल ने बताया कि उनकी 2 लाख 15 हजार रुपये की आरडी और लगभग 2 लाख रुपये की बीमा पॉलिसी का पैसा जमा ही नहीं किया गया।

मोहम्मद रईस और हरिशंकर जैसे अन्य पीड़ितों की भी यही स्थिति है, जिनकी लाखों की बचत एजेंट लेकर चंपत हो गया। ठगी का शिकार हुए पीड़ितों का आरोप है कि जब न्याय की उम्मीद से पनवाड़ी थाने पहुंचे, तो थाना पुलिस ने उनके साथ अभद्र भाषा का प्रयोग किया और उन्हें थाने से भगा दिया। उन्होंने बताया कि आरोपी के पिता ने पहले पैसे लौटाने का वादा किया था, लेकिन अब वह पीड़ितों को फर्जी मुकदमें में फंसाने की धमकी दे रहा है। न्याय न मिलने पर लगभग 20 पीड़ितों ने पुलिस अधीक्षक की चौखट पर पहुंचकर मांग की है कि आरोपी के खिलाफ तत्काल मुकदमा दर्ज किया जाए और उनकी मेहनत की कमाई वापस दिलाई जाए।

साथियों के साथ मिलकर पीटा

महोबा। पनवाड़ी थाना क्षेत्र के लिधौराखुर्द गांव में दो सगे भाइयों ने अपने साथियों के मिलकर एक ग्रामीण के घर में घुसकर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर घायल कर दिया। पुलिस ने पीड़ित को मेडिकल के लिए भेजने के बाद जांच शुरू कर दी है।

लिधौराखुर्द निवासी फूल सिंह ने पुलिस को बताया कि बीती रात गांव के दो भाई अपने साथियों के साथ शराब के नशे में धुत होकर घर का दरवाजा खटखटने लगे। उसने दरवाजा खोला तो गालीगलौज करते हुए घर में घुसकर लाठी-डंडों और धारदार हथियार से हमला कर दिया। थाना प्रभारी वीरेंद्र प्रताप ने बताया कि दोनों पक्षों में दिन में शराब और मुर्गा पार्टी के दौरान विवाद हुआ था, जो बाद में मारपीट में बदल गया। पुलिस मामले की गंभीरता से जांच कर रही है जांच के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

लंबित विवेचनाओं का शीघ्र करें निस्तारण: एएसपी

कार्यालय संवाददाता, महोबा

पुलिस टीम के साथ पैदल गश्त करतीं एएसपी वंदना सिंह। अमृत विचार

- एएसपी ने कुलपहाड़ क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

अमृत विचार। अपर पुलिस अधीक्षक वंदना सिंह की अध्यक्षता में कुलपहाड़ क्षेत्र के समस्त थानों में एक बैठक संपन्न हुई। बैठक में थानाक्षेत्र में कानून व्यवस्था बनाये रखने और लम्बित विवेचनाओं के शीघ्र व निष्पक्ष निस्तारण करने के निर्देश दिए। बैठक के बाद क्षेत्र में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एएसपी ने पुलिस टीम के साथ गश्त करते हुए आम जन को सुरक्षा का अहसास कराते हुए पुलिस को क्षेत्र में प्रतिदिन पैदल रात्रि गश्त करने के निर्देश भी दिए।

आयोजित बैठक में एएसपी ने प्रचलित अभियानों सहित लंबित विवेचनाओं की गहन समीक्षा की और प्रत्येक प्रकरण की विवेचना प्रगति का विस्तारपूर्वक अवलोकन करते हुए संबंधित अधिकारियों को लंबित मामलों के समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण, निष्पक्ष एवं विधिसम्मत निस्तारण के लिए सख्त निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि विवेचनाओं में किसी भी प्रकार की अनावश्यक देरी स्वीकार्य नहीं होगी चाहिए और पारदर्शिता, साक्ष्य संकलन की गुणवत्ता, पीड़ितों के हितों की रक्षा एवं विधिक प्रक्रियाओं के पूर्ण अनुपालन को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए, इसके अलावा विवेचकों को प्रत्येक प्रकरण में उत्तर दायित्व और संवेदनशीलता के साथ प्रोफेशनल अप्रोच अपनाने के भी निर्देश दिए।

बैठक के बाद अपर पुलिस अधीक्षक ने कोतवाली क्षेत्र में प्रभावी पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया। इस दौरान उन्होंने क्षेत्र में कानून व्यवस्था की स्थिति की जानकारी प्राप्त की और जनसुरक्षा से संबंधित समस्याओं का स्थलीय निरीक्षण किया। एएसपी ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया कि क्षेत्र में नियमित पैदल गश्त, सघन रात्रि गश्त और संदिग्ध व्यक्तियों एवं वाहनों की प्रभावी चेकिंग सुनिश्चित की जाए, जिससे असामाजिक तत्वों पर प्रभावी नियंत्रण स्थापित हो साथ ही आमजन में सुरक्षा का भाव और अधिक सुदृढ़ बना रहे। इस मौके पर प्रभारी निरीक्षक थाना कुलपहाड़ विनोद कुमार सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री वीरेन्द्र प्रताप सिंह, प्रभारी निरीक्षक थाना महोबकंठ विनोद कुमार व थाना प्रभारी अजनर सहित सर्किल के समस्त विवेचक उपस्थित रहे।

निषादराज की जयंती मनाई गई

संवाददाता, कुलपहाड़ (महोबा)

जयंती के मौके पर गीत-संगीत का कार्यक्रम प्रस्तुत करते कलाकार। अमृत विचार

अमृत विचार। महर्षि कश्यप महाराजा गुहराज निषादराज की जयंती नगर के बड़ा तालाब स्थित हरदौलन घाट रामलला प्रांगण में मनाई गई। कलाकारों ने गीत संगीत के जरिए दर्शकों का दिल जीत लिया। शिक्षक ठाकुरदास की अध्यक्षता में हुए कार्यक्रम में वक्ताओं ने गुहराज निषाद के जीवन पर प्रकाश डाला और उनके बताए रास्ते पर चलने का आहवान किया।

हमीरपुर से आए मुख्य अतिथि नीरज कश्यप ने कहा कि महर्षि कश्यप और राजा निषादराज गुह्य का जीवन दर्शन मानवता के लिए प्रेरणादायक है। महाराजा निषाद की पूजा व उनके धाम के दर्शन से व्यक्ति की दशा और दिशा सुधर जाती है। दुनिया की खोज करने वाला कोलंबस और वास्कोडिगामा निषादवंशीय थे, जिन्होंने ऐसी खोज की है, जिसके वजह से उन्हें लोग आज भी याद करते हैं।

इस मौके पर सन्तोष धुरिया शुभेन्द्र धुरिया, करन सिंह राजपूत, अजय राज यादव, अमित राजपूत, मुड़ारी प्रधान पूरनलाल रैकवार, ओमप्रकाश रैकवार, परशुराम ने कार्यक्रम में अपना योगदान दिया। कार्यक्रम में सन्तोष रैकवार, सुनील मास्टर, जगजीवन कश्यप, सुनील कुमार फोटो ग्राफर, अमान सिंह लोधी, मुकेश कश्यप, रतिराम, राजेश, गोलू, परमेश्वरी दयाल, बाबूलाल आदि लोग मौजूद रहे।

जगजीवन राम की जयंती मनाई

कार्यालय संवाददाता, महोबा

अमृत विचार। जिला कांग्रेस कार्यालय में रविवार को उप प्रधानमंत्री बाबू जगजीवनराम की 118वीं जयंती मनाई गई। इस मौके पर कांग्रेसियों ने उनके राजनीतिक, सामाजिक जीवन पर प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में कांग्रेस जिलाध्यक्ष संतोष कुमार धुरिया ने कहा कि बाबूजी की संसदीय जीवन में राष्ट्र के प्रति उनकी निष्ठा एवं समर्पण बेमिसाल रहा है। उनका संपूर्ण जीवन राजनीतिक, सामाजिक सक्रियता और विशिष्ट उपलब्धियों से भरा हुआ है। सदियों से शोषित, पीड़ित, दलितों और उनके मूलभूत अधिकारों की रक्षा के लिए किए गए कानूनी प्रावधान ऐतिहासिक हैं। कहा कि उपप्रधानमंत्री का ऐसा व्यक्तित्व था जो अन्याय के सामने कभी नहीं झुके और दलितों के सम्मान के लिए सदैव संघर्षरत रहे।

वरिष्ठ कांग्रेसी देवदत्त तिवारी ने कहा कि कहा कि बाबूजी ने सदियों से शोषित दलितों और मजदूरों के अधिकारों की रक्षा के लिए महत्वपूर्ण कानूनी प्रावधान किए, जो आज भी प्रेरणास्रोत हैं। कहा कि उनके स्वतंत्रता संग्राम में योगदान को आज भी याद किया जाता है। उन्होंने बताया कि उन्होंने सत्याग्रह और भारत छोड़ो आंदोलन में सक्रिय भागीदारी की, जिसके लिए उन्हें जेल भी जाना पड़ा। इस मौके पर पार्टी के जिला महासचिव अरविंद द्विवेदी, जिलाध्यक्ष आरटीआई संजय सिंह, कोषाध्यक्ष देशराज रैकवार, बाबू लाल, खेमचंद, संतोष प्रजापति, दयाशंकर, अमृतलाल आदि रहे।

विनम्र व्यवहार से शांति का मार्ग अपनाएं

कार्यालय संवाददाता, महोबा

सत्संग के मौके पर भजन की प्रस्तुति देते गायक। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर के कठकुलवापुरा स्थित कबीर आश्रम में रविवार को संत कबीर अमृतवाणी सत्संग समिति के तत्वावधान में संगीतमय सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग में वक्ताओं ने कबीर दोहो की व्याख्या की, वहीं गायकों ने भजन के माध्यम से माहौल को भक्ति मय बनाया। इस मौके पर लोगों को एक दूसरे से विनम्रता व्यवहार कर शांति का मार्ग अपनाए जाने के प्रति प्रेरित किया।

समिति प्रमुख डॉ. एलसी अनुरागी ने कहा कि यदि लोग एक दूसरे से विनम्रता पूर्वक व्यवहार करें तो विश्व शांति का मार्ग प्रशस्त होता है और युद्ध की संभावनाएं समाप्त हो जाती है। व्यक्ति या राष्ट्र विनम्र होता है उसके पास तीनो लोको की संपदा रहती है। उन्होंने इस संदर्भ में कबीर की साखी शीलवंत सबसे बड़ा सब रत्नन की खान, तीन लोक की संपदा रही शील में आन की विस्तार से व्याख्या की। पंडित हरीशंकर नायक ने कह कि सत्संग से सकारात्मकता और वास्तविक का सच्चा सुख मिलता है और मन को शुद्ध कर ज्ञान और भक्ति जगाता है। पंडित अवधेश तिवारी ने कहा कि भजन कीर्तन व सत्संग से चारो फल की प्राप्ति होती है।

सत्संग में पंडित जगदीश रिछारिया ने सुनो रे राम कहानी, कहत सुनत आवे अंखियों में पानी। दशरथ के राज दुलारे, कौशल्या की आंख के तारे, वे सूर्यवंश के सूजन, वे रघुकुल के उजियारे भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सुनीता अनुरागी ने कबीर के शोध परक विचार रखते हुए कहा कि कबीर वाणी विश्व बंधुत्व की प्रतीक है। वरिष्ठ कवि हरिश्चंद्र वर्मा ने कबीर की स्वरचित रचना कबीर के विचार अपनाओ, सामाजिक रुढ़ियां जड़ से मिटाओ प्रस्तुत की। इस मौके पर आशाराम तिवारी, परमलाल विश्वकर्मा, जयराम प्रजापति ने भी भजन प्रस्तुत किए। सत्संग में लखनलाल, पप्पू सैन, कामता प्रसाद चौरसिया आदि कबीरी भक्त मौजूद रहे।

आवाज उठाई संयुक्त संगठनों ने प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित 10 सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा

प्रदर्शन के साथ जिले का नाम बदलने का उठाया मुद्दा

कार्यालय संवाददाता, महोबा

आल्हा चौक के आंबेडकर पार्क में धरना देते संयुक्त संगठनों के लोग। अमृत विचार

अमृत विचार। शहर के आल्हा चौक स्थित अंबेडकर पार्क में किसान कामगार यूनियन, रेल संघर्ष मोर्चा और लाडली बहना अधिकार मंच के तत्वावधान में संयुक्त संगठनों ने जोरदार प्रदर्शन किया। संगठनों के लोगों ने लाडली बहना योजना लागू करने, आल्हा ऊदल के इतिहास को पाठ्यक्रम में शामिल करने, सहित दस सूत्रीय ज्ञापन प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा। संगठनों ने मांगों को पूर्ण कराए जाने की आवाज बुलंद की साथ ही चेतावनी दी कि यदि एक मई तक समस्याओं का निस्तारण नहीं होता तो प्रदर्शन को आंदोलन का रुप दिया जाएगा।

शहर के अंबेडकर पार्क में संगठनों के सैकड़ों कार्यकर्ताओं ने धरना प्रदर्शन कर अपनी उपेक्षित विरासत और किसानों के हक की आवाज उठाई। प्रदर्शन दौरान किसान कामगार यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ईश्वरचन्द्र त्रिपाठी और प्रदेश अध्यक्ष हरवंश राजपूत ने लोगों को संबोधित करते हुए इस संघर्ष में कंधे से कंधा मिलाकर चलने का आहवान किया साथ ही अपने संबोधन से संगठन के लोगों में ऊर्जा भरने का काम किया।

इसके बाद प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित दस सूत्रीय ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में जनपद का नाम बदलकर वीर आल्हा ऊदल नगर करने और आल्हा-ऊदल के पैतृक गांव दसपुरवा को पर्यटन स्थल घोषित करने की मांग शामिल है। ज्ञापन में महोबा रेलवे स्टेशन के बाहर इन वीर योद्धाओं की विशाल मूर्तियां लगाने और उनके इतिहास को एनसीईआरटी की किताबों में जगह देने की भी मांग की है। संगठन ने केवल ऐतिहासिक धरोहरों से संबंधित मांगें ही नहीं उठाई, बल्कि सामाजिक और आर्थिक मुद्दों पर भी सरकार का ध्यान आकर्षित किया। यूनियन ने उत्तर प्रदेश में मध्य प्रदेश और राजस्थान की तर्ज पर 'लाड़ली बहना योजना' लागू कर महिलाओं को 3000 रुपये मासिक भत्ता देने की मांग की साथ ही बुंदेलखंड के किसानों के कर्ज पूरी तरह माफ करने और कृषि आयोग का गठन कर खेती को व्यावसायिक दर्जा दिलाने के अलावा भ्रष्टाचार के मुद्दों को भी उठाया। इस मौके पर संगठनों के पदाधिकारी, कार्यकर्ता और जिले के अन्य लोग मौजूद रहे।

न्यूज ब्रीफ

अज्ञात वाहन की टक्कर से युवक की मौत

पहाड़ी। सड़क हादसे में 25 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान टिकरा गांव निवासी विकास पुत्र सुनील के रूप में हुई है, जो बूढ़े हनुमान मंदिर दर्शन के लिए जा रहा था। जानकारी के अनुसार, विकास बालापुर की ओर से गुजर रहा था, तभी तेज रफ्तार वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने एंबुलेंस से घायल को जिला अस्पताल भेजा, जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

परशुराम जन्मोत्सव के संबंध में बैठक

राजापुर (चित्रकूट)। मानस धाम में 19 अप्रैल को होने वाले परशुराम जन्मोत्सव के संबंध में नगर पंचायत अध्यक्ष संजीव मिश्रा के नेतृत्व में एक गेस्ट हाउस में बैठक हुई। समाजसेवी सुनील मिश्रा ने कहा कि ब्राह्मण समाज भगवान परशुराम को कुल देवता के रूप में मानता है। ऐसे कुलश्रेष्ठ महापुरुष का जन्मोत्सव श्रद्धा भाव, समर्पण, भक्ति के साथ मनाने की आवश्यकता है। नगर पंचायत अध्यक्ष ने कहा कि कई वर्षों से भगवान परशुराम का जन्मोत्सव मनाने की जो परंपरा चली आ रही है, उसमें विप्र समाज के साथ-साथ अन्य वर्ग के लोगों को भी आमंत्रित किया जाए। भारतीय सवर्ण समाज के जिलाध्यक्ष रविंद्र पयासी ने पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया। बैठक में धीरेंद्र मिश्रा, मनोज द्विवेदी, सतीश मिश्रा, अमित पांडेय, वीरेंद्र पांडेय, नागेंद्र पांडेय, सत्यव्रत मिश्रा, लवकुश पांडेय, भानु द्विवेदी, मंगल पांडेय, अनिल त्रिपाठी, गौरव द्विवेदी, प्रशांत तिवारी रहे।

छात्रसभा की बैठक में संगठन पर चर्चा

चित्रकूट। समाजवादी छात्रसभा की संगठनात्मक समीक्षा बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश उपाध्यक्ष परवेज आलम ने कमेटियों के सत्यापन के बाद संगठन की वर्तमान स्थिति पर चर्चा की। उन्होंने दावा किया कि 2027 में प्रदेश का युवा परिवर्तन करने जा रहा है और पीडीए की सरकार बनने जा रही है। छात्रसभा जिलाध्यक्ष रोहित यादव ने आरोप लगाया कि भाजपा सरकार में छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। सदर विधायक अनिल प्रधान ने कहा कि 2027 में इस बार चित्रकूट जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्र की सीटें सपा के खाते में जाएंगी सत्यनारायण सिंह, गुलाब खां, शक्ति सिंह, मान सिंह पटेल, अभिलाष यादव आदि सपाई रहे।

विवि कर्मी के निधन पर शोकसभा

सीतापुर (चित्रकूट)। महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विश्वविद्यालय के वीआईपी गेस्ट हाउस में सुरक्षा गार्ड रहे धर्मराज त्रिपाठी के आकस्मिक निधन पर शोकसभा की गई। शिक्षकों, अधिकारियों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। कुलसचिव प्रो. आंजनेय पांडेय ने शोक संदेश पढ़ा।

जुआ खेलने के आरोप में पांच लोग गिरफ्तार

राजापुर। एसआई रविंद्र कटियार ने पांच लोगों को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया। पुलिस ने समयलाल सोनकर, अजय कुशवाह, जितेंद्र सोनकर निवासी गोस्वामीनगर, गोलू सोनकर निवासी गिला मोड़ और आशीष कुमार सोनकर निवासी काशीनगर को जुआ खेलने के आरोप में गिरफ्तार किया। इनकी मालफड़ से तीन हजार व जामा तलाशी से 500 रुपये बरामद किए गए।

दीप प्रज्ज्वलन में न पहुंचने पर छात्रों पर लगाया जुर्माना

चित्रकूट गौरव दिवस पर दीप प्रज्ज्वलन का गहरा रहा मामला

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। चित्रकूट गौरव दिवस पर दीप प्रज्ज्वलन का मामला विवादों के घेरे में है। अब इस बात की चर्चा जोरों पर है कि महात्मा गांधी चित्रकूट ग्रामोदय विवि में लगभग 250 छात्रों से दीप जलाने न पहुंचने पर प्रति छात्र 500 रुपये तक का जुर्माना वसूला गया है।

इस संबंध में व्यवसाय प्रबंध विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. सीपी गूजर के हस्ताक्षर किया हुआ एक पत्र भी सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसमें कहा गया है कि पूर्व में अधिष्ठाता और विभागाध्यक्ष द्वारा स्वयं आंतरिक मूल्यांकन परीक्षा में सभी छात्रों को चित्रकूट गौरव दिवस में विवि को आवंटित दीप प्रज्ज्वलन लक्ष्य की पूर्ति के लिए अनिवार्यतः दोपहर साढ़े चार बजे संकाय में उपस्थित होने की सूचना दी गई थी और यह भी निर्देश दिया गया था कि जो छात्र अनुपस्थित होंगे, वे 28 मार्च को होने वाली मौखिक परीक्षा में नहीं बैठ पाएंगे। इसके बाद भी अधिकांश छात्रों ने इन निर्देशों को गंभीरता से नहीं लिया है। वे मौखिक परीक्षा में नहीं बैठेंगे और इनको 500 रुपये का अर्थदंड विवि के खाते में जमा करना होगा। इसके बाद ही वे मौखिक परीक्षा में बैठ सकेंगे। हालांकि इस पत्र की सत्यता पर भी सवाल उठ रहे हैं और 'अमृत विचार' इसकी प्रमाणिकता की पुष्टि नहीं करता।

'अमृत विचार' में प्रकाशित समाचार।

संबंधित विभागाध्यक्ष से मांगी गई जानकारी

- रविवार होने की वजह से इस संबंध में कुलपति का पक्ष नहीं जाना जा सका। हालांकि जब इस संबंध में विवि के जनसंपर्क अधिकारी जयप्रकाश शुक्ला से फोन पर पूछा गया तो उनका सिर्फ यह कहना था कि रजिस्ट्रार आंजनेय पांडेय ने इस संबंध में संबंधित विभागाध्यक्ष से जानकारी मांगी है। इस संबंध में और कुछ वह नहीं कह सकते।

दीपदान रहा है चर्चा में

- गौरतलब है कि इस बार चित्रकूट गौरव दिवस में दीपदान चर्चा का विषय रहा। पूर्व सांसद और भाजपा के वरिष्ठ नेता भैरों प्रसाद मिश्र भी भगवान कामतानाथ को पत्र लिखकर पूरी प्रक्रिया और दीपों की संख्या पर सवालिया निशान लगा चुके हैं।

पूर्व जिलाध्यक्ष भाजपा ने उठाए सवाल

- उधर, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष चंद्रप्रकाश खरे ने फेसबुक में संबंधित पत्र के साथ एक पोस्ट की है। उन्होंने लिखा है कि अगर यह बात सही है तो विवि प्रशासन ने यह बहुत ही निंदनीय काम किया है। स्वतंत्र भारत में इस प्रकार के कानून लादना बिल्कुल ही गलत है। उन्होंने यह भी लिखा कि विद्यार्थी हित में काम करने वाले संगठन कहां चले गए। ऐसे अपराध के लिए संबंधित अधिकारियों और जो भी जिम्मेदार हैं, उनको दंडित होना चाहिए।

कूप निर्माण में घटिया सामग्री इस्तेमाल करने का आरोप

मानिकपुर चित्रकूट। मानिकपुर क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खिचरी निवासी एक महिला ने लघु सिंचाई विभाग के ठेकेदार पर कूप निर्माण में भारी अनियमितता और घटिया सामग्री के इस्तेमाल का आरोप लगाया है। उसने अधिकारियों को प्रार्थनापत्र भेजकर जांच की मांग की है।

खिचरी निवासी मनोजा देवी पत्नी रामचंद्र ने बताया कि उनके खेत में वर्ष 2025-26 में लघु सिंचाई विभाग के ठेकेदार ने लगभग 8.32 लाख रुपये की लागत से कूप निर्माण कराया। आरोप है कि निर्माण में मानक के अनुरूप सामग्री का उपयोग नहीं किया गया। घटिया मिश्रण प्रयोग किया गया, जिससे दीवारों में मजबूती नहीं आ पाई और मसाला हाथ लगाने से ही झड़ने लगा। बताया कि जब निर्माण कार्य के दौरान इसका विरोध किया गया तो ठेकेदार व उसके सहयोगियों ने अभद्र व्यवहार किया और शिकायत करने पर परिणाम भुगतने की धमकी दी।

ग्रामीण ने प्रशासन से मांग की है कि पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कराई जाए और दोषी ठेकेदार के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जाए। साथ ही कूप निर्माण को मानक के अनुसार पुनः कराया जाए। इस संबंध में ठेकेदार का पक्ष नहीं मिल सका।

www.amritvichar.com पर भी खबरें पढ़ें

पुलिस की गिरफ्त में दोनों आरोपी। अमृत विचार

सरिया चोरी करने के दो आरोपी दबोचे गये

संवाददाता, मऊ चित्रकूट

- सरिया के लगभग एक क्विंटल के टुकड़े बरामद

अमृत विचार। थाना पुलिस ने गोदाम से सरिया चोरी करने के दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। इनसे चोरी की सरिया के 262 टुकड़े, जिनका वजन लगभग एक क्विंटल दो किग्रा है, बरामद किए गए।

पुलिस के अनुसार, 12 मार्च को विष्णु गुप्ता पुत्र गोमती चंद निवासी मऊ ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका अहिरी धर्मकांटे के पास गोदाम है। लगभग 35 क्विंटल सरिया चोरी हो गईं।

बताया कि जानकारी मिली है कि अवधेश पुत्र अर्जुन, अखलेश पुत्र त्रिलोकी निवासी मऊ मैदाना व बड़कू पुत्र बनारसी निवासी टिकरा टोला के साथ अन्य लोगों ने चोरी की है। पांच अप्रैल को पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर शिवपुर तिराहे के पास से अवधेश, अखिलेश को गिरफ्तार किया। कड़ाई से पूछताछ करने पर दोनों ने चोरी की बात कबूली। यह भी बताया कि कुछ सरिया एक ट्रक वाले को बेच दी और बाकी टुकड़े एक पुलिया के नीचे छिपा दिए थे। वे दोनों ट्रक चालक के संबंध में कुछ नहीं बता सके।

पुलिस ने पुलिया के नीचे से सरिया के 262 टुकड़े बरामद किए। आरोपियों की गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में हेड कांस्टेबल बृजेश कुमार यादव, कांस्टेबल राकेश कुमार और सोनपाल शामिल रहे।

अनुदेशकों को एरियल के शासनादेश का इंतजार

चित्रकूट। उच्च प्राथमिक अनुदेशक शिक्षक वेलफेयर एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष श्यामसुंदर यादव ने प्रदेश सरकार से मांग की है कि अनुदेशकों का बढा हुआ मानदेय एवं एरियल का शासनादेश जल्द जारी करें।

यादव ने बताया कि सुप्रीम कोर्ट ने अनुदेशकों का मानदेय 2017-18 से देने और एक अप्रैल 2026 से 17000 रुपये मानदेय दिए जाने का आदेश जारी किया है। लेकिन आज तक अभी कोई भी आदेश जारी नहीं हुआ। इससे प्रदेश भर के अनुदेशकों में रोष है। वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिवशंकर उपाध्याय ने बताया कि विधानसभा सत्र के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी अनुदेशकों का 17000 मानदेय एक अप्रैल से देने की घोषणा की लेकिन जीओ न जारी होने से अनुदेशकों में चिंता है। बताया कि 2013 से अनुदेशकों की भर्ती उच्च प्राथमिक विद्यालयों में पूरे प्रदेश भर में हुई थी तब से लगातार कम मानदेय पर कार्य कर रहे हैं। जबकि इस समय मंहगाई चरम सीमा पर है। महिला संगठन की अध्यक्ष रेखा त्रिपाठी ने कहा कि गैस की इस समय ज्यादा किल्लत है। अब चूल्हे में खाना बन रहा है और अन्य खर्चे भी नहीं चल पा रहे। सरकार से अपील है कि अतिशीघ्र बढ़े मानदेय का शासनादेश जारी करे। संगठन मंत्री विनोद सिंह ने कहा कि घोषणा से अनुदेशकों में खुशी की लहर है लेकिन समय से मानदेय न मिलने पर रोष भी है।

नवनिर्मित राजाघाट में कॉफर डैम की बोरियां निकालना शुरू

सीतापुर। बुंदेली सेना के प्रयास पर नगर पालिका कर्मियों की टीम ने रविवार से नवनिर्मित राजाघाट में बने कॉफर डैम की बोरियां निकालना शुरू कर दिया है। ईओ के निर्देश पर शुरू हुए इस अभियान में पहले दिन लगभग तीन सौ बोरियां नदी से बाहर निकाली गईं। बुंदेली सेना के जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने बताया कि पिछले दिनों उन्होंने गंदगी से बजबजा रहे नवनिर्मित राजाघाट की सफाई कराई थी। इसी दौरान पता चला कि घाट बनाते समय लगाए गए कॉफर डैम (पानी के बहाव को रोकने के लिए बोरियों से बनाया गया घेरा) को अभी तक नहीं हटाया गया। इसपर नगर पालिका के ईओ लालजी से संपर्क करके उन्हें घाट की वस्तुस्थिति बताई। ईओ खुद घाट पर पहुंचे और बोरियों के साथ घाट की मिट्टी हटवाने का आश्वासन दिया था।

रंगदारी मांगने के आरोप में एफआईआर का आदेश

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

- पांच नामजद समेत 30 लोगों पर दर्ज होगी रिपोर्ट
- पुलिस के न सुनने पर पीड़िता ने ली थी कोर्ट की शरण

अमृत विचार। न्यायालय विशेष न्यायाधीश दस्यु प्रभावित क्षेत्र नीरज श्रीवास्तव ने शंकर बाजार निवासी संगीता देवी पत्नी राम प्रसाद सोनी की शिकायत पर पांच नामजद और 25 अज्ञात आरोपियों पर एफआईआर दर्ज करने का आदेश दिया है।

अधिवक्ता रामकृष्ण ने बताया कि उनकी वादी और पीड़िता संगीता के अनुसार, चार मार्च को आरोपीगण आशीष तिवारी व आदर्श तिवारी पुत्रगण मुन्नू दादू उर्फ अरविंद तिवारी, नितिन द्विवेदी पुत्र राजेंद्र द्विवेदी और मुन्नू दादू उर्फ अरविंद तिवारी तीन अज्ञात लोगों के साथ उसके घर आए और विवादित रहे मकान को खाली करने के लिए कहने लगे। धमकी देते हुए कहा कि अगर घर खाली नहीं करना है, तो पांच लाख रुपये दो। इसके बाद आरोपीगण धमकी देकर चले गए। संगीता के अनुसार, जब बेटा शिवम घर आया, तो उसने उसे घटना की जानकारी दी। इस पर शिवम सर्राफा बाजार पहुंचा, जहां आरोपी आशीष अपने जीजा और तीन अज्ञात लोगों के साथ मौजूद था। आरोप लगाया कि आशीष ने शिवम से फिर पांच लाख रुपये की रंगदारी मांग की। शिवम के मना करने पर गालीगलौज की और आशीष और अन्य ने शिवम को मारपीटा। संगीता का आरोप है कि आरोपियों ने बाइक लूट ली। शिवम किसी तरह जान बचाकर वहां से भागा। संगीता का कहना है कि जब उसने इसकी शिकायत आशीष से की तो आशीष, आदर्श, मुन्नू दादू उर्फ अरविंद तिवारी, श्वेता तिवारी और तीन अज्ञात लोगों ने उस पर और उसके दो बेटों को लात-घूसों, लाठी-डंडों, लोहे के राड व पत्थर से मारापीटा।

बताया कि वहां पर मौजूद लोगों ने किसी तरह बचाया। जब वह शिकायत दर्ज कराने थाना कर्वी कोतवाली नगर जाने लगी, तभी आरोपियों ने अपने 25 से ज्यादा गुर्गों के साथ फिर धावा बोल दिया और मारपीट कर सर्राफा की दुकान के चांदी के सामान से भरा एक डिब्बा लूट लिया। उसके साथ भी अभद्रता की। आसपास के लोगों ने किसी तरह छुड़ाया। संगीता का कहना है कि आरोपीगण किसी भी समय उसकी और उसके परिवार की हत्या करा सकते हैं।

पुलिस पर भी लगाया अनुसुनी का आरोप

- शिकायतकर्ता का कहना है कि पुलिस ने भी उसकी नहीं सुनी और सुलह-समझौता करने का दबाव बनाया, लेकिन जब शिकायतकर्ती व उसके बेटे सुलह-समझौता के लिए तैयार नहीं हुए, तो पुलिस ने उल्टा फर्जी मुकदमा दर्ज कर लिया।

पुलिस ने नहीं की कार्रवाई, न्यायालय में लगाई गुहार

- अधिवक्ता ने बताया कि पुलिस द्वारा न सुनी जाने पर पीड़िता ने पुलिस अधीक्षक के साथ मुख्यमंत्री और उत्तर प्रदेश महिला आयोग को पंजीकृत डाक से पत्र भेजा। इसके बाद भी कार्रवाई न ह ने पर उसने उनके माध्यम से न्यायालय से न्याय की गुहार लगाई। आशीष तिवारी व आदर्श तिवारी पुत्रगण मुन्नू दादू उर्फ अरविंद तिवारी, नितिन द्विवेदी पुत्र राजेंद्र द्विवेदी, मुन्नू दादू उर्फ अरविंद तिवारी पुत्र अज्ञात, श्वेता तिवारी पत्नी आशीष तिवारी के खिलाफ कोतवाली प्रभारी को समुचित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज करने और अनुपालन आख्या सात दिन में कोर्ट में प्रस्तुत करने का आदेश दिया है।

निश्चित दुकानों से किताब खरीद को बाध्य करें तो करें शिकायत

चित्रकूट। डीएम पुलकित गर्ग ने कहा है कि स्व वित्तपोषित विद्यालय अगर निश्चित और तय दुकानों से किताबें और यूनीफार्म खरीदने को बाध्य करें तो अभिभावक उनसे शिकायत कर सकते हैं।

गौरतलब है कि वर्तमान में ज्यादातर निजी स्कूलों और स्व वित्तपोषित स्कूलों द्वारा अभिभावकों को तय दुकानों से ही यूनीफार्म और किताबें आदि खरीदने को बाध्य किया जाता है। ऐसे में ये दुकानदार मनचाही कीमत वसूलते हैं। आरोप तो यहां तक हैं कि ऐसा न करने पर उनके बच्चे को फेल करने तक की धमकी दी जाती है। बच्चे के भविष्य को ध्यान में रखते हुए और किसी बवाल को मोल न लेने के मद्देनजर अभिभावक भी इन्हीं दुकानों से किताबें आदि खरीद लेते हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि अगर स्कूल प्रबंधक जबरदस्ती करें तो इस मो.नं.-9454457411 पर अपनी शिकायत दर्ज करा सकते हैं।

छत्रपति शिवाजी महाविद्यालय
साखिन बुजुर्ग, सिकन्दरा, कानपुर देहात''
आवश्यकता है
स्ववित्त पोषित राजाज्ञानुसार निश्चित मानदेय पद UGC/NET अर्हताधारी प्राचार्य व प्रवक्ताओं की।
1-प्राचार्य-1 पद, 2-विज्ञान संकाय(प्रत्येक 1 पद)-गणित, भौतिकी, रसायन विज्ञान, जन्तु विज्ञान, वनस्पति विज्ञान, 3-वाणिज्य संकाय, 3 पद ।
अभ्यर्थी आवेदन पत्र समस्त शैक्षिक प्रपत्रों व आधार कार्ड की छायाप्रति, फोटो, मोबाइल नम्बर सहित विज्ञापन प्रकाशन के पंद्रह दिनों के अन्दर ''प्रबंधक, छत्रपति शिवाजी महाविद्यालय, साखिन बुजुर्ग, सिकन्दरा, कानपुर देहात'' पिनकोड -209125 पर भेजें।
प्रबंधक-श्रीमती मिथलेश कटियार
सम्पर्क मो0नं0-7906648157, 8009565756, 8400327696

मालगाड़ी दो हिस्सों में बंटी, रेलमार्ग बाधित

कार्यालय संवाददाता चित्रकूट

अमृत विचार। रविवार शाम सतना से प्रयागराज की ओर सीमेंट कंक्रीट लादकर जा रही एक मालगाड़ी बांसा पहाड़ और मानिकपुर के बीच अचानक दो हिस्सों में बंट गई। प्रारंभिक जानकारी के अनुसार गाड़ी की कपलिंग टूटने से यह हादसा हुआ, जिससे मुंबई-हावड़ा रेल मार्ग पर करीब डेढ़ घंटे तक रेल यातायात पूरी तरह बाधित रहा।

घटना के बाद रेल मार्ग पर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और सुपरफास्ट ट्रेनों सहित एक दर्जन से अधिक गाड़ियां विभिन्न स्टेशनों पर जहां-तहां खड़ी रहीं। बाम्बे मेल और रीवांचल एक्सप्रेस जैसी प्रमुख ट्रेनें भी इस व्यवधान की चपेट में आ गईं।

छपरा-दुर्ग सरनाथ एक्सप्रेस मानिकपुर आउटर पर लगभग एक घंटे तक रुकी रही, जबकि काशी एक्सप्रेस प्लेटफॉर्म नंबर एक पर करीब 45 मिनट तक खड़ी रही। इसके अलावा मारकुण्डी, टिकरिया, मझगवां, डभौरा और शंकरगढ़ स्टेशनों पर भी कई ट्रेनें लाइन में खड़ी नजर आईं। सूचना मिलते ही रेलवे के कर्मचारी मौके पर पहुंच गए और कपलिंग दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया। कड़ी मशक्कत के बाद ट्रैक को बहाल किया गया, जिसके पश्चात रेल यातायात धीरे-धीरे सामान्य हो सका।

रेलमार्ग बाधित होने के चलते खड़ी ट्रेन।

पुलिस लाइंस में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर का आयोजन

चित्रकूट। पुलिस फैमिली वेलफेयर एसोसिएशन (वामा सारथी) के तत्वावधान में रविवार को एसपी अरुण कुमार सिंह की उपस्थिति में कान्हा सभागार में होम्योपैथिक स्वास्थ्य शिविर व स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। डा. प्रभु सिंह, बद्री प्रसाद वर्मा, विनय सिंह व अभिमान प्रसाद आदि ने पुलिसकर्मियों व परिवारीजनों का स्वास्थ्य संबंधी परीक्षण कर दवाएं दीं।

कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर जनपद कानपुर देहात

पत्रसंख्या- 15 /एन0पी0ए0/2026-27 दिनांक-04-04-2026

ई-निविदा सूचना

समस्त ठेकेदारों फर्मो को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत अकबरपुर में पं0 दीनदयाल उपाध्याय नगर विकास योजना अनुदान संख्या-37 के अन्तर्गत प्रस्तावित कार्यों हेतु दिनांक 27-04-2026 को अपरान्ह 3: 30 बजे तक निविदायें ई-टेण्डरिंग वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर आमंत्रित करती है। जो उसी दिन अपरान्ह 4: 30 बजे खोली जायेंगी। निविदाओं का निर्धारित शुल्क कार्यालय नगर पंचायत अकबरपुर में जमा कराकर जमा रसीद संलग्नकों सहित अपलोड की जानी आवश्यक है। 2 प्रतिशत अर्नेष्ट मनी नकद एन0एस0सी0 अथवा एफ0डी0आर0 जो अधिशाषी अधिकारी नगर पंचायत अकबरपुर के नाम बन्धक हो अपलोड करना अनिवार्य है। किसी भी निविदा को बिना कोई कारण बताये निरस्त स्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

प्रस्तावित कार्यों का विवरण निम्न प्रकार है।

क्र. सं.	कार्य का नाम	अगणन/ अनुमानित धनराशि	अर्नेष्टमनी 2 प्रतिशत	निविदा प्रपत्र का मूल्य	कार्यावधि
1	वार्ड नं0 1 पं0 दीनदयाल नगर में विमल संखवार के मकान से भजनी संखवार के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	303500.00	7000.00	300.00	3 माह
2	वार्ड नं0 2 मा0 कांशीराम नगर बदलापुर में कुंवरलाल संखवार के मकान से श्रीबाबू के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य ।	110300.00	3000.00	100.00	3 माह
3	वार्ड नं0 2 मा0 कांशीराम नगर आलमचन्द्रपुर में राजू संखवार के मकान से कमलेश गौतम के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य ।	741400.00	15000.00	800.00	3 माह
4	वार्ड नं0 3 शिवाजी नगर जुग्गापुरवा में अशोक गौतम के मकान से अशोक यादव के मकान होते हुये बाबाजी की कुटिया तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य ।	1979800.00	40000.00	2000.00	3 माह
5	वार्ड नं0 5 शंकरदयाल नगर रमेश गौतम के मकान से रामचन्द्र पोस्टमेन के मकान होते हुये राजेश प्रजापति के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	587500.00	12000.00	600.00	3 माह
6	वार्ड नं0 6 कृष्णा नगर में माती रोड से विनोद संखवार के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	1071700.00	22000.00	1100.00	3 माह
7	वार्ड नं0 7 अम्बेडकर नगर में श्यामसुन्दर प्रेमी के मकान से रज्जनलाल संखवार के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	2505200.00	51000.00	2500.00	3 माह
8	वार्ड नं0 8 जसवंत नगर में राजेश गौतम के मकान से गौरीशंकर के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	429800.00	9000.00	400.00	3 माह
9	वार्ड नं0 10 लोहिया नगर धरऊ में प्रा0पा0 से मिल्किनपुरवा रोड तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	493400.00	10000.00	500.00	3 माह
10	वार्ड नं0 13 अशोक नगर में प्यारे वाल्मीकि के मकान से छुन्ना वाल्मीकि के मकान होते हुये सितारा वाल्मीकि के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य।	1400200.00	29000.00	1400.00	3 माह
11	वार्ड नं0 17 रामगंज में होलिका दहन स्थल से प्रा0पा0 स्कूल होते हुये गंगाराम के मकान तक सी0सी0 रोड व नाली निर्माण कार्य ।	1383500.00	28000.00	1400.00	3 माह

(आशीष कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत अकबरपुर
कानपुर देहात

(दीपाली सिंह)
अध्यक्ष
नगर पंचायत अकबरपुर
कानपुर देहात

जानकारी | अत्यधिक शराब पीने से विटामिन बी12 की कमी से हो सकता है दिमागी रोग

शराब की लत लोगों को बना रही बीमार

अभिनव राज त्रिपाठी, मऊ चित्रकूट

अमृत विचार। शराब की बढ़ती लत लोगों को बीमार कर रही है। युवा से लेकर बुजुर्ग तक इसकी चपेट में हैं। एक अध्ययन के मुताबिक, युवाओं में शराब पीने के चलन ने लीवर को कमजोर तो किया ही है साथ ही मानसिक स्वास्थ्य पर भी गहरा असर डालना शुरू कर दिया है।

स्वास्थ्य विशेषज्ञों के अनुसार, शराब के अधिक सेवन से शरीर में विटामिन बी12 की भारी कमी हो रही है, जो कई गंभीर बीमारियों की जड़ बताई जाती है।

इससे लोगों में वर्निके एंसेफेलोपैथी जैसे खतरनाक दिमागी रोग सामने आ रहे हैं। इससे याददाश्त, सोचने-समझने की क्षमता और शरीर का संतुलन प्रभावित हो रहा है।

एक दुकान से खरीदते लोग। अमृत विचार

आंकड़ों में जनपद की स्थिति

जिले में शराब की उपलब्धता भी इस बढ़ती खपत का एक बड़ा कारण मानी जा रही है। जिले में शराब की दुकानों के आंकड़े शराब की सहज उपलब्धता की ओर भी इशारा करते हैं।

कंपोजिट शराब की दुकानें : 54
देसी शराब की दुकानें : 71
भांग की दुकानें : 11

इस तरह से कुल मिलाकर जनपद में 136 शराब/नशे से जुड़ी दुकानें संचालित हैं।

क्या है विटामिन बी12

- विटामिन बी12 एक जरूरी पोषक तत्व है, जिसे कोबालामिन भी कहा जाता है। यह शरीर में खून बनाने, दिमाग और नसों को स्वस्थ रखने और ऊर्जा बनाए रखने में मदद करता है। शराब पीने वालों में इसकी कमी तेजी से होती है क्योंकि शरीर इसे ठीक से अवशोषित नहीं कर पाता है।

स्वास्थ्य पर गहरा असर : डा. निगम

मऊ सीएचसी के डा. प्रखर निगम बताते हैं कि मऊ में लिवर और पाचन तंत्र से जुड़ी बीमारियों के मरीज तेजी से बढ़े हैं। शराब से यकृत की कोशिकाएं नष्ट होती हैं। इससे सिरोसिस और हेपेटाइटिस का खतरा बढ़ जाता है। पाचन तंत्र कमजोर होने से भूख कम लगना, अपच और कुपोषण आम हो गया है।

प्रतिरक्षा प्रणाली को कमजोर करती है : संकल्प

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान वारंगल में केमिकल विभाग में पीएचडी कर रहे संकल्प त्रिपाठी बताते हैं कि शराब आंतों से होते हुए तेजी से खून में मिल जाती है। इसे ब्लड अल्कोहल कंसंट्रेशन कहते हैं। इससे मस्तिष्क की कार्यक्षमता धीमी, हृदय गति में अनियमितता और लिवर में सूजन होती हैं। लंबे समय तक सेवन से यह कैंसर, लीवर सिरोसिस हो सकता है।

हमें बीते हुए समय के लिए परेशान नहीं होना चाहिए, न ही भविष्य के बारे में चिंतित होना चाहिए। विवेकशील व्यक्ति केवल वर्तमान क्षण से ही निपटते हैं।
-**चाणक्य**, दार्शनिक

और उग्र होता युद्ध

ईरान के बुशहर परमाणु संयंत्र और उसके बाद उसके प्रमुख पेट्रोकेमिकल ठिकानों पर अमेरिकी हमलों ने पश्चिम एशिया के युद्ध को अधिक खतरनाक चरण में प्रवेश करा दिया है। यह अब केवल सैन्य टकराव नहीं, बल्कि ऊर्जा, पर्यावरण और वैश्विक अर्थव्यवस्था से जुड़ा बहुआयामी संकट बन चुका है। साफ है कि अमेरिका अब ईरान की सैन्य क्षमता ही नहीं, बल्कि उसकी आर्थिक रीढ़ को भी तोड़ने की रणनीति पर काम कर रहा है। यह "पूर्ण युद्ध" की स्थिति है, जहां विरोधी की संपूर्ण संरचना को निशाना बनाया जाता है। डोनाल्ड ट्रंप और इजराइल की संभावित अगली चालों के संकेत स्पष्ट हैं कि रणनीतिक ठिकानों, मिसाइल बेस और ऊर्जा अवसंरचना, जिसमें विद्युत शामिल हैं, उन पर भीषण हमले। ट्रंप के 48 घंटे का अल्टीमेटम इस बात का संकेत है कि कूटनीति की जगह अब सैन्य दबाव ने ले ली है। ट्रंप की कथित "तीन सप्ताह में युद्ध समाप्त करने" की योजना और वर्तमान आक्रामकता के बीच विरोधाभास स्पष्ट है। यह अमेरिकी घरेलू राजनीति से भी जुड़ा हो सकता है, जहां वे एक निर्णायक और विजयी छवि प्रस्तुत करना चाहते हैं।

इतिहास गवाह है कि अल्पकालिक युद्ध के लक्ष्य अक्सर दीर्घकालिक संघर्षों में बदल जाते हैं, विशेषकर जब ईरान जैसा विरोधी पक्ष, प्रतिरोध की क्षमता और इच्छाशक्ति दोनों रखता हो। बड़ा सवाल यह है कि जब अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों ने ईरान को तत्काल परमाणु खतरा नहीं माना, तब उसके परमाणु संयंत्रों पर बार-बार हमले क्यों? इसका उत्तर रणनीतिक बहानेबाजी में है, भविष्य की क्षमता को अभी नष्ट करना। किंतु यह कदम अत्यंत जोखिमपूर्ण है। बुशहर जैसे संयंत्र पर हमला, यदि गंभीर क्षति या रेडियोधर्मी रिसाव का कारण बनता है, तो इसका प्रभाव केवल ईरान तक सीमित नहीं रहेगा, कुवैत, यूएई और खाड़ी के अन्य देशों तक इसका प्रभाव पहुंच सकता है। नाभिकीय रिसाव की स्थिति में कैंसर, पर्यावरणीय विनाश और दशकों तक बने रहने वाले रेडिएशन की समस्या पैदा होती है। अंतर्राष्ट्रीय मानवीय कानून विशेषतः जेनेवा कन्वेंशन, ऐसे संवेदनशील ठिकानों पर हमले से बचने की अपेक्षा करता है। फिर भी, इन नियमों का उल्लंघन यह दिखाता है कि आधुनिक युद्ध में नैतिक सीमाएं लगातार धुंधली होती जा रही हैं। अमेरिका की "आर-पार" वाली रणनीति यह संकेत देती है कि आने वाले दिनों में संघर्ष अचानक तीव्र हो सकता है। तेज हमलों की श्रृंखला, और फिर किसी निर्णायक मोड़ पर युद्धविराम का प्रयास। किंतु ईरान जैसे देश के पूर्ण "ध्वस्त" होने की संभावना कम है, इसके बजाय एक लंबा, अस्थिर संघर्ष अधिक यथार्थपरक परिदृश्य है। भारत के लिए यह स्थिति अत्यंत संवेदनशील है। एक ओर, उसकी ऊर्जा निर्भरता होर्मुज जलडमरूमध्य से होकर गुजरती है, दूसरी ओर लाखों भारतीय नागरिक खाड़ी देशों में कार्यरत हैं। भारत को संतुलित कूटनीति, वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की तलाश और अपने नागरिकों की सुरक्षा के लिए ठोस निकासी योजना तैयार रखनी चाहिए। यह युद्ध केवल दो देशों का नहीं, बल्कि वैश्विक स्थिरता की परीक्षा बन चुका है। यदि परमाणु और ऊर्जा अवसंरचनाओं पर हमले जारी रहे, तो इसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर पूरी दुनिया को झकझोर सकता है। भारत को सजग, संतुलित और रणनीतिक रूप से सक्रिय रहना होगा।

अजेय भारत के लिए जरूरी अभेद्य आसमान

नवीन गुप्ता
बरेली

युद्ध अब केवल जमीन पर सेनाओं के माध्यम से नहीं लड़े जा सकते। दुश्मन का कौन कितना नुकसान करके, कितनी बढ़त हासिल करेगा, इसका फैसला आसमान में जेट, मिसाइल और ड्रोन के प्रहार तय हो रहा है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने यही दिखाया है कि आधुनिक युद्ध में ड्रोन, मिसाइलों और उन्नत तकनीक का प्रभुत्व किस कदर बढ़ता जा रहा है।

साल 2022 में शुरू हुए रूस-यूक्रेन युद्ध के बाद अमेरिका-इजराइल की ईरान के साथ छिड़ी हालिया जंग ने ड्रोन और वायु शक्ति की ताकत को मजबूती के साथ स्थापित किया है। इसके चलते ही खाड़ी देशों में ड्रोन और मिसाइल हमलों के कारण युद्ध क्षेत्र जैसी अराजकता बनी हुई है। यहां तक कि अमेरिका का करोड़ों डॉलर का थॉड एयर डिफेंस सिस्टम भी ईरान की बैलिस्टिक मिसाइलों को पूरी तरह रोकने में नाकाम रहा है। बैलिस्टिक मिसाइलों और शाहेद ड्रोन का इस्तेमाल करके ईरान ने पूरे पश्चिम एशिया में न सिर्फ अमेरिकी सैन्य ठिकानों, राडारों के साथ तेल गैस संयंत्रों, बंदरगाहों और हवाई अड्डों को आक्रामक तरीके से निशाना बनाया है, बल्कि इसरायली एयर डिफेंस सिस्टम पर भी दबाव बनाए रखा है। इसके साथ ही वह ड्रोन के झुंडों का इस्तेमाल करके भी निशाने साध रहा है। ऐसे में बड़ा सवाल है कि भारत के पास अपने आसमान की सुरक्षा की कितनी तैयारी है। क्या भारत का मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम उन्नत ड्रोन और मिसाइल हमले रोकने में सक्षम है।

रक्षा मंत्रालय ने बीते दिनों रूस की सरकारी कंपनी रोसोबोरोनएक्सपोर्ट के साथ सेना के लिए तुंगुस्का एयर डिफेंस मिसाइल सिस्टम खरीदने के लिए 4.5 अरब रुपये का समझौता किया है। ये अत्याधुनिक मिसाइलें विमानों, ड्रोनों और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों के खिलाफ भारत की कई परतों वाली हवाई सुरक्षा क्षमता को और मजबूत बनाएंगी।

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता वाली रक्षा अधिग्रहण परिषद ने वायु सेना के लिए रूस से पांच और एस-400 जमीन से हवा में मार करने वाले लंबी दूरी के मिसाइल सिस्टम को खरीदने के प्रस्ताव को मंजूरी दी है। दरअसल, आधुनिक युद्ध में हमला और बचाव दोनों क्षमताएं हासिल करने के लिए भारी निवेश जरूरी है। पहले सेनाएं सैनिकों के बड़े फॉर्मेशन पर आधारित थीं, अब जेट, मिसाइल, ड्रोन, रडार और इंटरसेप्टर जैसी तकनीकें निर्णायक हो गई हैं। इसे देखते हुए ही पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच भारतीय वायुसेना भी अपनी युद्ध रणनीति में बड़ा बदलाव कर रही है। रक्षा मंत्रालय ने स्वदेशी रूप से विकसित किए जा रहे स्टेल्थ लड़ाकू ड्रोन 'घातक' के चार स्क्वाड्रनों को अनुमति दी है। यह फैसला भारतीय वायुसेना की भविष्य की स्ट्राइक क्षमता और युद्ध की रणनीति में महत्वपूर्ण बदलाव माना जा रहा है।

गौरतलब है कि पिछले साल भारत-पाकिस्तान के बीच हुए संघर्ष में भी हवाई टकराव ही केंद्रीय भूमिका में था, जिसमें ड्रोनों के झुंड इस्तेमाल किए जा रहे थे। इसमें दो राय नहीं कि भारतीय सेना के ड्रोन हथियार भंडार में कई प्रकार के हाईटेक ड्रोन शामिल हैं। इनमें इजराइल के टोही ड्रोन आईएआई सर्चर और हार्पर के अलावा इजराइल से ही आए लॉयटरिंग म्यूनिशन, जैसे हारोप और हार्पी भी हैं, जिनका इस्तेमाल ऑपरेशन सिंदूर के दौरान किया गया था। इसी कड़ी में प्रोजेक्ट कुश भारत का नया एयर डिफेंस सिस्टम है, इसके तहत डीआरडीओ लांग रेंज की जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल तैयार कर रहा है। इस तीन स्तरीय प्रणाली की सबसे कम रेंज 150 किमी होगी, मध्यम रेंज 250 किमी और अधिकतम रेंज 350 किमी तक होगी।

देश के पास रूस से लिया गया एस-400 एयर सिस्टम पहले से ही है। डीआरडीओ का प्रोजेक्ट कुश 350 किमी दूर से दुश्मन की हरकत का पता लगा लेगा। माना जा रहा है कि यह इजराइल के आयरन डोम से बहुत बेहतर होगा, जिसकी रेंज महज 70 से 80 किमी है। यही नहीं, कुश को अमेरिका के पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम से भी बेहतर बताया जा रहा है। पैट्रियट एयर डिफेंस सिस्टम 110 से 130 किमी दूर से दुश्मन के हमलों को ट्रैक कर पाता है। भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा। कुश के सीमाओं पर तैनात होने के बाद भारत उन महत्वपूर्ण देशों में शामिल हो जाएगा, जिनके पास अपना लंबी दूरी का एयर डिफेंस सिस्टम है।

पश्चिम एशिया युद्ध का बड़ा सबक है कि सस्ते और लागत प्रभावी काउंटर ड्रोन सिस्टम को बड़े पैमाने पर विकसित किए जाएं या खरीदे जाएं। खाड़ी देशों के पास इस तरह की प्रणालियों की कमी है, जिसकी कीमत उन्हें नुकसान के रूप में चुकानी पड़ी है। ये कम लागत वाले सस्ते सिस्टम, मौजूदा एयर डिफेंस प्रणालियों के ऊपर एक अतिरिक्त परत के तौर पर काम करेंगे। इससे महंगे एयर डिफेंस सिस्टम का बेहतर इस्तेमाल सुनिश्चित किया जा सकेगा और दुश्मन के कम लागत वाले ड्रोन से निपटने में उनका उपयोग सीमित रहेगा।

> भारत की योजना कुश एयर डिफेंस सिस्टम को अगले दो से तीन साल में जमीन पर तैनात करने की है। यह दुश्मन के हमलों के साथ दुश्मन के लड़ाकू विमान, ड्रोन, क्रूज और बैलेस्टिक मिसाइलों समेत हर हमलों को ट्रैक और ध्वस्त कर सकेगा।

आमने सामने

अगर भारत ने कोई 'नाटकीय साजिश के तहत ऑपरेशन' किया तो पाकिस्तान सीधे कोलकाता तक जाएगा। मेरे पास खबरें हैं कि भारत ऐसी कोई साजिश रच रहा है। वो कह रहे हैं कि कुछ लाशें बिछाई जाएंगी और कहा जाएगा कि ये आतंकी थे और इन्होंने यह किया, लेकिन उन्होंने इसका कोई सबूत नहीं दिया।
– **ख्वाजा आसिफ**
रक्षा मंत्री, पाकिस्तान

क्या पाकिस्तान में भारत की तरफ आंख उठाकर देखने की हिम्मत है? 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान हमने उनको घर में घुसकर मारा। क्या भूल गया कि हमने आतंकवादियों के पूरे-पूरे परिवारों को और पाकिस्तानी सैन्य ठिकानों को तबाह कर दिया था। पाकिस्तान गिड़गिड़ाते हुए युद्ध रोकने के लिए भारत के पास आया। भारत ने अपनी शर्तों पर युद्ध रोका।
– **प्रतुल शाहदेव** प्रवक्ता, भाजपा

अस्थिर दुनिया में आत्मनिर्भरता जरूरी

महेश चंद गुप्ता
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

दुनिया अब अलग-अलग बिखरे देशों का नक्शा मात्र नहीं रही है। यह एक ऐसा तंत्र बन गई है, जिसमें कहीं भी हलचल होती है, तो उसकी तरंगें दुनिया के हर कोने तक पहुंचती हैं। हाल में ईरान, अमेरिका और इजराइल के बीच टकराव की स्थिति के बाद पैदा हुए तनाव ने इस सच्चाई को फिर से उजागर कर दिया है। इससे पहले रूस-यूक्रेन युद्ध से भी यह सबक मिल चुका है कि जंग किसी एक भूभाग तक सीमित नहीं रहती। उसके असर सीमाओं से परे जाते हैं। इस बात को हम लागू होते देख रहे हैं।

भारत इस अमेरिका-इजरायल-ईरान संघर्ष का हिस्सा नहीं है, लेकिन उसका असर हमारे यहां साफ दिखाई दे रहा है। पेट्रोल और एलपीजी की आपूर्ति में अस्थिरता, छोटे उद्योगों का ठप पड़ना, निर्यात पर असर ये सब संकेत दे रहे हैं कि वैश्विक अस्थिरता का बोझ हम भी ढो रहे हैं। दुनिया इतनी छोटी हो चुकी है कि कई लोग इसकी तुलना एक गांव से भी करते हैं। मानना ही होगा कि यह एक ऐसा साझा घर बन चुकी है, जिसकी एक दीवार पर आग लगे तो दूसरी दीवार पर बैठे लोग भी उसकी आंच महसूस करते हैं।

भारत की नीति स्पष्ट रूप से शांति की है, लेकिन वैश्विक व्यवस्था में उसकी भागीदारी इतनी गहरी है कि किसी भी तनाव के असर से बचना संभव नहीं है। शहरों में ठेले पर चाय बेचने वाला हो या मिठाई की दुकान चलाने वाला हलवाई, हर किसी के काम पर इसका असर साफ दिखाई दे रहा है। गैस सिलेंडर की बुकिंग में देरी अब सिर्फ एक असुविधा नहीं, बल्कि रोजमर्रा की कमाई पर चोट बनती जा रही है। इसका बड़ा कारण मूलभूत जरूरतों के लिए हमारा अन्य देशों पर निर्भर होना है। बड़ा सवाल यह है कि क्या हम अपनी बुनियादी जरूरतों के लिए इतने अधिक बाहरी स्रोतों पर निर्भर हो चुके हैं कि कहीं भी हलचल हो और हमारी जमीन हिलने लगे? यह सच है कि हमारी जरूरतों का बड़ा हिस्सा आज भी आयात किए गए तेल और गैस से पूरा होता है। खाड़ी क्षेत्र में तनातनी बढ़ते ही सप्लाई चेन पर दबाव पड़ता है और उसका सीधा असर हमारे घरों तक पहुंचता है। यह निर्भरता केवल आर्थिक नहीं है, बल्कि रणनीतिक कमजोरी भी है, लेकिन बात केवल ऊर्जा तक सीमित नहीं है। भारत का औद्योगिक और कृषि ढांचा भी कई मायनों में वैश्विक आपूर्ति पर टिका हुआ है। खाद्य तेल से लेकर उर्वरकों तक, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर रक्षा उपकरणों तक कई ऐसे क्षेत्र हैं, जिनमें हम पूरी तरह आत्मनिर्भर नहीं हैं। यह स्थिति तब और चिंताजनक हो जाती है, जब वैश्विक संकट लंबा खिंचने लगता है।

बात केवल आयात की नहीं है, निर्यात भी इस संकट से प्रभावित हो रहा है। बीकानेर का भुजिया, महाराष्ट्र के केले, कपड़ा उद्योग और समुद्री उत्पाद आदि सबका अंतर्राष्ट्रीय बाजार तक पहुंचना अब पहले जैसा सहज नहीं रहा। जलगांव से रोजाना दो से तीन हजार टन केला खाड़ी देशों व यूरोप को निर्यात होता है, लेकिन इस युद्ध ने निर्यात को गंभीर रूप से प्रभावित किया है। केले से भरे सैकड़ों कंटेनर बंदरगाहों पर फंसे हुए हैं। इसी प्रकार बीकानेर से भुजिया का निर्यात भी प्रभावित हुआ है। समुद्री रास्तों में असुरक्षा और लागत बढ़ने से कई व्यापारियों को नुकसान उठाना पड़ रहा है। यह केवल माल की आवाजाही का संकट नहीं है, बल्कि इन उद्योगों से जुड़े लाखों लोगों की रोजी-रोटी का भी सवाल है।

भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है। भारत डिजिटल रूप से तेजी से आगे बढ़ा है, लेकिन इस डिजिटल ढांचे की बुनियाद अब भी काफी हद तक विदेशी तकनीक पर टिकी है। मोबाइल ऑपरेटिंग सिस्टम, क्लाउड सेवाएं सर्वर इंफ्रास्ट्रक्चर जैसे महत्वपूर्ण क्षेत्र बाहरी कंपनियों के नियंत्रण में हैं। ऐसे में वैश्विक तनाव या प्रतिबंधों की स्थिति में यह निर्भरता गंभीर जोखिम बन सकती है। इंटरनेट के क्षेत्र में भी हालात अलग नहीं हैं। सोशल मीडिया, सर्च इंजन और डेटा स्टोरेज जैसे प्लेटफॉर्म विदेशी स्वामित्व में हैं, जिससे डेटा सुरक्षा और डिजिटल संप्रभुता पर सवाल उठते हैं। यह केवल आर्थिक नहीं, बल्कि रणनीतिक चुनौती भी है।

इसके साथ ही, भारत में मौलिक आविष्कारों की कमी भी चिंता का विषय है। आईटी सेवाओं में मजबूती के बावजूद, शोध और पेटेंट के मामले में भारत अभी पीछे है। रिसर्च और डवलपमेंट पर कम निवेश इसकी वजह है। ऐसे में आत्मनिर्भरता के लिए तकनीकी नवाचार को प्राथमिकता देना अनिवार्य हो गया है। समय की मांग है कि हमें ऊर्जा के क्षेत्र में वैकल्पिक रास्तों की ओर तेजी से बढ़ना चाहिए। सौर और पवन ऊर्जा अब केवल पर्यावरण का मुद्दा नहीं रहे हैं, बल्कि आर्थिक स्थिरता का आधार भी बन चुके हैं। इसी प्रकार मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को मजबूत करना, छोटे उद्योगों को तकनीक और वित्तीय सहायता देना और कृषि उत्पादों की प्रोसेसिंग को बढ़ावा देना जरूरी है, क्योंकि ऐसे कदम ही भारत को भीतर से सशक्त बना सकते हैं।

हमारे सामने चुनौती यह नहीं है कि वह इन युद्धों को रोक सके, बल्कि बड़ी चुनौती यह है कि हम इनके प्रभाव को अपने यहां किस हद तक सीमित कर पाते हैं। जब दुनिया जलती है, तो उसकी आंच से बचना संभव नहीं है, लेकिन हम अपने घर को आग से बचाने के प्रयत्न तो कर ही सकते हैं। आत्मनिर्भरता उसी बचाव का नाम है। आत्मनिर्भरता ही एक ऐसा कवच है, जो हमें संकट से बचा सकता है। हमारा देश आत्मनिर्भर बने, इसके लिए कदम उठाने ही होंगे। इसके लिए सरकार, हमारे नीति नियंताओं, नागरिकों, संस्थाओं को मिलकर काम करना होगा। यह परिहार्य है, इस बात को समझा जाना चाहिए।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

> भारत की आत्मनिर्भरता की बहस में सूचना एवं प्रौद्योगिकी का क्षेत्र अक्सर नजरअंदाज हो जाता है, जबकि यह आज की अर्थव्यवस्था और राष्ट्रीय सुरक्षा दोनों के लिए बेहद अहम है।

प्रसंगवश

वैश्विक सुस्ती और भारत के भविष्य की राह

प्रो एच सी पुरोहित
दून विश्वविद्यालय, देहरादून

हाल ही में आर्थिक सहयोग और विकास संगठन की रिपोर्ट ने एक महत्वपूर्ण तथ्य उजागर किया है। जहां वैश्विक अर्थव्यवस्था औसतन 2.9 प्रतिशत की दर से बढ़ रही है, वहीं भारत 7.6 प्रतिशत की प्रभावशाली वृद्धि दर के साथ आगे बढ़ रहा है। यह आंकड़ा केवल एक सांख्यिकीय उपलब्धि नहीं, बल्कि भारत की सुदृढ़ आर्थिक संरचना, नीतिगत स्थिरता और विकास क्षमता का स्पष्ट संकेतक है। ऐसे समय में जब विश्व की कई प्रमुख अर्थव्यवस्थाएं मंदी, मुद्रास्फीति और भू-राजनीतिक तनावों से जूझ रही हैं, भारत का यह प्रदर्शन विशेष महत्व रखता है।

रक्षा क्षेत्र में भी भारत की प्रगति उल्लेखनीय है। रक्षा मंत्रालय की ताजा रिपोर्ट के अनुसार, वित्त वर्ष 2024-25 में रक्षा निर्यात 23,622 करोड़ रुपये था, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 38,424 करोड़ रुपये तक पहुंच गया। यह लगभग 62.66 प्रतिशत की उल्लेखनीय वृद्धि को दर्शाता है। इससे पूर्व 2023-24 में यह आंकड़ा 21,083 करोड़ रुपये था। लगातार बढ़ता यह निर्यात वैश्विक स्तर पर भारतीय रक्षा उत्पादों की स्वीकार्यता और अंतर्राष्ट्रीय आपूर्ति श्रृंखलाओं में बढ़ती भागीदारी का प्रमाण है। वर्तमान में भारत 80 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात कर रहा है, जबकि निर्यातकों की संख्या भी 128 से बढ़कर 145 हो गई है। भारत की इस तेज आर्थिक वृद्धि के पीछे कई ठोस कारण हैं। घरेलू मांग इसकी सबसे बड़ी ताकत बनी हुई है। नीतिगत सुधारों की निरंतरता भी एक महत्वपूर्ण कारक रही है।

डिजिटल क्रांति ने भारतीय अर्थव्यवस्था को नई दिशा दी है। यूपीआई जैसे प्लेटफॉर्म ने लेन-देन को सरल और सुलभ बनाया है, जिससे औपचारिक अर्थव्यवस्था का विस्तार हुआ है। इसके साथ ही सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यमों (MSMEs) को भी नई ऊर्जा मिली है। स्टार्टअप इकोसिस्टम के विस्तार ने नवाचार और रोजगार सृजन को बढ़ावा दिया है। हालांकि, इस उज्ज्वल तस्वीर के साथ कुछ गंभीर चुनौतियां भी मौजूद हैं। आर्थिक वृद्धि के बावजूद पर्याप्त और गुणवत्तापूर्ण रोजगार का सृजन एक बड़ी चुनौती बना हुआ है, विशेषकर युवाओं के संदर्भ में। यदि विकास समावेशी नहीं होगा, तो सामाजिक असंतुलन बढ़ सकता है। आय असमानता भी एक चिंताजनक विषय है, जहां संपत्ति और आय का वितरण असंतुलित होता जा रहा है। शहरी-ग्रामीण तथा संगठित-असंगठित क्षेत्रों के बीच की खाई को पाटने के लिए लक्षित नीतियों और कौशल विकास कार्यक्रमों की आवश्यकता है। वैश्विक परिस्थितियां भी भारत की अर्थव्यवस्था को प्रभावित करती हैं। रूस-यूक्रेन युद्ध, पश्चिम एशिया में तनाव और अमेरिका-चीन के बीच व्यापारिक प्रतिस्पर्धा जैसी घटनाएं वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित कर रही हैं। तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव और वैश्विक मांग में कमी का प्रभाव भारत पर भी पड़ सकता है। हाल ही में विनिर्माण क्षेत्र का परचेसिंग मैनेजर्स इंडेक्स (पीएसआई) फरवरी के 56.9 से घटकर मार्च में 53.9 हो गया, जो उत्पादन में कुछ धीमापन दर्शाता है। कृषि क्षेत्र की स्थिरता भी एक अहम मुद्दा है। देश की बड़ी आबादी कृषि पर निर्भर है, किंतु इस क्षेत्र की उत्पादकता अपेक्षाकृत कम है। जलवायु परिवर्तन, अनियमित वर्षा और तापमान वृद्धि जैसी चुनौतियां कृषि उत्पादन को प्रभावित कर रही हैं। इसलिए टिकाऊ कृषि और तकनीकी नवाचारों को बढ़ावा देना आवश्यक है। इन चुनौतियों के बावजूद भारत के पास अपार संभावनाएं हैं। अंततः 7.6 प्रतिशत की वृद्धि दर निस्संदेह एक बड़ी उपलब्धि है, परंतु इसे दीर्घकालिक, समावेशी और टिकाऊ बनाना अधिक आवश्यक है। यदि भारत इस दिशा में संतुलित प्रयास जारी रखता है, तो वह न केवल वैश्विक विकास का प्रमुख इंजन बनेगा, बल्कि अपने नागरिकों के लिए समृद्धि और अवसरों का नया युग भी सुनिश्चित करेगा।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

सोशल फोरम

युद्धक विमान का पायलट

विजय सिंह
रुद्रपुर

अमेरिका-ईरान युद्ध के बीच एक अमेरिकी पायलट की तलाश में दोनों देश रेस्क्यू ऑपरेशन चला रहे हैं। हुआ कुछ यूं कि बीते दिनों एक अमेरिका के युद्धक विमान F-15E को ईरान ने मार गिराया। समय रहते उस विमान के दोनों पायलट कूद गए। खबर मिलते ही अमेरिका ने, अपने पायलटों को सकुशल ईरान के क्षेत्र से निकाल ले जाने के लिए, रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू कर दिया। उसके कुछ टोही हेलिकॉप्टर ईरान की पहाड़ियों के बीच चक्कर लगाने लगे। बताया जाता है कि उन्हें इस कार्य में एक पायलट निकाल लेने में सफलता मिल गई है, परंतु दूसरा पायलट अभी तक लापता है। यद्यपि इस रेस्क्यू ऑपरेशन में उसके दो टोही हेलिकॉप्टरों को भी ईरान के सैनिकों द्वारा हमले में क्षतिग्रस्त करने की खबर है, परंतु वो दोनों हेलिकाप्टर ईरान के क्षेत्र से बाहर निकलने में सफल हो गए है।

दूसरी तरफ लापता पायलट की तलाश में, ईरान ने भी रेस्क्यू शुरू कर दिया है। इसके साथ ही उसने घोषणा भी की है कि उक्त पायलट को पकड़ने वाले को भारी भरकम रकम इनाम में दिया जाएगा। इससे एक बात तो समझ में आती ही है कि एक क्षतिग्रस्त विमान के पायलट का महत्व कितना होता है, जो कि उसको अपने कब्जे में लेने के लिए, उसके स्वयं के देश और दुश्मन देश, दोनों परेशान देखे जाते हैं। दरअसल ऐसी स्थिति में पायलट की जान की सुरक्षा के अतिरिक्त, उसकी जेब में जो महत्वपूर्ण गोपनीय जानकारियां, दुश्मन के अड्डे, मैप, युद्ध स्ट्रेटजी आदि की कॉपी होती हैं, उसकी सुरक्षा का प्रश्न उठ खड़ा होता है। प्रसंगवश जानकारी हेतु एक युद्धक विमान का पायलट, उच्च प्रतीक्षित सैन्य अधिकारी होता है, जिसे 5 से 7 साल की ट्रेनिंग के बाद, इस तरह के युद्ध के विभिन्न पहलुओं के लिए तैयार किया जाता है। युद्ध में उड़ान के दौरान, कई बार ऐसी स्थिति बन जाती है, जिसमें विमान को पलक झपकते नीचे से ऊपर, ऊपर से नीचे और इधर-उधर गोते लगाते, कभी पलटी मारते, विभिन्न प्रकार की अचंभित करने वाली कलाबाजियां करते देखा जाता है। एक पायलट के लिए यह स्थिति बेहद जटिल होती है। इस दौरान उसे विमान की गति और गुरुत्वाकर्षण बल की तीव्रता, दोनों का प्रभाव अपने शरीर के ऊपर झेलना होता है। ऐसे में रक्त प्रवाह की गति में अवरोध के कारण कुछ पलों तक पायलट को संज्ञा शून्य की स्थिति का भी सामना करना पड़ सकता है। बताते हैं कि इस दौरान उसके शरीर का वजन पल-पल बड़ी तीव्रता से 6 से 8 किलो तक बढ़ती घटता रहता है। सोचिए भला कौन देश चाहेगा कि उसका इतना महत्वपूर्ण, होनहार पायलट दुश्मन देश के हाथ लग जाए और वह उसका प्रयोग बार्गेनिंग में करे। **-फेसबुक वॉल से**

सामयिकी

किसानों की मेहनत पर प्रकृति की मार

सुनील कुमार महला
लेखक

भारत विश्व का एक प्रमुख कृषि प्रधान देश है, जहां आज भी बड़ी आबादी की आजीविका खेती-किसानी पर निर्भर है। देश की अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा कृषि से जुड़ा हुआ है, जो मुख्यतः प्रकृति, विशेषकर मानसून पर आधारित है। यही कारण है कि भारतीय कृषि को अक्सर 'मानसून का जुआ' कहा जाता है। मार्च और अप्रैल का समय किसानों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है, क्योंकि यही वह अवधि होती है जब रबी फसलें पककर तैयार हो जाती हैं और उनकी कटाई शुरू होती है। यह समय किसानों के पूरे वर्ष के परिश्रम के फल प्राप्त होने का होता है, किंतु बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने इस बार भी उनकी उम्मीदों को गहरा आघात पहुंचाया है।

वर्तमान में उत्तर भारत के अनेक हिस्सों में असामान्य मौसम का व्यापक प्रभाव देखने को मिल रहा है। राजस्थान के हाड़ौती और बीकानेर क्षेत्रों में हुई तेज ओलावृष्टि ने किसानों को भारी नुकसान पहुंचाया है। गेहूं, सरसों और चना जैसी रबी फसलें, जो कटाई के लिए तैयार थीं, अचानक हुई बारिश और ओलों की मार से नष्ट हो गईं। कई स्थानों पर खेतों में ओलों की मोटी परत जम गई, जिसने फसलों को पूरी तरह प्रभावित कर दिया। फसलें खेतों में गिर गईं, दाने झड़ गए और उनकी गुणवत्ता प्रभावित हुई, जिससे बाजार मूल्य पर भी नकारात्मक असर पड़ने की आशंका है।

राजस्थान के जयपुर से लेकर जैसलमेर तक कई जिलों में तेज मौसमीय गतिविधियां दर्ज की गईं। बीकानेर, जोधपुर, अजमेर, कोटा, भरतपुर और उदयपुर संभागों में बड़े आकार के ओलों ने फसलों और संपत्ति को नुकसान पहुंचाया। पंजाब के मालवा और दोआब क्षेत्रों में भी ओलावृष्टि का प्रभाव देखा गया। हरियाणा, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश और जम्मू-कश्मीर में भी तेज हवाओं, बारिश और ओलों की घटनाएं सामने आईं। पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कई जिलों में फसलों को नुकसान पहुंचा, जबकि पहाड़ी क्षेत्रों में ओलावृष्टि और बर्फबारी ने स्थिति को और गंभीर बना दिया। विशेषज्ञों के अनुसार, इस असामान्य मौसम का मुख्य कारण सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ है, जो बार-बार उत्तर-पश्चिम भारत में बारिश और ओलावृष्टि ला रहा है। यह स्थिति कृषि पर निर्भर करोड़ों किसानों के लिए गंभीर चिंता का विषय बन गई है। हालांकि सरकार द्वारा फसल बीमा और राहत योजनाएं संचालित की जा रही हैं, लेकिन इनका लाभ हर प्रभावित किसान तक समय पर पहुंचना अभी भी एक बड़ी चुनौती है। ऐसे समय में किसानों को त्वरित मुआवजा, सटीक मौसम पूर्वानुमान और बीमा योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन अत्यंत आवश्यक है। साथ ही, अनाज मंडियों और भंडारण की समुचित व्यवस्था भी जरूरी है, ताकि किसानों को उनकी उपज का उचित मूल्य मिल सके। गौरतलब है कि बैसाखी का पर्व निकट है, जो गेहूं की कटाई का प्रमुख समय होता है, लेकिन मौसम की अनिश्चितता ने किसानों की चिंताओं को और बढ़ा दिया है। यदि यही स्थिति बनी रहती है, तो उत्पादन में कमी आ सकती है, जिसका प्रभाव किसानों की आय के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था पर भी पड़ेगा। कहा जा सकता है कि बेमौसम बारिश और ओलावृष्टि ने यह स्पष्ट कर दिया है कि भारतीय कृषि आज भी प्राकृतिक जोखिमों से घिरी हुई है। ऐसे में समय पर राहत, सुदृढ़ फसल बीमा, उन्नत कृषि तकनीकों का विकास और सटीक मौसम पूर्वानुमान ही किसानों को इस संकट से उबारने का प्रभावी माध्यम बन सकते हैं।

(ये लेखक के निजी विचार हैं।)

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित एवं 117/एल/320-ए, नवीन नगर काकादेव, कानपुर नगर 208001 (उ.प्र.) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- दिग्विजय सिंह*** 0512-2548300 (कार्यालय), ईमेल- editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2022/85730 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र कानपुर होगा)।

बॉलीवुड की वो अदाकाराएं जो यादों में हैं जिंदा

हिंदी सिनेमा में कई ऐसे कलाकार रहे, जिन्होंने सीमित अवसरों के बावजूद अपनी अदाकारी और प्रतिभा से अमिट छाप छोड़ी। विनीता भट्ट उर्फ यास्मीन और नृत्यांगना शीला वाज इसी परंपरा की दो महत्वपूर्ण कड़ियां हैं। यास्मीन ने 'मिस्टर एंड मिसेज 55' जैसे गीतों में अपनी चंचलता से दर्शकों को आकर्षित किया, वहीं शीला वाज ने 'रमैया वस्तावैया' जैसे गीतों में अपने नृत्य से यादगार पहचान बनाई। भले ही इन्हें मुख्यधारा में लंबा समय न मिला हो, लेकिन इनकी स्क्रीन उपस्थिति और कलात्मक योगदान ने इन्हें सिनेमा प्रेमियों के बीच आज भी जीवंत बनाए रखा है।

विनीता भट्ट, जिन्हें यास्मीन के नाम से भी जाना जाता है, 1950 के दशक में भारतीय सिनेमा में एक छोटी, लेकिन यादगार पहचान थीं, जिन्हें 'मिस्टर एंड मिसेज 55' (1955) और 'ऊटपटांग' (1955) जैसी फिल्मों के लिए जाना जाता है। उनकी विरासत कुछ यादगार रोल्स पर टिकी है, खासकर जॉनी वॉकर के साथ मजेदार 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' गीत, जिसने यास्मीन की शोख अदाओं और आकर्षक अंदाज को क्लासिक बॉलीवुड के शौकीनों के बीच आज भी जिंदा रखा है।

विनिता भट्ट (यास्मीन) का जन्म 3 अप्रैल, 1937 को रावलपिंडी में हिंदू-अंग्रेज माता-पिता के यहां हुआ था। उन्होंने हिल-स्टेशन स्कूलों में पढ़ाई की और बैंगलोर में अपना सीनियर कैम्ब्रिज पूरा किया। वे बैंगलोर एमेच्योर ड्रामेटिक सोसाइटी में शामिल हुईं और टैगोर के बलिदान और जे. बी. प्रीस्टली जैसे नाटकों में काम किया, शायद यहीं उनके एक महान अदाकारा बनाने का अंकुर फूटा। मशहूर फिल्म निर्माता, निर्देशक गुरुदत्त ने उन्हें देखा और अपनी अगली फिल्म में रोल ऑफर किया और उनसे बॉम्बे आने को कहा। कुछ वजहों से, उन्होंने यह ऑफर एक्सेप्ट नहीं किया। बाद में विनीता बॉम्बे गईं, जहां उनकी मुलाकात एक्ट्रेस नरगिस के भाई अनवर हुसैन से हुई। विनीता का परिवार अनवर हुसैन को जानता था। क्योंकि विनीता बहुत खूबसूरत थीं, इसलिए अनवर हुसैन ने उन्हें रंजीत स्टूडियो के मालिक चंदूलाल शाह से मिलवाया, जिन्होंने उन्हें फिल्म 'ऊटपटांग' (1955) में एक छोटा सा रोल दिया। फिल्म की शूटिंग मशहूर महबूब स्टूडियो में हुई थी। गुरु दत्त भी वहीं शूटिंग कर रहे थे। दोनों रेस्ट पीरियड में मिले। फिर से गुरु दत्त ने उन्हें अपनी फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' में रोल ऑफर किया। इस बार वे मना नहीं कर सकीं और ऑफर एक्सेप्ट कर लिया।

डॉ.मीता गुप्ता
साहित्यकार

बहुत ही खूबसूरत और चार्मिंग यास्मीन को गुरुदत्त ने अपनी सुपरहिट फिल्म 'मिस्टर एंड मिसेज 55' में जॉनी वॉकर के साथ साइड हीरोइन के तौर पर चुना था। गुरुदत्त ने फिल्म मिस्टर एंड मिसेज 55 के लिए विनीता का नाम बदलकर यास्मीन कर दिया था। पॉपुलर गाना 'जाने कहां मेरा जिगर गया जी' यास्मीन और जॉनी वॉकर पर फिल्माया गया।

उस समय फिल्मियाटन की सिनेमास्कोप और टेक्नीकलर फिल्म 'थ्री हेडेड कोबरा' आई थी, जिसका पहले नाम 'बॉम्बे फ्लाइट 417' था। विनीता भट्ट ने इस फिल्म में रुक्मिणी का रोल किया था, जिसके मेकअप मैन जिमी वाइनिंग थे। दोनों को प्यार हो गया। अपनी अच्छी शुरुआत, जिनमें रुस्तम सोहराब, कैप्टन किशोर जैसी फिल्मों के बावजूद, विनीता भट्ट फिल्मों में ज्यादा दिन नहीं टिकीं और पॉपुलर मेकअप मैन जिमी वाइनिंग से शादी कर ली और बॉलीवुड छोड़कर विदेश में बस गईं। आज भी वे बॉलीवुड के इतिहास में पुरानी यादों की एक मिसाल बनी हुई हैं। एक ऐसी एक्ट्रेस जो थोड़े समय के लिए चमकीं, लेकिन अपनी जिंदादिल स्क्रीन प्रेजेंस से एक गहरी छाप छोड़ गईं।

बेजोड़ नृत्यांगना शीला

अपनी नृत्य भंगिमाओं से सबको प्रभावित करने वाली शीला वाज ने हिंदी फिल्मों में डांसर के रूप में काम किया। उनका परिवार गोवा से था और उनका जन्म 1934 में हुआ था और वे दादर, मुंबई में पली-बढ़ीं। उन्होंने छोटी उम्र से ही डांस सीखा था, लेकिन जब उन्होंने फिल्मों में आना चाहा, तो उन्हें अपने परिवार से बहुत विरोध का सामना करना पड़ा। किशोर साहू की मयूर पंख (1954) और किदार शर्मा की गुनाह (1953) के साथ, उन्होंने 1960 तक बहुत सारी फिल्मों में डांस किया। उनकी कुछ महत्वपूर्ण फिल्मों में श्री 420 (1955) शामिल है, जिसमें उन्होंने न केवल रमैया वस्तावैया (उनका अब तक का सबसे प्रसिद्ध गीत) पर यादगार नृत्य किया, बल्कि दिल का हाल सुने दिलवाला, सीआईडी (1956), जॉनी वॉकर (1957), तुमसा नहीं देखा (1957), मिस्टर एक्स (1957), सोलवां साल (1958), कागज के फूल (1959) और बहना (1960) में भी नृत्य किया।

बहुत से लोग उन्हें नाम से नहीं जानते, क्योंकि उन दिनों डांसर्स के नाम हमेशा फिल्म क्रेडिट्स में नहीं आते थे, लेकिन इससे हर गाने को खास बनाने के लिए इन डांसर्स के योगदान या कड़ी मेहनत को कम नहीं किया जा सकता। शीला वाज कई मशहूर गानों से जुड़ी हुई हैं और इन गानों से जुडने के उनके चेहरे हमारे दिमाग में बस गए हैं। अगर शीला को याद करना है, तो रमैया वस्तावैया को मिस नहीं किया जा सकता। मशहूर जोहरा सहगल का कोरियोग्राफ किया हुआ यह गाना वर्ली सी फेस में शूट किया गया था, उस समय उस जगह पर ऊंची इमारतें और कमर्शियल कॉम्प्लेक्स नहीं थे। आज का बॉम्बे-वर्ली सी लिंक उसी जगह पर बना है। गाने में उनकी एक मिनट की स्क्रीन प्रेजेंस के बावजूद, कोई उनके एक्सप्रेशन और परफॉर्मेंस को नहीं भूल सकता। लेके पहला-पहला प्यार में भी, देव आनंद और शकीला के साथ स्क्रीन शेयर करने के बावजूद, शीला सबसे अलग दिखती हैं। यहां तक कि यूट्यूब वीडियो के कमेंट सेक्शन में भी लोग उनकी तारीफ कर रहे हैं और बता रहे हैं कि कैसे मोहम्मद रफी, शमशाद बेगम और आशा भोसले का गाना उनके डांस से अमर हो गया। बॉलीवुड की हिंदी-केंद्रिक फिल्ममेकिंग की वजह से, शीला वाज को नुकसान हुआ- उन्हें यह भाषा नहीं आती थी। इसलिए, उनके डांस के लिए, उन्हें रोमन स्क्रिप्ट में लिखे लिरिक्स दिए जाते थे। उन्होंने लगभग 70 फिल्मों में काम किया। शुरुआत शोखियां (1951) में बैकग्राउंड डांसर के तौर पर उनके काम से हुई, और फिर मां (1952) में एक पूरा नंबर किया। 1961 में बॉलीवुड छोड़ने और अपना नाम बदलकर राम लखनपाल रखने के बावजूद, शीला को इंडस्ट्री में अपने समय को याद करना बहुत पसंद था। 2009 में उनका इंटरव्यू लेने वाले फिल्म मेकर करण बाली लिखते हैं, "उनका चेहरा खिल उठा, जब उन्होंने हमें बताया कि आज भी जब उनके गाने टीवी पर दिखाए जाते हैं, तो यंगस्टर्स और पड़ोसी उनके पास आते हैं और बताते हैं कि उन्हें उनके डांस कितने पसंद आए।" इस महान अदाकारा का देहांत 29 जून 2022 को हुआ, किंतु उनके नृत्य ने उन्हें अमर बना दिया। हिंदी फिल्मों के दो गानों में अभिनय करने वाली हीरोइनें अपनी शानदार अदाकारी से अमर हो गईं। उन्होंने बाद में कोई बड़ी फिल्म तो नहीं की, लेकिन सिर्फ इन गानों की वजह से वह जानी जाती हैं।

पॉप गॉडेस नाजिया हसन

जिंदगी का सफर

नाजिया हसन दक्षिण एशिया की सबसे लोकप्रिय और यादगार गायिकाओं में से एक थीं। उन्हें अक्सर "क्वीन ऑफ पॉप" और उपमहाद्वीप की पहली पॉप स्टार कहा जाता है। बहुत कम उम्र में उन्होंने ऐसा मुकाम हासिल किया, जो बड़े-बड़े कलाकार भी नहीं कर पाते। उनकी मधुर आवाज, आधुनिक अंदाज और अलग पहचान ने भारत, पाकिस्तान और दुनिया भर के संगीत प्रेमियों के दिलों में खास जगह बनाई। नाजिया हसन केवल एक गायिका ही नहीं थीं, बल्कि एक संवेदनशील, शिक्षित और समाजसेवी व्यक्तित्व भी थीं।

जन्म और प्रारंभिक जीवन

नाजिया हसन का जन्म 3 अप्रैल 1965 को कराची, पाकिस्तान में हुआ था। उनका परिवार शिक्षित और संस्कारी था। बचपन से ही उनमें कला और संगीत के प्रति रुचि दिखाई देने लगी थी। वे अपने भाई जोहेब हसन के साथ बहुत करीब थीं और आगे चलकर यही भाई-बहन की जोड़ी संगीत जगत में बेहद मशहूर हुई। नाजिया की परवरिश पाकिस्तान और लंदन दोनों वातावरणों में हुई, जिससे उनके व्यक्तित्व में आधुनिकता और गहराई दोनों आईं।

नूर हिना खान
लेखिका

गायन करियर की शुरुआत

नाजिया हसन ने बहुत कम उम्र में गायन की दुनिया में कदम रखा। उनका सबसे बड़ा ब्रेक तब मिला जब उन्होंने 1980 में भारतीय फिल्म कुर्बानी के लिए मशहूर गीत "आप जैसा कोई" गाया। उस समय उनकी उम्र केवल 15 वर्ष थी। यह गीत रिलीज होते ही सुपरहिट हो गया और नाजिया रातों-रात स्टार बन गईं। इसी गाने के लिए उन्होंने 1981 में Filmfare Award for Best Female Playback Singer जीता। वे यह सम्मान पाने वाली पहली पाकिस्तानी गायिका और बहुत कम उम्र में यह पुरस्कार जीतने वाली कलाकारों में शामिल रहीं।

लोकप्रियता और सुपरहिट एल्बम

नाजिया हसन की लोकप्रियता सिर्फ फिल्मों तक सीमित नहीं रही। 1981 में उनका प्रसिद्ध एल्बम "Disco Deewane" रिलीज हुआ, जिसने पूरे एशिया में तहलका मचा दिया। यह एल्बम बहुत बड़ी सफलता साबित हुआ और उन्हें अंतर्राष्ट्रीय पहचान मिली। इसके बाद उन्होंने अपने भाई जोहेब हसन के साथ मिलकर कई हिट एल्बम दिए, जैसेः

Disco Deewane (1981)
Boom Boom (1982)
Young Tarang (1984)
Hotline (1987)
Camera Camera (1992)

उनके गाने जैसे "डिस्को दीवाने", "बूम बूम", "दम दम देदे" और "आंखें मिलाने वाले" आज भी बेहद पसंद किए जाते हैं। उन्होंने पॉप संगीत को एक नया रूप दिया और युवा पीढ़ी की आइकन बन गईं।

विवाह और निजी जीवन

नाजिया हसन की शादी 1995 में व्यवसायी मिर्जा इश्तियाक बेग से हुई थी। कुछ स्रोतों में उनकी शादी की तारीख 30 मार्च 1995 भी बताई जाती है। शादी के बाद उनके जीवन में खुशियों के साथ कई कठिनाइयां भी आईं। उनका वैवाहिक जीवन आसान नहीं रहा और समय के साथ इसमें तनाव बढ़ता गया। नाजिया का एक बेटा भी हुआ, जिसका नाम आरेज हसन बताया जाता है। बाद में उनके वैवाहिक संबंध खराब हो गए और 2000 में उनका तलाक हो गया या अलगाव की स्थिति बन गई। कुछ रिपोर्ट्स के अनुसार यह उनकी मृत्यु से कुछ समय पहले हुआ।

बीमारी और निधन

नाजिया हसन के जीवन का सबसे दुखद दौर तब आया जब वे फेफड़ों के कैंसर से पीड़ित हो गईं। उन्होंने इस बीमारी से लंबे समय तक संघर्ष किया। इलाज के दौरान भी उन्होंने हिम्मत नहीं हारी, लेकिन बीमारी लगातार गंभीर होती गई। अंततः 13 अगस्त 2000 को लंदन, इंग्लैंड में उनका निधन हो गया। उस समय उनकी उम्र केवल 35 वर्ष थी। उनकी असमय मृत्यु ने भारत, पाकिस्तान और पूरी दुनिया के संगीत प्रेमियों को गहरा दुख दिया।

नाजिया हसन का जीवन छोटा था, लेकिन उनकी उपलब्धियां बहुत बड़ी थीं। उन्होंने बहुत कम उम्र में पॉप संगीत को नई पहचान दी और यह साबित किया कि प्रतिभा की कोई सीमा नहीं होती। उनकी आवाज, उनकी सादगी और उनका संगीत आज भी लोगों के दिलों में जिंदा है। नाजिया हसन केवल एक गायिका नहीं थीं, बल्कि एक ऐसी प्रेरणा, जो आज भी नई पीढ़ी को सपने देखने और उन्हें पूरा करने का हौसला देती है।

पढ़ाई और सामाजिक कार्य

नाजिया हसन सिर्फ एक सफल गायिका ही नहीं थीं, बल्कि वे पढ़ाई में भी अच्छी थीं। उन्होंने कानून (Law) की पढ़ाई की और बाद में सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय रहीं। वे बच्चों, महिलाओं और गरीबों के लिए काम करती थीं। वे कई सामाजिक संगठनों से जुड़ीं और समाज में जागरूकता फैलाने का प्रयास करती रहीं। उनके व्यक्तित्व की यही बात उन्हें और भी खास बनाती है कि शोहरत मिलने के बाद भी वे जमीन से जुड़ी रहीं।

ओटीटी
चिरैया

"चिरैया" Chirayya एक ऐसी फिल्म है, जो मनोरंजन से अधिक आपको सोचने पर मजबूर करती है। डिज्नी+ हॉटस्टार पर रिलीज इस फिल्म का मुख्य विषय मैरिटल रेप जैसा संवेदनशील और विवादित मुद्दा है, जिस पर भारत में अब भी स्पष्ट कानून नहीं है। फिल्म एक शादीशुदा जोड़े के रिश्ते के जरिए यह सवाल उठाती है कि क्या शादी के बाद भी महिला की इच्छा और सहमति का महत्व बना रहता है। विषय निस्संदेह गंभीर है, लेकिन फिल्म का ट्रीटमेंट कमजोर प्रतीत होता है। किरदारों की प्रस्तुति कई जगह अस्वाभाविक लगती है, जिससे दर्शक उनसे जुड़ नहीं पाता। फिल्म में पितृसत्ता, फेमिनिज्म और LGBTQ जैसे मुद्दों को भी छूने की कोशिश की गई है, लेकिन इनका चित्रण कई बार एकतरफा और अतिरंजित लगता है। इससे कहानी का संतुलन बिगड़ता है और संदेश स्पष्ट नहीं हो पाता। तकनीकी पक्ष की बात करें, तो एडिटिंग सबसे बड़ी कमजोरी बनकर सामने आती है। सीन का फ्लो टूटता है और कई जगह घटनाक्रम समझना मुश्किल हो जाता है। निर्देशन, बैकग्राउंड म्यूजिक और स्क्रीनप्ले भी प्रभाव छोड़ने में असफल रहते हैं। क्लाइमैक्स भी अपेक्षाओं पर खरा नहीं उतरता। जहां संवाद और पारिवारिक हस्तक्षेप से समाधान की उम्मीद होती है, वहां फिल्म दहेज कानून जैसे मुद्दों को जोड़कर कहानी को उलझा देती है। हालांकि यह फिल्म एक महत्वपूर्ण सामाजिक बहस जरूर शुरू करती है और दर्शकों को असहज, क्रोधित और विचारशील बनाती है, लेकिन एक प्रभावशाली फिल्म बनने के लिए सिर्फ विषय का बड़ा होना पर्याप्त नहीं, बल्कि उसका संतुलित और सशक्त प्रस्तुतीकरण भी आवश्यक है। कुल मिलाकर, "चिरैया" एक जरूरी मुद्दा उठाती है, पर एक मजबूत फिल्म नहीं बन पाती।

समीक्षक-पंकज मुद्गल

एनिवर्सरी (2026)

एनिवर्सरी एक पॉलिटिकल थ्रिलर के रूप में प्रस्तुत की गई फिल्म है, लेकिन उच्च रेटिंग और आकर्षक नाम के बावजूद यह दर्शकों को भ्रमित कर सकती है। कहानी एक यूनिवर्सिटी प्रोफेसर और उसके होटलियर पति के सुखी परिवार से शुरू होती है। उनकी शादी की सालगिरह पर बेटा अपनी मंगेतर से मिलवाता है, जो कभी उसकी मां की छात्रा रह चुकी होती है। धीरे-धीरे खुलासा होता है कि यह युवती बेहद क्रांतिकारी विचारधारा की समर्थक रही है, जिसे जनतंत्र विरोधी गतिविधियों के कारण विश्वविद्यालय से निकाल दिया गया था और इसमें मां की भी भूमिका थी। संघर्ष तब गहराता है, जब उस युवती की लिखी किताब "The Change" लोकप्रिय हो जाती है और उसके विचार समाज में व्यापक राजनीतिक परिवर्तन की लहर पैदा करते हैं। मां, जो यथास्थितिवादी सोच रखती है, इस बदलाव को स्वीकार नहीं कर पाती और परिवार के भीतर वैचारिक टकराव तेज हो जाता है। फिल्म राजनीति, विचारधाराओं के टकराव और उनके पारिवारिक रिश्तों पर पड़ने वाले प्रभाव को दिखाने की कोशिश करती है। यह भी दर्शाती है कि उम्र, जड़ता, भावनात्मक जुड़ाव और मानसिक द्वंद्व किस तरह व्यक्ति की सोच को प्रभावित करते हैं। हालांकि फिल्म एक डिस्टोपियन (काल्पनिक) परिवेश में आधारित है, जहां पात्र और उनका व्यवहार काफी असामान्य और अतिरंजित प्रतीत होता है। कई स्थितियों में उनकी प्रतिक्रियाएं अप्रत्याशित लगती हैं, जिससे कहानी से जुड़ाव कमजोर हो जाता है। कुल मिलाकर, एनिवर्सरी (2026) एक गंभीर विषय उठाती है, लेकिन उसकी प्रस्तुति उतनी प्रभावशाली नहीं बन पाती। यह फिल्म यह भी याद दिलाती है कि रेटिंग्स हमेशा किसी फिल्म की वास्तविक गुणवत्ता का सही पैमाना नहीं होतीं।

समीक्षक-ब्रज राज नारायण सक्सेना

हर सूट के साथ परफेक्ट इयररिंग्स से दिखें आकर्षक

इयररिंग्स का अपना अलग ही महत्व है। सही इयररिंग्स न केवल आपके लुक को संपूर्ण बनाते हैं, बल्कि आपकी पर्सनैलिटी में भी आकर्षण जोड़ते हैं। आज के समय में बाजार में इयररिंग्स के अनेक डिजाइन उपलब्ध हैं, जिन्हें आप चाहें तो खुद बनाकर भी उपयोग कर सकती हैं या फिर इन्हें बेचकर अच्छी आमदनी का साधन भी बना सकती हैं। झुमका, चांदबाली, स्टड, हूप्स और लॉन्ग इयररिंग्स जैसे कई विकल्प सूट के साथ बेहद आकर्षक लगते हैं और हर मौसम में इनकी मांग बनी रहती है।

- **झुमका इयररिंग**- यह पारंपरिक और सबसे ज्यादा पसंद किया जाने वाला डिजाइन है। सिल्क, कॉटन या पार्टी वियर सूट के साथ यह बेहद खूबसूरत लगता है। मोती, बीड्स और धातु से इसे बनाकर बेचना भी आसान है।
- **चांदबाली इयररिंग**- मुगलकालीन शैली से प्रेरित यह डिजाइन खासकर शादी और त्योहारों में पहना जाता है। इसकी लोकप्रियता हमेशा बनी रहती है, जिससे यह एक अच्छा बिजनेस विकल्प बन सकता है।
- **स्टड इयररिंग**-छोटे और साधारण स्टड रोजमर्रा के उपयोग के लिए उपयुक्त होते हैं। पर्ल, स्टोन या मिरर वर्क से तैयार किए गए स्टड की अच्छी बिक्री होती है।
- **ऑक्सिडाइज्ड इयररिंग**- ये आजकल ट्रेंड में हैं और कॉटन व इंडो-वेस्टर्न सूट के साथ काफी स्टाइलिश लगते हैं। ऑनलाइन प्लेटफॉर्म पर इनकी अच्छी डिमांड है।
- **टसल इयररिंग**- रंग-बिरंगे धागों से बने ये इयररिंग युवतियों के बीच काफी लोकप्रिय हैं और कैजुअल लुक को खास बना देते हैं।

राष्ट्रवाद की चाशनी में लिपटी धुरंधर-2 पर उठे सवाल

इस दौर में राष्ट्रवाद की चाशनी में लपेटकर बनाई जा रही फिल्में क्या वास्तव में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा करना चाहती हैं या फिर ऐसी फिल्में किसी राजनीतिक एजेंडे के तहत बनाई जाती हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद भुनाने के लिए फिल्में बनाई जा रही हैं? क्या इन दिनों राष्ट्रवाद को एक फार्मूला बना दिया गया है? क्या इन दिनों फिल्मों के माध्यम से राष्ट्रवाद को बेचा जा रहा है? क्या ऐसी फिल्मों के माध्यम से सच्चे अर्थों में जनता के अंदर राष्ट्रवाद पैदा हो सकता है? सवाल कई हैं लेकिन ऐसी जनता, जिनकी आंखों पर पर्दा पड़ा है, वह न ही तो इन सवालों के उत्तर जानता चाहती है और न ही वह ऐसी फिल्मों के पीछे लगे दिमाग को पढ़ पाती है। इन दिनों फिल्म 'धुरंधर : द रिवेंज' चर्चा में है।

फिल्म धुरंधर-2 विवादों में आ गई है। अनेक लोग इस फिल्म को देश की एक बड़ी हकीकत मान रहे हैं, तो कई लोग इसे प्रोपेगेंडा फिल्म मान रहे हैं। यह फिल्म निर्देशक आदित्य धर की चर्चित एक्शन फिल्म धुरंधर का दूसरा भाग है। इस फिल्म की कहानी कराची के लियारी इलाके की पृष्ठभूमि पर केन्द्रित है। फिल्म में अंडरवर्ल्ड और खूफिया क्रियाकलापों के संसार को दिखाया गया है। इस फिल्म में कई घटनाओं के संदर्भ भी हैं जैसे कंधार हाईजैक, भारतीय संसद पर हमला और 2008 का मुंबई हमला। इस फिल्म में मुख्य भूमिका रणवीर सिंह ने निभाई है। इसके साथ ही अर्जुन रामपाल, आर माधवन, संजय दत्त, राकेश बेदी जैसे कलाकारों ने भी फिल्म में काम किया है। तमिलनाडु में विधानसभा चुनाव से पहले इस फिल्म पर रोक लगाने की मांग को लेकर मद्रास हाईकोर्ट में याचिका दायर करने की तैयारी की जा रही है। याचिकाकर्ता का कहना है कि चुनाव से ठीक पहले इस तरह की फिल्म का प्रदर्शन आचार संहिता के उल्लंघन की आशंका पैदा करता है। आदित्य धर के निर्देशन में बनी फिल्म धुरंधर-2 सिनेमाघरों में 19 मार्च को रिलीज हुई थी। बॉक्स ऑफिस पर अच्छा प्रदर्शन करने वाली यह फिल्म अब विवादों में आ गई है।

रोहित कौशिक
वरिष्ठ पत्रकार

अब इस फिल्म पर गुरबानी का अपमान करने और सिख भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप भी लग रहा है। आरोप है कि फिल्म के एक दृश्य में गुरबानी के एक पवित्र श्लोक का अनुचित प्रयोग किया गया है। साथ ही एक दृश्य में रणवीर सिंह को बढ़ी हुई दाढ़ी, हाथ में कड़ा और पगड़ी पहने हुए दिखाया गया है। आरोप है कि इस दृश्य और लुक से सिखों और गुरु गोविंद सिंह का अपमान हुआ है। इस मुद्दे पर 'सिख इन महाराष्ट' संगठन के अध्यक्ष सरकार गुरज्योत सिंह ने फिल्म निर्माताओं से माफी मांगने की मांग की है। हालांकि इस आपत्ति के बाद आर माधवन ने माफी मांगी है। उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने इस फिल्म के जरिए दूसरों दलों को बदनाम करने का आरोप लगाया है। इस फिल्म में अतीक अहमद की तरह दिखते एक चरित्र के पाकिस्तानी खूफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकी संगठन लश्कर-ए-तैयबा के साथ संबंधों को दिखाया गया है। अब इस मुद्दे पर अतीक अहमद को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। निश्चित रूप से अतीक अहमद कोई संत नहीं था। वह अपराधी था, लेकिन उस अपराधी को पाकिस्तान से जोड़ना संदेह पैदा करता है। सवाल यह है कि यदि अतीक अहमद के काफी सालों से पाकिस्तान से संबंध थे और वह वहां से हथियार ले रहा था तो सरकारें क्या कर रही थीं?

एक तरफ कई लोग धुरंधर-2 में फिल्म की कास्टिंग, बैकग्राउंड म्यूजिक, डारेक्शन और रणवीर सिंह के अभिनय की की प्रशंसा कर रहे हैं तो दूसरी तरफ कई लोग इस फिल्म को भाजपा सरकार की प्रशंसा का प्रोपेगेंडा बता रहे हैं। हालांकि इस फिल्म में सीधेतौर पर किसी राजनेता या अन्य व्यक्तित्व के बारे में कुछ नहीं दिखाया गया है, लेकिन चरित्र छिपाए हुए ही बहुत कुछ कह देते हैं। यानी छिपाते हुए वास्तविक चरित्र पर पहुंचा गया है। दर्शक यह चालाकी समझ भी लेते हैं। फिल्म के शुरू में ही यह बता दिया जाता है कि इस फिल्म के सभी पात्र काल्पनिक हैं, लेकिन काल्पनिक पात्र दरअसल काल्पनिक नहीं हैं। दरअसल बाजार फिल्म बनाने वालों से न जाने क्या-क्या करा देता है। इस प्रक्रिया में कई स्तरों पर राजनीति की भूमिका भी होती है।

सोने का आयात बढ़कर 69 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार कीमती धातुओं की ऊंची कीमतों के कारण अप्रैल-फरवरी 2025-26 में देश का सोने का आयात 28.73 प्रतिशत बढ़कर 69 अरब डॉलर हो गया है। वित्त वर्ष 2024-25 की समान अवधि में सोने का आयात 53.52 अरब डॉलर रहा था।

मौद्रिक समीक्षा और पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच शेयर बाजार में रहेगा उतार-चढ़ाव

विश्लेषक मान रहे कि बाजार की दिशा तय करने में कच्चे तेल की भूमिका रहेगी महत्वपूर्ण

नई दिल्ली, एजेंसी

- **कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से बना हुआ है महंगाई का दबाव**
- **कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से बना हुआ है महंगाई का दबाव**

स्थानीय शेयर बाजार में इस सप्ताह उतार-चढ़ाव रहने की संभावना है, क्योंकि निवेशक भारतीय रिजर्व बैंक के मौद्रिक नीति संबंधी निर्णय, प्रमुख वैश्विक आर्थिक आंकड़ों और पश्चिम एशिया संघर्ष के प्रभाव पर नजर रख रहे हैं। विश्लेषकों की राय में कच्चे तेल की कीमतों और विदेशी निवेशकों के निवेश का रुख भी बाजार की दिशा तय करने में अहम भूमिका निभाएगा।

जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा कि देश में इस समय भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति की बैठक सबसे महत्वपूर्ण है। निवेशक महंगाई और आर्थिक वृद्धि पर केंद्रीय बैंक के रुख को ध्यान से देखेंगे। उन्होंने कहा कि प्रमुख नीतिगत दर रेपो में फिलहाल बदलाव की संभावना नहीं है, लेकिन कच्चे तेल की ऊंची कीमतों से महंगाई का दबाव बना हुआ है। वहीं विनिर्माण गतिविधियों में सुस्ती के संकेत मिल रहे हैं। ऐसे में केंद्रीय बैंक के रुख और भविष्य के अनुमान पर नजर रहेगी। नायर ने कहा कि वैश्विक स्तर पर अमेरिका के मार्च महीने के महंगाई आंकड़े भी महत्वपूर्ण होंगे, क्योंकि इससे वहां की मौद्रिक नीति और डॉलर की स्थिति पर असर पड़ेगा, जिसका प्रभाव भारत जैसे उभरते बाजारों पर भी पड़ सकता है।

पिछले सप्ताह में, बीएसई के बेंचमार्क सेंसेक्स में 263.67 अंक या 0.35 प्रतिशत की गिरावट रही जबकि एनएसई निफ्टी 106.5 अंक या 0.46 प्रतिशत नुकसान में रहा।

मोतीलाल ओसवाल फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख सिद्धार्थ खेमका ने कहा कि बाजार में उतार-चढ़ाव बने रहने की संभावना है, क्योंकि भू-राजनीतिक घटनाक्रम, कच्चे तेल की कीमतों में बदलाव, विदेशी संस्थागत निवेशकों के प्रवाह और वैश्विक आर्थिक आंकड़े निवेशकों की धारणा को प्रभावित करते रहेंगे।

विश्लेषकों का मानना है कि यदि पश्चिम एशिया में तनाव कम होता है तो कच्चे तेल की कीमतों में नरमी आती है तो बाजार को राहत मिल सकती है, जबकि तनाव बढ़ने की स्थिति में निवेशकों की जोखिम लेने की क्षमता कम हो सकती है और विदेशी निवेश पर दबाव बना रह सकता है।

एफपीआई ने अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेचे

नयी दिल्ली, एजेंसी

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) की भारतीय शेयर बाजार से निकासी का सिलसिला जारी है।अप्रैल के पहले दो कारोबारी सत्रों में ही उन्होंने 19,837 करोड़ रुपये (2.1 अरब डॉलर) के शेयर बेचे हैं। इसकी मुख्य वजह पश्चिम एशिया संघर्ष, कच्चे तेल की बढ़ती कीमतें और रुपये में लगातार गिरावट को माना जा रहा है।

इससे पहले मार्च में एफपीआई ने घरेलू शेयर बाजार से करीब 1.17 लाख करोड़ रुपये (लगभग 12.7 अरब डॉलर) की रिकॉर्ड निकासी की थी। यह एफपीआई की निकासी की दृष्टि से सबसे खराब महीना था। वहीं एफपीआई ने फरवरी में शेयर बाजार में 22,615 करोड़ रुपये डाले थे, जो 17 माह का सबसे ऊंचा आंकड़ा है। एनएसडीएल के आंकड़ों के अनुसार, ताजा बिकवाली के बाद 2026 में अब तक विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से 1.5 लाख करोड़ रुपये निकाल चुके हैं। एफपीआई ने अप्रैल के दो कारोबारी सत्रों में 19,837 करोड़ रुपये के शेयर बेचे हैं। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स के मुख्य निवेश रणनीतिकार वीके विजयकुमार ने कहा कि युद्ध जारी रहने, कच्चे तेल के दाम के फिर से 100 डॉलर प्रति बैरल के पार जाने, रुपये में लगातार गिरावट और डॉलर की मजबूती की वजह से एफपीआई की बिकवाली रिकॉर्ड स्तर पर है।

इसके अलावा युद्ध शुरू होने के बाद से रुपये में लगभग 4% की गिरावट आई है, और इसमें आगे और कमजोरी की आशंका से भी बिकवाली को बल मिल रहा है।

बिजनेस ब्रीफ

दो वर्षों में सीवीडी डायमंड का सबसे बड़ा केंद्र बनेगा सूरत: संघवी

सूरत। गुजरात के उपमुख्यमंत्री हर्ष संघवी ने कहा है कि सूरत डायमंड बोर्स आने वाले दो वर्षों में 'केमिकल वेपर डिपोजिशन (सीवीडी)' हीरों का सबसे बड़ा केंद्र बन जाएगा। केमिकल वेपर डिपोजिशन (सीवीडी) एक आधुनिक तकनीक है, जिसके जरिए प्रयोगशाला में हीरे बनाए जाते हैं। संघवी ने शनिवार को सूरत डायमंड बोर्स के दौरे के दौरान कहा कि जिस तेजी से यहां विकास हो रहा है, उसे देखते हुए लैब में तैयार हीरे और प्राकृतिक हीरों का प्रमुख केंद्र मुंबई से सूरत की ओर स्थानांतरित हो सकता है।

क्लासिक लांच करेगी नई 'स्क्रैम्बलर' बाइक

नयी दिल्ली। प्रीमियम मोटरसाइकिल बनाने वाली कंपनी क्लासिक लीजेंड्स अपने पोर्टफोलियो के विस्तार की तैयारी कर रही है। अपनी वृद्धि की रफ्तार को कायम रखने के लिए कंपनी चालू वित्त वर्ष में स्क्रैम्बलर खंड में नई बाइक लाने की योजना बना रही है। क्लासिक लीजेंड्स येज्दी, जावा और बीएसए जैसी चर्चित बाइक बेचती है। स्क्रैम्बलर मोटरसाइकिल ऑन रोड और ऑफ रोड दोनों के लिए इस्तेमाल हो सकती है। सामान्य रूप से इसे 'डर्ट बाइक' कहा जाता है। ऑफ रोड से आशय परंपरागत सड़क से अलग हटकर मार्ग से है।

हिंदुस्तान कॉपर का लक्ष्य 'नवरत्न' बनना

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी हिंदुस्तान कॉपर लिमिटेड 'नवरत्न' का दर्जा पाने का प्रयास कर रही है। कंपनी के चेयरमैन एवं प्रबंध निदेशक संजीव कुमार सिंह का मानना है कि यह उपलब्धि कंपनी के बेहतर परिचालन, संगठन की उत्कृष्टता और रणनीतिक वृद्धि की वजह से हासिल होगी। सीएमडी ने हाल में अपने कर्मचारियों को लिखे पत्र में कहा कि हम नवरत्न का दर्जा पाने की अपनी कोशिशों में तेजी ला रहे हैं। यह न केवल परिचालन के मोर्चे पर हमारे बेहतर प्रदर्शन को दर्शाता है, बल्कि संगठन की उत्कृष्टता तथा परिपक्वता का संकेत है।

2.5 करोड़ टन कोयला बेचेगी कोल इंडिया

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी कोल इंडिया लिमिटेड (सीआईएल) इस महीने ऑनलाइन नीलामी के जरिये 2.56 करोड़ टन कोयले की पेशकश करने की योजना बना रही है। कोल इंडिया के इस कदम से पश्चिम एशिया संकट के बीच उद्योग को ऊर्जा आपूर्ति के झटकों को कम करने में मदद मिलेगी। पश्चिम से एलएनजी, एलपीजी और कच्चे तेल की आपूर्ति में आए व्यवधान की वजह से कोयले की मांग बढ़ गई है। साथ ही आयातित कोयला भी महंगा हो गया है। कोल इंडिया ने इस साल फरवरी में 2.05 करोड़ टन के मुकाबले मार्च में ई-नीलामी के जरिये 3.25 करोड़ टन कोयले की पेशकश की थी।

आकर्षण बरकरार : मार्च में 38 कंपनियों ने आईपीओ के लिए सेबी के सौंपे दस्तावेज

नयी दिल्ली, एजेंसी

कंपनियों के बीच आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) को लेकर आकर्षण बरकरार है। एसबीआई फंड्स मैनेजमेंट और मणिपाल हेल्थ एंटरप्राइजेज सहित 38 कंपनियों ने बीते मार्च माह में भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए हैं। इससे पता चलता है कि कंपनियों के लिए धारणा बेहतर है। हालांकि, नियामकीय समयसीमा की वजह से भी इसमें बढ़ोतरी हुई है।

सेबी के आंकड़े बताते हैं कि मार्च, 2025 में 22 और मार्च, 2024 में 16 कंपनियों ने आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए थे। यह दर्शाता है कि सार्वजनिक निर्गम को लेकर आकर्षण कायम है। मर्चेंट बैंकिंग सूत्रों के मुताबिक, यह रफ्तार आगे भी जारी रहने की उम्मीद है। आने वाले सप्ताहों में नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) और रिलायंस इंडस्ट्रीज की दूरसंचार इकाई जियो सहित कई बड़ी कंपनियां आईपीओ के लिए दस्तावेजों का मसौदा दायर करने की तैयारी कर रही हैं।

इनके अलावा सिंगापुर की सेम्बकॉर्प इंडस्ट्रीज की भारतीय नवीकरणीय ऊर्जा इकाई, स्वीडन के मॉडर्न टाइम्स समूह की अनुषंगी प्लेसिंपल, टीपीजी समर्थित ऑनलाइन कर्ज देने वाला मंच फाइब और टाइगर ग्लोबल समर्थित बैटरीस्मार्ट भी जल्द ही आईपीओ दस्तावेज (डीआरएचपी) दाखिल कर सकती हैं।

सेबी के पास दस्तावेज जमा कराने वाली 38 कंपनियों में से जेटवर्क, एसएनवीए ट्रैवलटेक, रेडिफ.कॉम इंडिया, टोरेंट गैस, सिनर्जी एडवांस्ड मेटल्स, गरुड़ एयरोस्पेस और सोहन लाल कमोडिटी मैनेजमेंट समेत कुल नौ कंपनियों ने गोपनीय तरीके से आईपीओ दस्तावेज दाखिल किए हैं। एक्सिस कैपिटल की एक रिपोर्ट के मुताबिक, 64 कंपनियों ने सेबी के पास दस्तावेज दाखिल किए हैं और वे मंजूरी का इंतजार कर रही हैं।

स्वच्छ ऊर्जा, जल संरक्षण और जलवायु संतुलन पर फोकस

वर्ष 2047 तक 70 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से, ग्रीन हाइड्रोजन हब की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: योगी सरकार ने 'विकसित यूपी@2047' के तहत सतत एवं संतुलित विकास का व्यापक रोडमैप तैयार किया है। इस योजना में पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छ ऊर्जा और जलवायु सहिष्णुता को केंद्र में रखते हुए प्रदेश को सतत विकास के क्षेत्र में अग्रणी राज्य बनाने का लक्ष्य रखा गया है।

ऊर्जा क्षेत्र में बड़े बदलाव के तहत वर्ष 2047 तक प्रदेश की कुल ऊर्जा क्षमता में गैर-जीवाश्म ईंधन का हिस्सा 70 प्रतिशत तक पहुंचाने का लक्ष्य तय किया गया है।

इसके लिए चरणबद्ध योजना के तहत वर्ष 2029-30 तक 29 प्रतिशत, 2035-36 तक 45 प्रतिशत और 2046-47 तक 70 प्रतिशत लक्ष्य निर्धारित किया गया है। साथ ही रूफटॉप सोलर क्षमता बढ़ाने और बिजली वितरण में सुधार कर एटी एंड सी लॉस को 8-10 प्रतिशत तक सीमित करने की योजना है। प्रदेश में बुंदेलखंड, पूर्वांचल और पश्चिमी यूपी में ग्रीन हाइड्रोजन हब विकसित किए जाएंगे, जिससे उर्वरक, रिफाइनिंग और भारी उद्योगों को स्वच्छ ऊर्जा मिल सके। साथ ही औद्योगिक क्लस्टरों में स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर्स के जरिए परमाणु ऊर्जा के क्षेत्र में भी निवेश आकर्षित करने की तैयारी है। अयोध्या को सोलर सिटी के रूप में विकसित किए जाने के मॉडल को अन्य शहरों में भी लागू किया जाएगा।

स्टेट एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज 2.0 लागू

वैश्विक जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को संतुलित करने के उद्देश्य से स्टेट एक्शन ऑन क्लाइमेट चेंज (यूपी एसएपीसीसी 2.0) को लागू किया गया है, जो जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। साथ ही वर्ल्ड बैंक समर्थित क्लीन एयर मैनेजमेंट प्रोग्राम के तहत राज्य में पीएम 2.5 के स्तर को कम करने के लिए दस वर्षीय रोडमैप भी तैयार किया गया है।

रोडमैप की मुख्य बातें

- 2047 तक 70 प्रतिशत ऊर्जा गैर-जीवाश्म स्रोतों से
- ग्रीन हाइड्रोजन हब तीन क्षेत्रों में विकसित होंगे
- रूफटॉप सोलर और स्वच्छ ऊर्जा को बढ़ावा
- एटी एंड सी लॉस 8-10 प्रतिशत तक सीमित करने का लक्ष्य
- नमामि गंगे के तहत जल संरक्षण और नदी पुनर्जीवन
- आपदा प्रबंधन के लिए रियल-टाइम डैशबोर्ड

आपदा प्रबंधन को बनेगा रियल-टाइम डैशबोर्ड

पर्यावरण संरक्षण के तहत 'नमामि गंगे' कार्यक्रम को और मजबूत करते हुए नदियों के पुनर्जीवन, सीवेज प्रबंधन और जल संरक्षण पर जोर दिया जा रहा है। वहीं आपदा प्रबंधन को सुदृढ़ बनाने के लिए बहु-आपदा जोखिम डेटा प्लेटफॉर्म और रियल-टाइम डैशबोर्ड विकसित किया जाएगा, जिसे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय एजेंसियों से जोड़ा जाएगा।

इनविट में निवेश दोगुना करेगी आईआईएफसीएल

नयी दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी इंडिया इन्फ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड (आईआईएफसीएल) अपनी निवेश विविधीकरण रणनीति के तहत चालू वित्त वर्ष में अवसंरचना निवेश ट्रस्ट (इनविट) में अपना निवेश दोगुना कर 6,000 करोड़ रुपये करने का लक्ष्य लेकर चल रही है। आईआईएफसीएल का 31 मार्च, 2026 तक नौ इनविट में कुल निवेश 3,000 करोड़ रुपये था।

मौद्रिक समीक्षा में रेपो दर को यथावत रखेगा आरबीआई : अर्थशास्त्री

मुंबई, एजेंसी। पश्चिम एशिया संकट की वजह से मुद्रास्फीति बढ़ने की आशंका के चलते भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अप्रैल की अपनी मौद्रिक नीति समीक्षा बैठक में मुख्य नीतिगत दर रेपो को 5.25 प्रतिशत पर स्थिर रख सकता है।

अर्थशास्त्रियों ने यह अनुमान जताया है। एक दर्जन से अधिक अर्थशास्त्रियों के बीच किए गए सर्वेक्षण के अनुसार, पश्चिम एशिया में जारी भू-राजनीतिक तनाव, जिंस कीमतों में अस्थिरता और मुद्रा के तेज उतार-चढ़ाव ने नीतिगत परिदृश्य को जटिल बना दिया है। ऐसे में वृद्धि दर, मुद्रास्फीति पर आरबीआई के अनुमान और नीतिगत रुख पर गहरी नजर रहेगी। इक्रा की मुख्य अर्थशास्त्री अदिति नायर ने कहा कि कच्चे तेल की कीमतों और भू-राजनीतिक घटनाक्रमों के इर्द-गिर्द अनिश्चितता को देखते हुए, आरबीआई द्वारा अप्रैल की नीति में यथास्थिति बनाए रखने और कोई भी अगला कदम उठाने से पहले मुद्रास्फीति के आंकड़ों पर विचार करने की संभावना है।

एसबीआई के मुख्य अर्थशास्त्री सौम्य कांति घोष ने कहा कि दरों को स्थिर रखने की घोषणा करते समय आरबीआई अपनी टिप्पणी में काफी सावधानी बरतेगा। भारत मौजूदा संकट से अछूता नहीं है। रुपया पहले ही 93 प्रति डॉलर के ऊपर बना हुआ है और कच्चा तेल 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर है, जिससे मुद्रास्फीति बढ़ी है।

पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम

जुबिन की तरह लोगों को एक करती है कांग्रेस : राहुल गांधी

गोलाघाट (असम), एजेंसी

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रविवार को कहा कि उनकी पार्टी की विचारधारा प्रसिद्ध संगीतकार जुबिन गर्ग जैसी है, जिन्होंने अपना पूरा जीवन असम को एकजुट करने में लगाया। असम के विश्वनाथ और गोलाघाट जिलों में चुनावी रैलियों को संबोधित करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा भारत के सबसे भ्रष्ट मुख्यमंत्री हैं और राज्य में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। गांधी ने कहा कि जुबिन गर्ग ने अपना पूरा जीवन असम के लोगों को एकजुट करने में लगाया, उन्होंने कभी किसी के साथ गलत व्यवहार नहीं किया। कांग्रेस की विचारधारा भी ऐसी ही है, नफरत के खिलाफ प्यार फैलाने की।उन्होंने आरोप लगाया कि शर्मा के नेतृत्व वाली राज्य की भाजपा सरकार लोगों और समुदायों के बीच नफरत फैलाने का काम कर रही है। आरोप लगाया कि शर्मा, प्रधानमंत्री मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ मिलकर एक लैंड एटीएम बना रहे हैं। जनता की जमीन छीनकर कुछ बड़े उद्योगपतियों को दी जा रही है। उन्होंने कहा कि सिर्फ शर्मा ही नहीं, बल्कि उनके परिवार पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपों की भी जांच की जाएगी।

चाय श्रमिकों को लुभाने में जुटे राजनीतिक दल

काम गिनाकर नये वादे कर रही भाजपा तो कांग्रेस ने बदलावों को सिरे से नकारा

गुवाहाटी, एजेंसी

चाय बागान में श्रमिकों के साथ केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान।

असम में विधानसभा चुनाव से पहले राजनीतिक दल प्रभावशाली चाय बागान श्रमिकों का समर्थन हासिल करने के प्रयासों को तेज कर रहे हैं, जो एक ऐसा मतदाता समूह है जो दर्जनों निर्वाचन क्षेत्रों में परिणामों को तय कर सकता है। चाय बागानों में करीब 35 लाख ऐसे मतदाता हैं जिनका मुख्यतः पूर्वी असम के 35 से अधिक निर्वाचन क्षेत्रों में दबदबा है तथा वे असम की 126 सदस्यीय विधानसभा की कम से कम दस और सीटों के चुनाव नतीजे पर भी असर डाल सकते हैं।

अनुसूचित जनजाति (एसटी) का दर्जा, अधिक दिहाड़ी और भू-अधिकार समेत उनकी पुरानी मांगें एक बार फिर राजनीतिक चर्चा का केंद्र बन गई हैं। सत्ताधारी भाजपा ने पिछले एक दशक में किए गए अपने कल्याणकारी कार्यों को प्रमुखता से लोगों के सामने रखा है। दावा है कि चाय बागान श्रमिकों के जीवन स्तर में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। पार्टी ने विशेष रूप से चाय बागानों के भीतर भू- अधिकार प्रदान करने के कदम पर बल दिया है।

भाजपा चाय मोर्चा के अध्यक्ष दुलेन नायक ने स्कूलों, सड़कों और कल्याणकारी योजनाओं जैसी पहलों का हवाला देते हुए कहा कि समुदाय को अब द्वितीय श्रेणी के नागरिक के रूप में नहीं माना जाता। शिक्षा से लेकर बुनियादी ढांचे तक, ठोस प्रगति हुई है। भाजपा ने पुनः सत्ता में आने पर चरणबद्ध तरीके से मजदूरी बढ़ाकर 500 रुपये करने का वादा किया है। वहीं, विपक्षी कांग्रेस ने तर्क दिया कि सुधारों से जमीनी स्तर पर कोई सार्थक बदलाव नहीं आया है। असम चाय मजदूर आदिवासी कांग्रेस के अध्यक्ष अतुवा मुंडा ने भूमि अधिकार पहल को सतही बताकर खारिज कर दिया।

बंगाल चुनावः ममता ने बहरामपुर में मार्च निकाला

बहरामपुर (पश्चिम बंगाल), एजेंसी। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने वरिष्ठ कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी का गढ़ माने जाने वाले बहरामपुर शहर में रविवार को एक मार्च का नेतृत्व किया। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख मुर्शिदाबाद जिला मुख्यालय की संकरी गलियों से गुजरीं जहां लोग मुख्यमंत्री की एक झलक पाने के लिए खड़े थे। इस दौरान बनर्जी ने लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया और कुछ लोगों से हाथ मिलाया। गिरजा मोड़ से खगरा चौरास्ता तक 1.6 किलोमीटर लंबे मार्ग पर तृणमूल कांग्रेस के झंडे लहरा रहे थे।

तृणमूल कांग्रेस ने चौधरी और निवर्तमान भाजपा विधायक सुब्रत मैत्रा का मुकाबला करने के लिए बहरामपुर में नारू गोपाल मुखर्जी को चुनावी मैदान में उतारा है।

भाजपा घुसपैठियों के खिलाफ है, मुस्लिमों के नहीं

नयी दिल्ली, एजेंसी

- **पकेंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा- असम और पश्चिम बंगाल में उज्ज्वल संभावनाएं**

भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने असम व पश्चिम बंगाल में पार्टी की चुनावी संभावनाओं पर विश्वास व्यक्त करते हुए रविवार को कहा कि भाजपा घुसपैठियों का विरोध करती है न कि वह मुस्लिमों के खिलाफ है। असम में विधानसभा चुनाव नौ अप्रैल को होने हैं, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होगा और मतगणना चार मई को होगी।

डकरी ने साक्षात्कार में कहा कि मुझे पूरा विश्वास है कि हम असम और पश्चिम बंगाल दोनों में जीतेंगे। भाजपा की नीति है कि धार्मिक पहचान से परे सभी को साथ लेकर चला जाए। हम घुसपैठियों के खिलाफ हैं, मुसलमानों के नहीं। पार्टी के विकास एजेंडे पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि बड़े पैमाने पर बुनियादी ढांचे में निवेश और शासन-केंद्रित दृष्टिकोण भाजपा की चुनावी रणनीति के प्रमुख स्तंभ हैं। उन्होंने कहा, "असम सहित पूर्वोत्तर क्षेत्र में लगभग पांच लाख करोड़ रुपये की परियोजनाओं पर काम किया जा रहा है।

विस चुनावों के दौरान पकड़ी गयी 650 करोड़ रुपये की नकदी और शराब

नई दिल्ली, एजेंसी। निर्वाचन आयोग ने रविवार को कहा कि चार चुनावी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में प्रवर्तन अधिकारियों ने मतदाताओं को लुभाने के लिए इस्तेमाल की जाने वाली 650 करोड़ रुपये से अधिक की अवैध नकदी, मादक पदार्थ और शराब जब्त की है। आयोग द्वारा साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, पश्चिम बंगाल से 319 करोड़ रुपये की अवैध नकदी, मादक पदार्थ, शराब और मूल्यवान धातुएं जब्त की गई हैं। इसके बाद तमिलनाडु का स्थान है जहां 170 करोड़ रुपये जब्त किए गए हैं। शिकायतों का निपटारा 100 मिनट के भीतर सुनिश्चित करने के लिए 5,173 से अधिक उड़न दस्तों को तैनात किया गया है। आयोग के अनुसार, विभिन्न स्थानों पर अचानक नाकेबंदी करने के लिए 5,200 से अधिक स्थिर निगरानी दल (एसएसटी) भी तैनात किए गए हैं। केरल, असम और पुडुचेरी में नौ अप्रैल को मतदान होगा, जबकि पश्चिम बंगाल में 23 और 29 अप्रैल को दो चरणों में मतदान होना है।

पुडुचेरी में नौ और तमिलनाडु में 23 को अवकाश घोषित

चेन्नई, एजेंसी। चुनाव आयोग ने तमिलनाडु में मतदान के दिन 23 अप्रैल और केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में नौ अप्रैल को सवैतनिक अवकाश की घोषणा की है। आयोग के अनुसार, मतदान के दिन सभी कर्मचारियों को सवैतनिक अवकाश दिया जायेगा। यह नियम किसी भी व्यवसाय या औद्योगिक उपक्रम में काम करने वाले हर व्यक्ति पर लागू होगा। वे सभी मतदाताओं को मिलेगी, जो चुनाव में वोट डालने के हकदार हैं।

द्रमुक का घोषणापत्र '2026 चुनाव का सुपरस्टार' है : स्टालिन

विरुधुनगर, एजेंसी। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने रविवार को द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के चुनाव घोषणापत्र को 2026 के चुनाव का सुपरस्टार बताते हुए कहा कि वादे तो कोई भी कर सकता है, लेकिन जनता भरोसा सिर्फ उनकी पार्टी के वादों पर करती है। यहां धर्मनिरपेक्ष प्रगतिशील गठबंधन (एसपीए) की एक बड़ी जनसभा को संबोधित करते हुए द्रमुक अध्यक्ष स्टालिन ने कहा कि छह से 60 वर्ष की आयु तक महिलाओं से लेकर पुरुषों तक, युवाओं से लेकर बुजुर्गों तक- हर कोई द्रमुक के चुनावी घोषणापत्र को पसंद करता है। ऐसा कोई हो ही नहीं सकता जो इसे नापसंद करे। उन्होंने यहां एकत्रित लोगों से कहा कि मैंने इसे 2026 के चुनाव के सुपरस्टार के रूप में पेश किया है। मुख्यमंत्री ने इस बात पर जोर दिया कि किसी वादे की विश्वसनीयता इस बात पर निर्भर करती है कि उसे कौन करता है। उन्होंने कहा कि लोग केवल द्रमुक के वादे पर ही विश्वास करते हैं।

ईरान युद्ध से अमेरिका में बढ़ी महंगाई अमेजन वसूल करेगी ईंधन अधिभार

एयरलाइन कंपनियों ने शुल्क बढ़ाया, डाक सेवा पर 8% अधिभार लगेगा

वाशिंगटन, एजेंसी

ईरान के खिलाफ युद्ध ने अमेरिकियों को प्रभावित करना शुरू कर दिया है। ई-कॉमर्स कंपनी अमेजन ने अपनी डिलीवरी पर ईंधन अधिभार की घोषणा की है, इसके साथ कुछ एयरलाइन कंपनियों ने भी ईंधन की ऊंची लागत की भरपाई के लिए चेक इन बैगेज पर शुल्क बढ़ा दिया है।

इस बीच अमेरिका में पेट्रोल की औसत कीमत शुक्रवार को 4.09 अमेरिकी डॉलर प्रति गैलन पर पहुंच गई है। यह युद्ध से ठीक पहले की तुलना में एक डॉलर से अधिक है और अगस्त 2022 के बाद का उच्चतम स्तर है। डीजल की लागत भी पिछले साल के 3.64 डॉलर प्रति गैलन से बढ़कर शुक्रवार को 5.53 डॉलर प्रति गैलन हो गई है। ये आंकड़े अमेरिकी परिवहन संघ ने जारी किए हैं।

डीजल का अन्य उद्योगों के अलावा व्यापक रूप से कृषि, निर्माण और परिवहन क्षेत्र में इस्तेमाल किया जाता है। अमेजन ने यह भी कहा कि वह 17 अप्रैल से तीसरा पक्ष विक्रेताओं पर 3.5 प्रतिशत ईंधन अधिभार जोड़ने की योजना बना रही है। अमेरिकी डाक सेवा ने बुधवार को कहा कि वह अस्थायी रूप से आठ प्रतिशत का ईंधन अधिभार लगाने की कोशिश कर रही है।

अमेरिकी में कुछ ही दिन पहले महंगाई और ईरान युद्ध के खिलाफ प्रदर्शन किए गए थे।

विशेषज्ञों ने जताई आपूर्ति शृंखला बाधित होने की आशंका

माना जा रहा है कि अगर ईरान के खिलाफ युद्ध लंबा खिंचता है तो यह अमेरिका में आपूर्ति शृंखला में भी व्यवधान पैदा करेगा। न्यूयॉर्क की विश्लेषक रैशल जिएम्बा ने कहा, मुझे नहीं लगता कि अमेरिका इससे बच पाएगा। ये वैश्विक बाजार है। वाशिंगटन पोस्ट ने जिएम्बा के हवाले से लिखा, एक सप्ताह पहले भी विशेषज्ञ चिंतित थे, अब उनकी चिंता और बढ़ गई है। शिकॉगो के फेडरल रिजर्व बैंक के अध्यक्ष ऑस्टन गूल्सबी ने कहा, अगर परिवहन लागत बढ़ना शुरू होती है तो यह अन्य कीमतों पर भी असर दिखाएगी। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि यह निकट भविष्य में उपभोक्ताओं पर इसके असर को महसूस किया जाएगा। हालांकि लोग पहले से ही जीवनयापन की बढ़ती लागत को लेकर चिंतित हैं।

पाकिस्तान में संकट, शहबाज ने की समीक्षा

लाहौर। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ की अध्यक्षता में हुई एक बैठक में पेट्रोलियम उत्पादों पर दी जा रही सब्सिडी के क्रियान्वयन की प्रगति की समीक्षा की गई। इसमें सब्सिडी वितरण की स्थिति के साथ देश में ईंधन भंडार और खपत के बारे में भी जानकारी दी गई। शहबाज शरीफ ने कहा कि किराए में बढ़ोतरी रोकने के लिए यात्री बसों को प्रति माह 1 लाख रुपये, मिनी बसों और वैगनों (मालवहक वाहन) को 40 हजार रुपये की सब्सिडी दी जा रही है।

ईरान में परमाणु दुर्घटना हुई तो पीढ़ियां तबाह हो जाएंगी : डब्ल्यूएचओ

- संगटन के महासचिव ने कहा- ये हमले एक भयावह चेतावनी

जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के महानिदेशक टेड्रोस अधानोम घेब्रेयेसस ने रविवार को कहा कि ईरान ने अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी को सूचित किया है कि रविवार सुबह बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र परिसर के पास एक प्रक्षेपास्त्र गिरा, जो हाल के हफ्तों में इस तरह की चौथी घटना है। उन्होंने कहा कि ईरान ने आईएईए को यह भी बताया कि प्रक्षेपास्त्र के एक टुकड़े से संयंत्र के सुरक्षा कर्मचारियों में से एक की मौत हो गई। घेब्रेयेसस ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैं ईरान में परमाणु सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर चिंता व्यक्त कर रहा हूं। बुशहर परमाणु ऊर्जा संयंत्र से जुड़ी हालिया घटना एक भयावह चेतावनी है क्योंकि एक छोटा सा हमला भी परमाणु दुर्घटना को जन्म दे सकता है जिसके स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव पीढ़ियों को तबाह कर देंगे।

वर्ल्ड ब्रीफ

वैश्विक रिकॉर्ड टूटा ईरान में 37 दिनों से इंटरनेट बंद

तेहरान। ईरान में इंटरनेट बंदी ने अब तक के सभी वैश्विक रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इंटरनेट की निगरानी करने वाली अंतरराष्ट्रीय संस्था ''नेटब्लॉक्स'' की ताजा रिपोर्ट के अनुसार ईरान में जारी इंटरनेट ब्लैकआउट अब तक किसी भी देश में दर्ज की गई दुनिया की सबसे लंबी राष्ट्रव्यापी इंटरनेट बंदी बन गई है। नेटब्लॉक्स के मुताबिक, ईरान में इंटरनेट सेवाओं को बंद हुए लगातार 37 दिन (864 घंटे) बीत चुके हैं। गंभीरता और समय सीमा के मामले में इसने दुनिया की ऐसी अन्य सभी घटनाओं को पीछे छोड़ दिया है। ईरान में यह सख्त कदम वहां उपजे गंभीर सुरक्षा हालात और राजनीतिक अस्थिरता के बीच उठाया गया है।

बांग्लादेश : देश में खसरे की लहर, आपात टीकाकरण शुरू किया

ढाका। बांग्लादेश में खसरे के संक्रमण के मामले तेजी से बढ़ रहे हैं, इससे अस्पतालों के बाल रोग वार्डों पर दबाव लगातार बढ़ता जा रहा है। बड़ी संख्या में बच्चे बुखार, सांस लेने में तकलीफ और पूरे शरीर पर चकत्तों जैसे लक्षणों के साथ अस्पताल पहुंच रहे हैं। ढाका ट्रिब्यून की रिपोर्ट के मुताबिक, कई स्वास्थ्य केंद्रों में मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आइसोलेशन यूनिट खोले गए हैं, ताकि संक्रमण को फैलने से रोका जा सके और मरीजों का बेहतर प्रबंधन किया जा सके। इस प्रकोप से निपटने के लिए रविवार से खसरा-रूबेला (एमआर) का आपात टीकाकरण अभियान शुरू किया गया है।

होर्मुज से निकासी बनी बड़ा संकट

भारत के जहाज

ईरान और इजराइल-अमेरिका के बीच जारी युद्ध में बढ़ते तनाव के दौरान ईरान की ओर से होर्मुज जलडमरूमध्य को बंद कर दिए जाने से पूरी दुनिया के साथ भारत पर इसके काफी गंभीर प्रभाव दिखाई दे रहे हैं। युद्ध के बीच भारत के कुछ तेल टैंकर इस समुद्री मार्ग से गुजरे जरूर हैं लेकिन इससे बहुत ज्यादा राहत नहीं मिली है, साथ ही ईरान और अमेरिका के बीच तनाव और बढ़ने के साथ अनिश्चितता का साया लगातार और गहरा होता जा रहा है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक तरफ होर्मुज न खोलने पर ईरान के ऊर्जा ठिकानों और बिजली संयंत्रों पर बम बरसाने की चेतावनी दी है तो दूसरी तरफ ईरान समर्थित यमन के हूती विद्रोहियों ने बाब अल मंडेब जलडमरूमध्य को भी बंद कर देने की धमकी दी है। कहा जा रहा है कि यह समुद्री मार्ग भी बंद कर दिया गया तो वैश्विक अर्थव्यवस्था पर दोहरी मार पड़ेगी और भारत भी इसकी चपेट में आएगा। इसके परिणाम विनाशकारी हो सकते हैं।



भारत की मुख्य समस्याएं

- भारत जरूरत का बड़ा हिस्सा होर्मुज से आयात करता है। यहां से आपूर्ति बाधित होने से कच्चे तेल, एलपीजी और विमान ईंधन की कीमतों में भारी उछाल आया है।
- सड़क निर्माण में इस्तेमाल होने वाले बिटुमेन और अन्य पेट्रोकेमिकल उत्पादों की कमी हो गई है, जिससे देश में कई इंफ्रास्ट्रक्चर प्रोजेक्ट्स की लागत बढ़ गई है।
- जहाजों का बीमा महंगा हो गया है, माल ढुलाई की दरें रिकॉर्ड स्तर पर हैं। फारस की खाड़ी में 15-16 भारतीय जहाज और करीब 485 भारतीय नाविक फंसे हुए हैं।

युद्ध से पहले और बाद में

- युद्ध से पहले इस मार्ग से हर महीने भारत के सैकड़ों जहाज गुजरते थे। यह मार्ग दुनिया के तेल व्यापार का 20% और भारत की ऊर्जा जरूरतों का 60-70% हिस्सा संभालता था।
- युद्ध शुरू होने के बाद यह यातायात लगभग 95% तक गिर गया है। शिपिंग डेटा के अनुसार, युद्ध के बीच अब तक 8 भारतीय जहाज ही इस जलडमरूमध्य को पार कर पाए हैं।

दूसरे देशों पर प्रभाव

- ब्रेंट क्रूड की कीमतें 125 डॉलर प्रति बैरल को पार कर गई हैं, जो 1970 के दशक के बाद सबसे बड़ा ऊर्जा संकट माना जा रहा है।
- वियतनाम, थाईलैंड जैसे देशों में ईंधन की भारी किल्लत और राशनिंग शुरू हो गई है। यूरोप में बिजली-हीटिंग का संकट

उर्वरक उत्पादन के लिए जरूरी गैस की आपूर्ति रुकने से अफ्रीकी देशों में खाद्य संकट बढ़ने लगा है। कई और देश संकट में घिर सकते हैं।

बाब-अल-मंडेब बंद भी हुआ तो

- यह जलडमरूमध्य लाल सागरऔर अदन की खाड़ी को जोड़ने वाला सबसे व्यस्त समुद्री मार्ग है जहां से दुनिया का 12-15% वैश्विक व्यापार और कच्चे तेल की सप्लाई होती है।
- यह मार्ग बंद हुआ तो जहाजों को अफ्रीका के दक्षिण से केप ऑफ गुड होप होकर जाना पड़ेगा। इससे यात्रा में 9,000 किमी की दूरी और 14 से 21 दिन का समय बढ़ जाएगा।
- शिपिंग लागत में 50 70% तक वृद्धि का अनुमान है। आशंका है कि वार रिस्क इंश्योरेंस इतना महंगा हो जाएगा कि कई कंपनियां इस रूट पर जहाज चलाना बंद कर देंगी।

भारत को छूट

ईरान ने भारत को मित्र राष्ट्र की श्रेणी में रखा है क्योंकि भारत के ईरान के साथ ऐतिहासिक और कूटनीतिक संबंध रहे हैं। साथ ही, चाबहार पोर्ट जैसे प्रोजेक्ट्स के कारण दोनों देशों के बीच रणनीतिक साझेदारी है। ईरान के विदेश मंत्री ने स्पष्ट किया है कि यह मार्ग दुश्मनों के लिए बंद है, लेकिन भारत, चीन और रूस जैसे देशों के जहाजों को विशेष समन्वय के तहत निकलने की अनुमति दी जा रही है।

निर्वाचन आयोग ही यदि स्वतंत्र न हो तो नहीं हो सकते निष्पक्ष चुनाव

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट की जस्टिस नागरत्ना का पटना के विधि विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों को संबोधन
- कहा- सत्ता को नियंत्रित करने वाली संरचना को चौथे स्तंभ पर भी देना होगा ध्यान

सुप्रीम कोर्ट की न्यायाधीश न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने निर्वाचन आयोग को चुनावों को निष्पक्ष बनाए रखने वाली प्रमुख संस्था बताते हुए कहा कि यदि चुनाव संचालित करने वाले लोग ही उम्मीदवारों पर निर्भर हों तो चुनावी प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती।उन्होंने पटना के चाणक्य राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय में राजेंद्र प्रसाद स्मृति व्याख्यान देते हुए मतदान प्रक्रिया की निगरानी करने वाली संस्थाओं की संरचनात्मक स्वतंत्रता को लेकर गंभीर चिंता जताई।

उन्होंने सुप्रीम कोर्ट के 1995 के एक फैसले का हवाला देते हुए कहा, एक बार फिर यह संरचनात्मक चिंता है कि यदि चुनाव संचालित करने वाले ही चुनाव लड़ने वालों पर निर्भर हों तो प्रक्रिया की निष्पक्षता सुनिश्चित नहीं की जा सकती। न्यायालय ने 1995 के इस फैसले में निर्वाचन आयोग को एक अत्यंत महत्वपूर्ण संवैधानिक संस्था करार दिया था। न्यायमूर्ति नागरत्ना ने कहा कि चुनाव केवल समय-समय पर होने वाली घटनाएं नहीं हैं, बल्कि वे प्रक्रियाएं हैं जिनके माध्यम से सरकार का गठन होता है। उन्होंने कहा, हमारी संवैधानिक लोकतांत्रिक व्यवस्था ने प्रदर्शित किया है कि समय पर चुनाव होने से सरकारों का सुचारू रूप से परिवर्तन संभव हुआ है। इस प्रक्रिया पर नियंत्रण, राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों पर नियंत्रण के समान है।

उन्होंने कहा कि सत्ता केवल औपचारिक संस्थाओं के जरिए से नहीं, बल्कि उन प्रक्रियाओं के जरिए भी संचालित होती है जो उन्हें बनाए रखती हैं, जैसे चुनाव, सार्वजनिक वित्त और विनियमन। सत्ता को नियंत्रित करने वाली संवैधानिक संरचना को चौथे स्तंभ जैसी संस्थाओं पर भी ध्यान देना होगा। उन्होंने कहा कि ये संस्थाएं भले ही पारंपरिक तीन स्तंभ विधायिका, कार्यपालिका और न्यायपालिका में न आती हों, लेकिन संवैधानिक व्यवस्था बनाए रखने में अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

जस्टिस नागरत्ना की चिंता...

- यह अत्यंत महत्वपूर्ण है कि चुनाव आयोग और कैग जैसी संवैधानिक संस्थाएं स्वतंत्र रूप से कार्य करें और राजनीतिक प्रक्रियाओं से प्रभावित न हों।
- चुनाव प्रक्रिया पर नियंत्रण राजनीतिक प्रतिस्पर्धा की शर्तों को नियंत्रित करने जैसा है। यदि ये प्रक्रिया निष्पक्ष नहीं हो तो लोकतंत्र की नींव कमजोर हो जाएगी।
- संवैधानिक विफलता केवल तब नहीं होती जब अधिकार छीन लिए जाएं, तब भी होती है जब संस्थाएं एक-दूसरे पर अंकुश लगाना बंद कर दें।
- भले ही अदालतें चल रही हों और संसद कानून बना रही हो, लेकिन अगर देश में संस्थागत अनुशासन खत्म हो गया तो सत्ता बेलगाम हो जाती है।

जस्टिस बीवी नागरत्ना वरिष्ठता के आधार पर सितंबर 2027 में भारत की पहली महिला मुख्य न्यायाधीश बनने वाली हैं। उनकी यह टिप्पणी वर्तमान राजनीतिक माहौल में संस्थागत स्वतंत्रता की रक्षा के लिए बहुत महत्वपूर्ण मानी जा रही है।

लंदन में हिंदू ग्रंथ शिक्षापत्री का द्विशताब्दी समारोह

लंदन। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के बोडलियन पुस्तकालय ने विश्व के सबसे महत्वपूर्ण और दुर्लभ हिंदू धर्मग्रंथों में से एक शिक्षापत्री की 200वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में पूरे ब्रिटेन में एक ऐतिहासिक यात्रा की शुरुआत की है। पांडुलिपि की यात्रा इसकी रचना के 200 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में इस वर्ष के प्रारंभ में शुरू हुई। इस पांडुलिपि को स्वामीनारायण पंथ के नेताओं के सहयोग से देश भर के प्रमुख मंदिरों में ले जाया जाएगा ताकि अनुमानित तौर पर 20,000-30,000 लोग इस पवित्र ग्रंथ का दर्शन कर सकें। गुजरात के वडताल में सहजानंद स्वामी-भगवान स्वामीनारायण द्वारा 1826 में रचित शिक्षापत्री नैतिक और आध्यात्मिक जीवन जीने के लिए एक मार्गदर्शक के रूप में काम करती है।

पाकिस्तान का दावा- अफगानिस्तान में टीटीपी के 800 आतंकवादी मारे गए

इस्लामाबाद। पाकिस्तान ने रविवार को दावा किया कि उसके सुरक्षा बलों द्वारा अफगानिस्तान में शुरू किए गए अभियान के दौरान अफगान तालिबान के करीब 800 आतंकवादी मारे गए हैं।

सूचना मंत्री अत्ताउल्ला तरार ने 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' के संबंध में साझा करते हुए तहरीक-ए-तालिबान पाकिस्तान (टीटीपी) और अफगान तालिबान को हुए नुकसान का ब्योरा दिया। टीटीपी को फितना अल ख्वारिज (एफएके) भी कहा जाता है, तरार ने कहा कि अभियान शुरू होने के बाद से फितना अल ख्वारिज और अफगान तालिबान के कम से कम 796 सदस्य मारे गए हैं तथा 1,043 से अधिक लोग घायल हुए हैं।

उन्होंने कहा कि अफगान तालिबान की 286 चौकियां नष्ट कर दी गईं और 44 अन्य चौकियों पर कब्जा कर लिया गया जबकि उनके 249 टैंक, बख्तरबंद वाहन, तोपें और ड्रोन नष्ट कर दिए गए। 'ऑपरेशन गजब लिल-हक' 26 फरवरी की रात शुरू किया गया था। पाकिस्तान का कहना था कि सीमा पार से अफगान तालिबान की ओर से बिना उकसावे के की गई गोलीबारी के बाद यह ऑपरेशन शुरू किया गया।

तरार ने कहा कि सेना ने अफगानिस्तान में 81 आतंकवादियों और उनका समर्थन देने वाले ठिकानों को भी हवाई कार्रवाई के जरिये प्रभावी ढंग से निशाना बनाया।

नेपालः आरएसपी के नेता आर्यल चुने गए संसद अध्यक्ष

काठमांडू। नेपाल में सत्तारूढ़ राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) के नेता डोल प्रसाद आर्यल रविवार को संसद के अध्यक्ष निर्वाचित हुए।

नेपाल के राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने रविवार दोपहर अपने कार्यालय में आयोजित एक विशेष समारोह में संसद के नवनिर्वाचित अध्यक्ष आर्यल को पद और गोपनीयता की शपथ दिलाई। संसद सचिवालय की ओर से जारी एक सूचना के अनुसार, आरएसपी के उपाध्यक्ष आर्यल संघीय संसद के निचले सदन प्रतिनिधि सभा के सदस्यों की बैठक में निर्विरोध चुने गए। आरएसपी के अध्यक्ष एवं सांसद रवि लामिछाने ने आर्यल को अध्यक्ष निर्वाचित किए जाने का प्रस्ताव पेश किया था।

ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए रोजगार का रास्ता आसान करेगी तेलंगाना सरकार

हैदराबाद, एजेंसी

- ड्रोन उड़ाने, होटल प्रबंधन और कार चलाने की दी जाएगी ट्रेनिंग

तेलंगाना सरकार ने एक कौशल विकास कार्यक्रम शुरू किया है, जिसके तहत ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को ड्रोन उड़ाने, होटल प्रबंधन और कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा। सरकार ने शनिवार को इस कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर ट्रांसजेंडर समुदाय के लिए समाज में सम्मान और गरिमा के साथ जीवन जीने के लिए कई पहल करने का दावा किया।

राज्य के दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिक एवं ट्रांसजेंडर सशक्तिकरण मंत्री ए. लक्ष्मण कुमार ने उद्घाटन कार्यक्रम में कहा कि सरकार ने ट्रांसजेंडर समुदाय के सामने लंबे समय से मौजूद सामाजिक और आर्थिक चुनौतियों को गंभीरता से लिया है। सरकार ट्रांसजेंडर व्यक्तियों के लिए शिक्षा, कौशल विकास और रोजगार के अवसरों पर ध्यान केंद्रित कर रही है, जिससे वे आर्थिक आत्मनिर्भरता और आत्मसम्मान हासिल कर सकें। इस कार्यक्रम के तहत 50 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को कार चलाने का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें चालक के रूप में नौकरी पाने और स्वरोजगार के अवसर मिलेंगे। इसके अलावा, यहां 25 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को होटल प्रबंधन और कैंटीन शेफ का प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे उन्हें होटल, रेस्तरां और कैटरिंग संस्थानों में रोजगार मिल सके।

कहा गया है कि 16 ट्रांसजेंडरों को बेगमपेट में ड्रोन पायलट का प्रशिक्षण दिया जाएगा। ड्रोन तकनीक कृषि, सर्वेक्षण और उद्योग जैसे क्षेत्रों में मांग में है। तीनों कार्यक्रमों के तहत कुल 91 ट्रांसजेंडर व्यक्तियों को प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिस पर 17.72 लाख रुपये खर्च होंगे।

ईरान युद्ध लंबा खिंचा तो यूक्रेन को नहीं मिलेगी अमेरिकी मदद

इस्तांबुल। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने चिंता जताई है कि अगर अमेरिका-इजराइल और ईरान के बीच युद्ध लंबा खिंचता है तो इससे यूक्रेन के प्रति अमेरिका का समर्थन और कम हो सकता है, क्योंकि वाशिंगटन की वैश्विक प्राथमिकताएं बदल रही हैं और कीव को बेहद जरूरी पैट्रियट वायु रक्षा मिसाइलों की आपूर्ति घटने की आशंका है।

जेलेंस्की ने शनिवार देर रात इस्तांबुल में एक विशेष साक्षात्कार में कहा कि यूक्रेन को रूस के रोजाना हमलों का मुकाबला करने के लिए अमेरिका निर्मित पैट्रियट वायु रक्षा प्रणाली की सख्त जरूरत है। चार साल से अधिक समय पहले शुरू हुए रूस के आक्रमण के बाद से शहरी इलाकों पर लगातार हमलों में हजारों नागरिक मारे गए हैं। रूस ने यूक्रेन की ऊर्जा आपूर्ति को भी निशाना बनाया है, ताकि वहां ड्रोन और मिसाइलों के उत्पादन को बाधित किया जा सके और सर्दियों में लोगों को बिजली व पानी जैसी बुनियादी सुविधाओं से वंचित किया जा सके।

छत्तीसगढ़ में 4.4 तीव्रता के भूकंप के झटके, नुकसान नहीं

जगदलपुर/रायपुर। छत्तीसगढ के बस्तर संभाग मुख्यालय जगदलपुर में शनिवार देर रात भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। देर रात 11:32 बजे आए भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 4.4 मापी गई है और इसकी गहराई लगभग पांच किलोमीटर बताई जा रही है।

भूकंप का केंद्र ओडिशा के कोरापुट क्षेत्र में रात 11:31 बजे दर्ज किया गया, जिसके असर से छत्तीसगढ़ के दक्षिणी हिस्सों सहित जगदलपुर और आसपास के क्षेत्रों में हल्के झटके महसूस किए गए। अंतरराष्ट्रीय भूकंपीय आंकड़ों के अनुसार हाल के समय में दक्षिण एशिया क्षेत्र में हल्की से मध्यम तीव्रता के भूकंप दर्ज किए जा रहे हैं।

एक रिपोर्ट में नेपाल क्षेत्र के पास भी भूकंपीय गतिविधि दर्ज की गई, जिसमें झटकों का केंद्र काकीनाडा से 179 किमी उत्तर, राजमुंद्री से 192 किमी उत्तर-उत्तरपूर्व, ब्रह्मपुर से 249 किमी पश्चिम-दक्षिणपश्चिम तथा रायपुर से लगभग 313 किमी दक्षिण-दक्षिणपूर्व दिशा में बताया गया। इससे संकेत मिलता है कि भारतीय प्लेट और आसपास के क्षेत्रों में भूगर्भीय हलचल बनी हुई है।

बड़ी कामयाबी — आईआईटी गुवाहाटी ने विकसित की तकनीक, निर्माण कार्यों में विश्वस्तर पर हो रहा इस्तेमाल

भूकंपरोधी दीवारों के निर्माण के लिए 3डी तकनीक विकसित

नई दिल्ली, एजेंसी

आईआईटी गुवाहाटी के अनुसंधानकर्ताओं ने 3डी-प्रिंटर मशीन के जरिए भूकंप रोधी कंक्रीट की दीवार बनाने की तकनीक विकसित की है। श्रम और सामग्री की आवश्यकता को समाप्त करके अधिक जटिल आकृतियों वाली संरचनाएं बनाने में सक्षम करने वाली 3डी प्रिंटिंग को निर्माण कार्य में विश्व स्तर पर अपनाया जा रहा है।

दुनिया भर में '3डी प्रिंटर' मशीन से तैयार इमारतों के निर्माण में कुछ महत्वपूर्ण प्रगति हुई है, लेकिन भूकंप संभावित क्षेत्रों में इनका व्यापक उपयोग नहीं हो पाया है। यांत्रिक अभियांत्रिकी विभाग के सहायक प्रोफेसर बिरंची पांडा के अनुसार, इसका एक कारण यह है कि पूरी तरह 3डी प्रिंटर के जरिए बनाई गई कंक्रीट की दीवारों के भूकंप के कई झटकों के दौरान प्रदर्शन के बारे में सीमित ज्ञान और समझ है। पांडा ने कहा, वर्तमान में 3डी प्रिंटर के जरिए दीवारों के बीच स्टील डालने के लिए कोई मानक प्रक्रिया नहीं है जो मौजूदा भवन संहिता के अनुरूप हो। इस कमी को दूर करने के लिए हमने भूकंपीय बल की दशा में 3डी प्रिंटर से तैयार सामग्री से बनी तीन पूर्ण आकार की दीवारों का निर्माण करके उसका परीक्षण किया। यह शोध जर्नल ऑफ बिल्डिंग इंजीनियरिंग में प्रकाशित हुआ है।

कंप्यूटर सिमुलेशन के जरिए किया परीक्षण

3डीपीसी-सीएफ और 3डीपीसी-सीएफआर दीवारों की मजबूती और वास्तविक दुनिया में इनकी उपयोगिता का परीक्षण करने के लिए शोध दल ने बार-बार झटका या बल उत्पन्न करके 'कंप्यूटर सिमुलेशन' के समर्थन से उनके व्यवहार का बड़े पैमाने पर परीक्षण किया। परिणामों से पुष्टि हुई कि विशेष लचकदार कंक्रीट का उपयोग करके 3डी-प्रिंटर से बनी दीवारों में स्टील सुदृढ़ीकरण को शामिल करने से उनकी भूकंप प्रतिरोधकता में उल्लेखनीय सुधार हुआ जो इन्हें सुरक्षित और संरचनात्मक रूप से विश्वसनीय विनिर्माण प्रथाओं के विकास के लिए उपयुक्त बनाता है।

कैसा रहेगा आपका आज का दिन

मेष — आज कार्यस्थल पर जिम्मेदारियां बढ़ेंगी। कोई भी कदम सोच-समझकर उठाएं। धन लाभ के प्रबल योग हैं।

तुला — आज चंद्र प्रभाव सकारात्मक रहेगा। संवाद और सौहार्द बढ़ेगा। अनुकूल अवसर प्राप्त होंगे।

वृष — आज परिवार में सौहार्द रहेगा। निवेश या संपत्ति के मामलों पर सोच-विचार करना लाभदायक रहेगा।

वृश्चिक — आज आपकी निर्णय क्षमता उत्कृष्ट रहेगी। बनाई गईं योजनाएं सफल होंगी। व्यापार में नए अवसर प्राप्त होंगे।

मिथुन — आज व्यवसायियों को काफी ज्यादा मेहनत करनी पड़ेगी। संचार कार्यों में सफलता मिलेगी। दोस्तों से सहायता प्राप्त होगी।

धनु — आज की गई यात्रा शुभ रहेगी। शिक्षा-धार्मिक कार्यों में प्रगति होगी। सामाजिक मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।

कर्क — आज भावनात्मक संतुलन आवश्यक है। घर-परिवार में समय बिताएं। स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान रखें।

मकर — आज आपके करियर में स्थिरता रहेगी। वरिष्ठों का भरपूर समर्थन मिलेगा। लाभ की संभावनाएं मजबूत होंगी।

सिंह — आज आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी। प्रतिष्ठा और मान-सम्मान मिलेगी। अनावश्यक खर्चों पर नियंत्रण रखें।

कुंभ — आज का दिन अत्यधिक व्यस्तता में व्यतीत होगा। रणनीति और बुद्धिमत्ता से कार्य सिद्ध होंगे। सामाजिक प्रगति के योग हैं।

कन्या — आज व्यापार और कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान मिलेगा। निर्णय स्पष्ट और स्थिर होंगे। छोटी दूरी की यात्रा होने के योग बन रहे हैं।

मीन — आज नए आरंभ और रचनात्मक कार्य शुभ रहेगा। धनलाभ की स्थितियां बनेंगी। परिवार में सुख-शांति का वातावरण रहेगा।

आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय

आज की ग्रह स्थिति : 6 अप्रैल, सोमवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, चतुर्थी 14.10 तक तत्पश्चात पंचमी।

दिशाशूल- पूर्व, **ऋतु**- वसंत।
चन्द्रबल- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
ताराबल-अश्विनी, कृत्तिका, मृगशिरा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, मघा, उत्तरा फाल्गुनी, चित्रा, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, उत्तराषाढ़ा, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-अनुराधा 7 अप्रैल 02.57 तक तत्पश्चात ज्येष्ठा।

सुडोकू - 110 का हल

9	2	1	5	3	7	4	8	6
3	8	7	6	9	4	2	1	5
4	6	5	2	1	8	7	3	9
7	4	8	9	6	3	1	5	2
1	5	3	7	8	2	9	6	4
2	9	6	1	4	5	3	7	8
8	7	4	3	2	6	5	9	1
5	1	2	8	7	9	6	4	3
6	3	9	4	5	1	8	2	7

सुडोकू -111

8			1				2	
7		4		2		1		6
		6			3		9	
	2	1		4		5		
		7		8		6	4	
	7		5			8		
5		3		1				7
	6				9			4

राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। उन्होंने आखिरी पलों में जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को 20वां ओवर सौंपा।
–इरफान पठान

स्टेडियम

कानपुर, सोमवार, 6 अप्रैल 2026

अमृत विचार

www.amritvichar.com

IPL 2026

आज के मुकाबले

कोलकाता नाइट राइडर्स
बनाम
पंजाब किंग्स

समय - शाम 7:30 बजे

शमी की करिश्माई गेंदबाजी के बाद पंत के अर्धशतक से लखनऊ जीता

आईपीएल-2026 : सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से शिकस्त दी

हैदराबाद, एजेंसी

मोहम्मद शमी (चार ओवर में नौ रन पर दो विकेट) की करिश्माई गेंदबाजी के बाद कप्तान ऋषभ पंत (50 गेंदों में नाबाद 68 रन) की जिम्मेदारी से की गई बल्लेबाजी के बूते लखनऊ सुपर जाएंट्स (एलएसजी) ने आईपीएल टी20 मैच में रविवार को यहां सनराइजर्स हैदराबाद को पांच विकेट से शिकस्त दी।

शमी ने मैच की शुरुआत में ही अभिषेक शर्मा (शून्य) और ट्रेविस हेड (सात) की खतरनाक सलामी जोड़ी को आउट कर सनराइजर्स को बैकफुट पर धकेल दिया। उन्होंने शानदार लाइन-लेंथ से गेंदबाजी कर सनराइजर्स के बल्लेबाजों के साथ उन्हें नजरअंदाज करने वाले राष्ट्रीय चयनकर्ताओं से भी सवाल किया। सनराइजर्स को नौ विकेट पर 156 रन पर रोकने के बाद सुपर जायंट्स ने एडेन मारक्रम के 27 गेंदों में 46 और पंत की नाबाद पारी से एक गेंद शेष रहते लक्ष्य हासिल कर जीत का खाता खोला।

लक्ष्य का पीछा अंतिम ओवर में थोड़ा चुनौतीपूर्ण हो गया, जब जीत के लिए नौ रन की जरूरत थी। लेकिन कप्तान ऋषभ पंत ने जयदेव उनादकट पर दो लगातार चौके जड़कर मैच को शानदार अंदाज में समाप्त किया। पंत ने दूसरी गेंद पर टेनिस की तरह फोरहैंड स्टाइल में शॉट मारा, जबकि मिड-ऑफ के ऊपर से चौके के साथ उन्होंने मैच को खत्म किया। हर्ष दुबे और शिवांग कुमार की शानदार स्पिन गेंदबाजी के सामने पंत ने धीमी पिच पर अपने शॉट्स का चयन बेहद समझदारी से करते हुए नौ चौके लगाए। शमी की चुनौती से निपटने के बाद हेनरिच क्लासेन और नीतिश कुमार रेड्डी की आक्रामक शतकीय साझेदारी की बदौलत सनराइजर्स हैदराबाद (एसआरएच) ने चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। पैंतीस साल के शमी के स्पैल के दौरान कप्तान इशान किशन (एक) प्रिंस यादव का शिकार बनकर सस्ते में पवेलियन लौटे। आक्रामक बल्लेबाज लियाम लिविंगस्टोन भी लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत की शानदार विकेटकीपिंग का शिकार बने। शुरुआती 10 ओवर में 35 रन पर चार विकेट गंवाकर संघर्ष कर रही हैदराबाद टीम के लिए क्लासेन (62 रन) और रेड्डी (56 रन) ने आक्रमण ही सर्वश्रेष्ठ बचाव की रणनीति पर अमल किया। दोनों बल्लेबाजों ने पांचवें विकेट के लिए 116 रन की साझेदारी के दौरान सात छक्के जड़े।

अर्धशतकीय पारी के दौरान शॉट लगाते लखनऊ सुपर जाएंट्स के कप्तान ऋषभ पंत। एजेंसी

मैं बल्ले से जवाब देना जारी रखूंगा : पंत

हैदराबाद। टी20 बल्लेबाजी शैली को लेकर हो रही आलोचनाओं के बीच, कप्तान ऋषभ पंत ने स्पष्ट किया कि उनके लिए ड्रेसिंग रूम के अंदर की बातचीत सबसे अधिक मायने रखती है। उन्होंने कहामैं जानता हूं कि मैं अच्छी तैयारी कर रहा हूं। मैं चाहता हूं कि मेरा बल्ला ही बोले। मेरे साथी और टीम प्रबंधन मेरी मेहनत देखते हैं, वही मायने रखता है।

अपने कौशल पर काम किया : शमी

हैदराबाद। तेज गेंदबाजी के अगुआ मोहम्मद शमी ने कहा कि घरेलू क्रिकेट के जरिए मैच के लिए तैयार रहना और अपने कौशल को निखारते हुए बेहतरीन फिटनेस बनाए रखना, उनके शानदार प्रदर्शन में अहम रहा। उन्होंने कहा अगर आप खेलना चाहते हैं तो खेल के साथ तालमेल बनाये रखना जरूरी है। आप फिट हैं, तभी कौशल पर काम कर सकते हैं।

सनराइजर्स हैदराबाद

156/9 (20 ओवर)

ट्रेविस हेड का मारक्रम बो शमी	07
अभिषेक शर्मा का सिद्धार्थ बो शमी	00
इशान किशन बो प्रिंस	01
लियाम लिविंगस्टोन का पंत बो राठी	
हेनरिच क्लासेन का पंत बो आवेश	62
नीतिश कुमार रेड्डी का प्रिंस बो सिद्धार्थ	56
अनिकेत वर्मा नाबाद	02
हर्ष दुबे बो आवेश	00
शिवांग कुमार बो प्रिंस	05
हर्षल पटेल रन आउट पंत	04

अतिरिक्त : 05, **गेंदबाजी** : शमी 4-0-9-2, राठी 4-0-46-1, प्रिंस 4-0-34-2, सिद्धार्थ 4-0-29-1, आवेश 4-0-36-2

लखनऊ सुपर जाएंट्स

160/5 (19.5 ओवर)

एडेन मारक्रम का लिविंगस्टोन बो शिवांग	45
मिचेल मार्श का रेड्डी बो मलिंगा	14
ऋषभ पंत नाबाद	68
आयुष बडोनी स्टंप किशन बो हर्ष	12
निकोलस पूरन रन आउट	01
अब्दुल समद का लिविंगस्टोन बो दुबे	16
मुकुल चौधरी नाबाद	02

अतिरिक्त : 02, **गेंदबाजी** : हर्ष 4-0-18-2, रेड्डी 1-0-14-0, उनादकट 3.5-0-50-0, मलिंगा 4-0-30-1, हर्षल 3-0-16-0, शिवांग 4-0-30-1

अंक तालिका

	टीम	मैच	जीते	हारे	टाई	अंक	नेट रन रेट
1.	राजस्थान रॉयल्स	2	2	0	0	4	4.171
2.	दिल्ली कैपिटल्स	2	2	0	0	4	1.170
3.	पंजाब किंग्स	2	2	0	0	4	0.637
4.	रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु	1	1	0	0	2	2.907
5.	सनराइज़र्स हैदराबाद	3	1	2	0	2	0.275
6.	मुंबई इंडियंस	2	1	1	0	2	-0.206
7.	लखनऊ सुपर जाएंट्स	2	1	1	0	2	-0.542
8.	गुजरात टाइटंस	2	0	2	0	0	-0.424
9.	कोलकाता नाइट राइडर्स	2	0	2	0	0	-1.964
10.	चेन्नई सुपर किंग्स	2	0	2	0	0	-2.562

ऑरेंज कैप

समीर रिजवी
दिल्ली 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद 145 रन
रोहित शर्मा
मुंबई 113 रन

पर्पल कैप

रवि विश्नोई
राजस्थान 5 विकेट
विजयकुमार वैशाक
पंजाब 5 विकेट
टी नटराजन
दिल्ली 4 विकेट

हाईलाइट

ग्रीन जल्द ही गेंदबाजी करते दिखेंगे : साउदी

कोलकाता। कोलकाता नाइट राइडर्स के गेंदबाजी कोच टिम साउदी ने रविवार को कहा कि आईपीएल के सबसे मंहगे विदेश खिलाड़ी कैमरन ग्रीन ने नेट में गेंदबाजी करना फिर से शुरू कर दिया है और वह जल्द ही मैच में गेंदबाजी करते दिखेंगे। ऑस्ट्रेलिया के ऑलराउंडर ग्रीन को 25.20 करोड़ रुपये में खरीदा गया था लेकिन उन्होंने इस सत्र में अब तक गेंदबाजी नहीं की है क्योंकि क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) उनकी पीठ की सर्जरी के बाद उनके कार्यभार पर नजर रख रहा है। साउदी ने केकेआर के पंजाब किंग्स के खिलाफ मैच की पूर्व संध्या पर कहा, हां, ग्रीन अच्छी गेंदबाजी कर रहे हैं और अपने उबरने पर काम कर रहे हैं।

जीत से रियान पराग का बढ़ेगा आत्मविश्वास

अहमदाबाद। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान का मानना है कि राजस्थान रॉयल्स की गुजरात टाइटंस पर रोमांचक जीत के दौरान डेथ ओवरों में रियान पराग के साहसिक फैसलों से नेतृत्वकर्ता के तौर पर उनका आत्मविश्वास काफी बढ़ेगा। मौजूदा सत्र में रॉयल्स की कप्तानी संभालने वाले पराग ने आखिरी पलों में एक अहम रणनीति फैसला करते हुए जोफ्रा आर्चर को 19वां और तुषार देशपांडे को आखिरी ओवर सौंपा। उन्होंने कहा यह सत्र का सबसे अच्छा मैच था।

लगातार 150 की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं वैशाख

कोलकाता, एजेंसी

पंजाब किंग्स के तेज गेंदबाज विजयकुमार वैशाख इंडियन आईपीएल में अपनी गेंदबाजी में विविधता लाने के साथ लगातार 150 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी करना चाहते हैं। दो मैच में पांच विकेट लेकर वैशाख ने पिछले सत्र के पांच मैच में लिए गए चार विकेट के मुकाबले इस सत्र में कहीं ज्यादा बेहतर प्रदर्शन किया है।

उन्होंने 2023 में रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के साथ अपने आईपीएल सफर की शुरुआत की थी जिसके बाद वह पंजाब किंग्स में शामिल हो गए। कर्नाटक के रहने वाले 29 वर्षीय वैशाख ने इस सत्र में अपनी 'वाइड यॉर्कर' और 'स्लो बाउंसर्स' से सभी को प्रभावित किया है। चेन्नई में सीएसके के खिलाफ पिछले मैच में उन्होंने शानदार फॉर्म में चल रहे आयुष म्हात्रे और सरफराज खान को आउट करके विपक्षी टीम को पांच विकेट पर 209 रन पर रोक दिया था जिसे उनकी टीम ने आसानी से हासिल कर लिया। पंजाब किंग्स वैशाख का इस्तेमाल मैच के तीन चरणों में कर रही है और यह तेज गेंदबाज इस चुनौती का भरपूर आनंद ले रहा है। आज के दौर में जब हर चीज का वीडियो विश्लेषण उपलब्ध है तो वैशाख का मानना है कि अपनी गेंदबाजी के कौशल में लगातार सुधार करते रहने के अलावा सफलता पाने का कोई और रास्ता नहीं है। उन्होंने सोमवार को यहां कोलकाता नाइट राइडर्स के खिलाफ होने वाले मैच से पहले कहा मैं उतनी तेज गेंदबाजी नहीं करता हूं जितनी तेज गेंदबाजी अन्य कर रहे हैं।

पंजाब के खिलाफ जीत का खाता खोलने उतरेंगे नाइट राइडर्स

कोलकाता, एजेंसी

मुश्किलों में घिरी कोलकाता नाइट राइडर्स की टीम सोमवार को यहां फॉर्म में चल रहे पंजाब किंग्स के खिलाफ जब मैदान पर उतरेगी तो उसकी नजरें जीत के साथ मौजूदा इंडियन प्रीमियर लीग सत्र में अपने अंकों का खाता खोलने पर टिकी होंगी। तीन बार की चैंपियन टीम अपने शुरुआती संघर्ष के लिए शीर्ष तेज गेंदबाजों पेसर मुस्ताफिजुर रहमान, हर्षित राणा, आकाश दीप और मथीशा पथिराना की गैरमौजूदगी को जिम्मेदार ठहरा सकती है लेकिन बड़ा मुद्दा टीम की गलत रणनीति है जिसके कारण टीम ने अब तक अपने दोनों मैच गंवाए हैं। टीम को 2024 में उसे खिताब दिलाने वाले श्रेयस अय्यर को रिटेन (अपने साथ बरकरार रखना) नहीं करने का भी खामियाजा भुगतना पड़ रहा है।

अय्यर ने 2025 में अपनी अगुआई में पंजाब किंग्स को फाइनल में पहुंचाकर खुद को साबित किया है और तीन अलग-अलग फ्रेंचाइजी - दिल्ली कैपिटल्स (2020), नाइट राइडर्स (चैंपियन 2024) और पंजाब किंग्स (2025) - को फाइनल तक पहुंचाने वाले पहले कप्तान बने।

टीम

कोलकाता नाइट राइडर्स : अजिंक्य रहाणे (कप्तान), रिंकू सिंह, फिन एलेन, तेजस्वी दहिया, मनीष पांडे, रोवमैन पावेल, अंगकृष रघुवंशी, रमनदीप सिंह, सार्थक रंजन, टिम सीफर्ट, राहुल त्रिपाठी, दक्ष कामरा, कैमरन ग्रीन, सुनील नारायण, रचिन रविंद्र, वरुण चक्रवर्ती, अनुकूल रॉय, वैभव अरोड़ा, सौरभ दुबे, कार्तिक त्यागी, ब्लेसिंग मुजरबानी, नवदीप सैनी, प्रशांत सोलंकी और उमरान मलिक।

पंजाब किंग्स : श्रेयस अय्यर (कप्तान), प्रियांश आर्य, हरनूर सिंह, मिचेल ओवेन, विष्णु विनोद, निहाल वढेरा, अजमतुल्लाह उमरजई, मार्को यानसेन, मार्कस स्टोइनिस, अर्शदीप सिंह, जेवियर बार्टलेट, युजवेंद्र चहल, लॉकी फर्ग्युसन, हरप्रीत बरार, विजयकुमार वैशाख, यश ठाकुर, कूपर कोनोली, बेन ड्वारशुइस, मुशीर खान, प्रवीण दुबे, विशाल निषाद, सूर्यांश शेडगे, प्रभसिमरन सिंह, पायला अविनाश और शशांक सिंह।

मैच पर बारिश का साया : मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के बुलेटिन के अनुसार मैच के दौरान बारिश की काफी संभावना है। बारिश के कारण मुकाबला बाधित या रद्द होने या कम ओवरों में होने की आशंका है। केकेआर का अगला घरेलू मुकाबला लखनऊ सुपर जायंट्स के खिलाफ बृहस्पतिवार को है और इस मैच पर भी बारिश का खतरा है। आईएमडी के अनुसार रविवार सुबह से लगातार बादल छाए हुए हैं और राज्य में रविवार से बृहस्पतिवार तक बारिश और तूफान के दौर चल सकते हैं जिनमें ओले और बिजली गिरने की संभावना है। बारिश की तीव्रता व क्षेत्रीय प्रभाव मंगलवार और बुधवार को चरम पर पहुंचने की संभावना है।

आरसीबी ने बनाया 250 रनों का विशाल स्कोर

विस्फोटक पारी के दौरान शॉट लगाते टिम डेविड।

बेंगलुरु, एजेंसी

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) ने टिम डेविड (नाबाद 70), देवदत्त पडीक्कल (50 रन) के अर्धशतकों के साथ कप्तान रजत पाटीदार की नाबाद 48 रन की पारी से रविवार को यहां इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के टी20 मैच में चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ तीन विकेट पर 250 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। पडिक्कल (29 गेंद, पांच चौके, दो छक्के) और डेविड (25 गेंद, तीन चौके, आठ छक्के) ने धमाकेदार हिटिंग का प्रदर्शन करते हुए सीएसके के बेबस गेंदबाजों की जमकर धुनाई की। कप्तान पाटीदार ने 19 गेंदों में नाबाद 48 रन बनाए जिसमें एक चौका और छह छक्के जड़े थे। रनों की बारिश की शुरुआत पडीक्कल ने की जिन्होंने दो अहम साझेदारियां निभाईं। उन्होंने दूसरी विकेट के लिए फिल सॉल्ट (46 रन) के साथ 37 गेंद में 56 रन (37 गेंद) की और तीसरी विकेट के लिए कप्तान पाटीदार के साथ 21 गेंद में 58 रन की भागीदारी की।

- **डेविड, पाटीदार और पडीक्कल ने किया धमाल**

चैलेंजर्स बेंगलुरु

250/3 (20 ओवर)

फिल सॉल्ट का नूर अहमद बो दुबे	46
विराट कोहली का दुबे बो कंबोज	28
देवदत्त पडीक्कल बो ओवरटन	50
रजत पाटीदार नाबाद	48
टिम डेविड नाबाद	70

अतिरिक्त : 08, गेंदबाजी : खलील 4-0-37-0, हेनरी 3-0-36-0, कंबोज 4-0-52-1, नूर अहमद 4-0-49-0, ओवरटन 3-0-42-1, दुबे 2-0-30-1

चिन्नास्वामी की पिच पर थोड़ी धीमी थी जिस पर बल्लेबाजी का न्योता मिलने के बाद आरसीबी के लिए ये साझेदारियां बहुत अहम रहीं। दूसरी विकेट की साझेदारी के दौरान सॉल्ट ज्यादा हावी रहे और इस भागीदारी से टीम को विराट कोहली (28 रन) के जल्दी आउट होने के झटके से उबरने में मदद की। कोहली जब सात रन के स्कोर पर थे तब शिवम दुबे ने खलील अहमद की गेंद पर उनका कैच छोड़ दिया था। सॉल्ट की तेज पारी से घरेलू टीम को पावरप्ले में एक विकेट पर 51 रन तक पहुंचाने में मदद की। लेकिन सॉल्ट ज्यादा देर तक टिक नहीं पाए, उन्होंने दुबे की गेंद पर डीप में अहमद को एक आसान सा कैच थमा दिया। पडीक्कल इस समय तक 18 रन पर थे, उन्होंने दुबे की गेंद पर दो छक्के और एक चौका जड़ा। इसके साथ ही आरसीबी का रन रेट इस पारी में पहली बार 10 रन प्रति ओवर के आंकड़े को पार कर गया। उन्होंने मैट हेनरी की गेंद पर एक रन लेकर इस सत्र में अपना लगातार दूसरा अर्धशतक पूरा किया। लेकिन फिर वह जेमी ओवरटन की गेंद पर 'रिवर्स स्कूप' खेलने की कोशिश में बोल्ड हो गए। लेकिन तब तक आरसीबी ने 11 से 15 ओवरों के बीच 62 रन बना लिए थे। पाटीदार ने डेविड के साथ मिलकर नींव को और मजबूत किया। आरसीबी का स्कोर 15 ओवरों के बाद तीन विकेट पर 153 रन था। इसके बाद टीम ने आखिरी पांच ओवरों में 97 रन और जोड़े। आखिरी ओवरों में की गई खराब गेंदबाजी का भी फायदा उठाया।

ग्रेनाडा विश्व कप

पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे

भारतीय निशानेबाज अपनी छाप छोड़ने को तैयार

ग्रेनाडा (स्पेन), एजेंसी

भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाज सोमवार से यहां होने वाले सत्र के शुरुआती आईएसएसएफ विश्व कप में पिछले साल के अपने दबदबे वाले प्रदर्शन को जारी रखने के संकल्प के साथ उतरेंगे। भारतीय पिस्टल और राइफल निशानेबाजों के लिए विश्व कप का पिछला सत्र शानदार रहा था, जहां उन्होंने लगभग हर प्रतियोगिता में दमदार प्रदर्शन करते हुए नए मानदंड स्थापित किए।

मोरक्को में आयोजित शॉटगन विश्व कप में निराशाजनक शुरुआत के बाद भारतीय निशानेबाजों का सारा ध्यान पिस्टल और राइफल स्पर्धाओं पर केंद्रित है। भारत का पिस्टल और राइफल से जुड़ी स्पर्धाओं में पारंपरिक रूप से



उत्कृष्ट प्रदर्शन रहा है।

टीम नए सिरे से जीत की मानसिकता के साथ प्रतिस्पर्धा करने के लिए उत्सुक होगी, जिसे ओलंपियन रिदम सांगवान, अंजुम मौदगिल और मेहुली घोष सहित देश के कुछ बेहतरीन निशानेबाजों की उपस्थिति से बल मिलेगा। टीम को हालांकि दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर और विश्व चैंपियन सम्राट राणा के अनुभव की कमी खलेगी, क्योंकि वे दल का हिस्सा नहीं हैं। राष्ट्रीय महासंघ की रोटेशन नीति के तहत राष्ट्रीय टीम के सभी सदस्यों को हुनर दिखाने का मौका सुनिश्चित करने के लिए अनुभवी पिस्टल निशानेबाज भाकर, सुरुचि इंदर सिंह और सम्राट राणा सहित अन्य खिलाड़ी मई में म्यूनिख में होने वाले पिस्टल और राइफल विश्व कप में भाग लेंगे। सत्र के शुरुआती विश्व कप में भाग लेने वाली टीम में हालांकि सितारों की कोई कमी नहीं है। इनमें पिस्टल निशानेबाज संगवान पिछले दो वर्षों में विश्व कप में पदक से चूकने के सिलसिले को पीछे छोड़ने के साथ एशियाई खेलों में चयन के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करने के उद्देश्य से पोडियम पर जगह बनाने के लिए उत्सुक होंगी। अनुभवी राइफल निशानेबाज अंजुम और मेहुली भी पिछले निराशाजनक प्रदर्शन के बाद नए सत्र में उतर रही हैं और इस महत्वपूर्ण वर्ष में एक मजबूत छाप छोड़ने के लिए उत्सुक होंगी। इसी तरह, 32 वर्षीय अनुभवी खिलाड़ी और महिलाओं की 50 मीटर राइफल थ्री-पोजिशन स्पर्धा की विशेषज्ञ अंजुम निराशाजनक सत्र के बाद अपनी सर्वश्रेष्ठ फॉर्म को फिर से हासिल करने के लिए उत्सुक होंगी। इस साल की शुरुआत में दिल्ली में आयोजित एशियाई चैंपियनशिप में उनका कांस्य पदक उन्हें विश्व कप से पहले आवश्यक प्रोत्साहन प्रदान कर सकता है।

टीम का सबसे उत्साहजनक पहलू लगभग तीन साल बाद मूक एवं बधिर 10 मीटर एयर राइफल निशानेबाज धनुष श्रीकांत की विश्व कप टीम में वापसी है। श्रीकांत पिछली बार बाकू में आयोजित 2022 विश्व कप में खेले थे और तब से शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं।

भारतीय दल

पुरुष : 10 मीटर एयर राइफल : गजानन खंडागले, अर्शदीप सिंह, धनुष श्रीकांत। 50 मीटर राइफल थ्री-पी : नीरज कुमार, अखिल श्योराण, चैन सिंह। 10 मीटर एयर पिस्टल : मुकेश नेलवल्ली, उज्जवल मलिक, प्रमोद। 25 मीटर रैपिडफायर : विजयवीर सिद्धू, नीरज कुमार, अंकुर गोयल। **महिला :** 10 मीटर एयर राइफल : सोनम मास्कर, श्रुति, मेहुली घोष। 50 मीटर राइफल 3-पी : आयुषी पोद्दार, अंजुम मौदगिल, सुरभि रापोल। 10 मीटर एयर पिस्टल : पलक, सैन्यम, मीनू पाठक। 25 मीटर पिस्टल : रिदम सांगवान, सिमरनप्रीत कौर बराड़, दिव्या टीएस। मिश्रित टीम : एयर राइफल : गजानन खंडागले / सोनम मास्कर, अर्शदीप सिंह / श्रुति।

ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में बार्सीलोना ने मैड्रिड को हराया

मैड्रिड, एजेंसी

बार्सीलोना ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए शनिवार को यहां ला लीगा फुटबॉल टूर्नामेंट में 10 खिलाड़ियों के साथ खेल रहे एटलेटिको मैड्रिड को 2-1 से हराकर खिताब जीतने की ओर मजबूत कदम बढ़ाए। मालोर्का में रीयाल मैड्रिड की 1-2 की हार ने बार्सीलोना की स्थिति और मजबूत कर दी।

बार्सीलोना और एटलेटिको की टीम अब चैंपियन्स लीग के क्वार्टर फाइनल में भी दो बार भिड़ेंगी। बार्सीलोना की ओर से रॉबर्ट लेवानदोवस्की ने 87वें मिनट में विजयी गोल दागा। बार्सीलोना की यह सभी प्रतियोगिताओं में पिछले नौ मैच में आठवीं जीत है और टीम ने ला लीगा तालिका के शीर्ष पर



रीयाल मैड्रिड पर सात अंक की बढ़त बना ली है। बार्सीलोना के 30 मैच में 76 जबकि दूसरे स्थान पर चल रहे मैड्रिड के इतने ही मैच में 69 अंक हैं।

एटलेटिको की टीम 30 मैच में 57 अंक के साथ दूसरे स्थान पर है। अन्य मुकाबलों में रीयाल सोसीदाद ने लेवांते को 2-0 से हराया जबकि रीयाल बेटिस ने एस्पानयोल से गोल रहित ड्रॉ खेला।

साउथम्पटन ने आर्सेनल, मैनचेस्टर सिटी ने लीवरपूल को हराया

लंदन। दूसरे टियर की टीम साउथम्पटन ने शनिवार को यहां एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रीमियर लीग में शीर्ष पर चल रहे आर्सेनल को 1-2 से हरा दिया जबकि मैनचेस्टर सिटी ने एर्लिंग हैलेंड की हैट्रिक से लीवरपूल को 4-0 से शिकस्त दी।